✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



पटना में ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करते सीएम सम्राट चौधरी

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 37 ✴ अंक : 118 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, बुधवार, 23 सितम्बर 2026 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com

# एनटीपीसी : बिजली की रोशनी से ज्ञान के उजाले तक

☐ पूर्वी क्षेत्र-1 की परियोजनाओं के विद्यालयों में 9,429 विद्यार्थी ☐ 8000 से अधिक गांवों की प्रतिभाओं को शिक्षा, अवसर और मार्गदर्शन से मिल रही नई उड़ान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिजलीघर की ऊंची चिमनियों से उठती भाप और गांव की पगडंडी पर स्कूल जाते बच्चों के बीच पहली नजर में कोई रिश्ता दिखाई नहीं देता। एक तरफ मशीनों की दुनिया है, दूसरी तरफ सपनों की। लेकिन थोड़ा ठहरकर देखें तो दोनों के केंद्र में एक ही चीज नजर आती है-ऊर्ज़ा। फर्क सिर्फ इतना है कि बिजलीघर की ऊर्ज़ा तारों के रास्ते घरों तक पहुंचती है जबकि शिक्षा की ऊर्ज़ा पीढ़ियों के रास्ते भविष्य तक। बिहार और पश्चिम बंगाल में एनटीपीसी की पावर प्लांट्स के आसपास इसी दूसरी ऊर्ज़ा की एक शांत लेकिन महत्वपूर्ण कहानी आकार ले रही है। उन गांवों के बच्चों के लिए जिनके लिए कभी बड़े शहर, आईआईटी और नीट जैसी परीक्षाएं किसी दूर की दुनिया के नाम थे, अब वही नाम संभावनाओं का हिस्सा बन रहे हैं। किसी की आंखों में इंजीनियर बनने का सपना है, किसी में डॉक्टर बनने की चाहत। कोई वैज्ञानिक या प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी कर रहा है तो कोई खेल के मैदान में अपनी पहचान बनाने की। पूर्वी क्षेत्र-1 की एनटीपीसी परियोजनाओं-बाढ़, नबीनगर, कहलगांव, कांटी, फरक्का और बीआरबीसीएल से जुड़े आवासीय परिसरों के विद्यालयों में आज कुल 9,429 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें लगभग 8,000 विद्यार्थी यानी 85 प्रतिशत से अधिक परियोजना-प्रभावित गांवों और आसपास के ग्रामीण समुदायों से आते हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं। इनके पीछे हजारों परिवारों की बदलती आकांक्षाएं हैं। एक ऐसी पीढ़ी, जिसके लिए गांव अब सपनों की सीमा









नहीं बल्कि उनकी शुरुआत बनता दिखाई दे रहा है।

### स्कूल की कक्षा से बड़ा है इसका संसार

जिस तरह बिजलीघर में कोयला और पानी एक लंबी प्रक्रिया से गुजरकर ऊर्ज़ा में बदलते हैं उसी तरह प्रतिभा भी सही शिक्षा, अवसर और मार्गदर्शन पाकर अपनी क्षमता में बदलती है। फर्क इतना है कि बिजली की ऊर्ज़ा मशीनों को गति देती है जबकि शिक्षा की ऊर्ज़ा मनुष्य और समाज की दिशा बदल सकती है। एनटीपीसी के आवासीय परिसरों के विद्यालय इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए अधिकारी और कर्मचारी इन परियोजनाओं में काम करते हैं। इनमें अनेक इंजीनियर और पेशेवर आईआईटी, एनआईटी तथा अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से शिक्षित हैं। उनके बच्चे भी इन्हीं विद्यालयों में पढ़ते हैं। इसलिए यहां की कक्षा सिर्फ पाठ्य पुस्तकों से नहीं बनती। बिहार के किसी गांव से आया बच्चा देश के किसी दूसरे हिस्से से आए बच्चे के साथ पढ़ता है। अलग-अलग भाषाएं, त्योहार, संस्कृतियां और जीवन-अनुभव एक ही परिसर में मिलते हैं। स्थानीय बच्चे अपनी मिट्टी, अपनी बोली और अपनी संस्कृति के साथ इस साझा संसार का हिस्सा बनते हैं। यहां 'मिनी इंडिया' किसी भाषण का शब्द नहीं बल्कि रोजमर्रा के जीवन का अनुभव है। बिहार के प्रसिद्ध शिक्षाविद और पटना साईंस कॉलेज तथा पटना विश्वविद्यालय के गणित विभाग के लंबे समय तक विभागाध्यक्ष रहे डॉ. (प्रो.) रवीन्द्र नाथ पांडेय भी इस शैक्षणिक वातावरण को महत्वपूर्ण मानते हैं। उनके अनुसार एनटीपीसी परिसरों के विद्यालयों में औपचारिक शिक्षा के साथ मिलने वाला अनौपचारिक मार्गदर्शन भी बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले ग्रामीण परिवेश के बच्चों के साथ एनटीपीसी के अधिकारी और इंजीनियर समय-समय पर अपने अनुभव साझा करते हैं, कठिन विषयों को सहज तरीके से समझाते हैं और शिक्षा तथा करियर की संभावनाओं से परिचित कराते हैं। किसी ग्रामीण बच्चे के लिए आईआईटी से पढ़े किसी इंजीनियर से बातचीत या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी युवा की कहानी सुनना महज एक मुलाकात नहीं होती। कई बार वह उसके सामने भविष्य की पहली स्पष्ट तस्वीर रख देती है। शायद यहीं से सपनों की भाषा बदलती है।

### जब आईआईटी दूर का नाम नहीं रहता

कभी जिन गांवों के बच्चों के हाथों में गुल्ली-डंडा हुआ करता था, उन्हीं हाथों में आज आईआईटी और नीट की किताबें हैं। इस बदलाव की सबसे ठोस गवाही उन विद्यार्थियों की उपलब्धियों में मिलती है जिनकी सफलता उनके बाद आने वाले बच्चों के लिए रास्ता बनाती है। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के आवासीय परिसरों से जुड़े सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल, नोट्रेडेम अकादमी, डीपीएस, डीएवी, बाल भारती और केंद्रीय विद्यालय जैसे विद्यालयों में पढ़ने वाले ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्षों में उल्लेखनीय शैक्षणिक परिणाम दिए हैं। कहलगांव स्थित सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल के छात्र अपूर्व प्रणय ने वर्ष 2026 में जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल कर आईआईटी में प्रवेश पाया। इसी परिसर के आयुष राज और अमृत कुमार ने इसी वर्ष राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। एक उपलब्धि प्रतियोगी परीक्षा की दुनिया से जुड़ी है, दूसरी शतरंज की बिसात से। दोनों मिलकर बताते हैं कि प्रतिभा का चेहरा एक नहीं होता। यह सिलसिला (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित भारत पर दो दिवसीय चिंतन शिविर आज से

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर केंद्र सरकार 23 और 24 सितंबर को चिंतन शिविर आयोजित करेगी। इसमें केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य सरकार के अब तक के कामकाज की समीक्षा करेंगे और आने वाले समय के लिए नई योजनाओं, सुधारों और प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह मंत्रिपरिषद की औपचारिक बैठक होगी। इसमें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में चल रहे कार्यों का जायजा लिया जाएगा। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में आगे किन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### बदसलूकी मामले में मुख्य आरोपित का इंकाउंटर

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** नाबालिग छात्र-छात्रा से कथित अभद्र व्यवहार और छेड़खानी के मामले में पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई तेज कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ होने की बात सामने आई है। इस दौरान मुख्य आरोपी बताए जा रहे नंदन यादव के बाएं पैर में गोली लगने की जानकारी मिली है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी नवीन कुमार भी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

### सोना के बिस्किट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना जंक्शन पर डीआरआई की टीम ने ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस के जनरल कोच से 2.70 करोड़ रुपए कीमत के सोने के बिस्किट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी नितिन आनंदा महाराष्ट्र के सांगली जिले का रहने वाला है। वह सोने की खेप को अपने दोनों पैरों के मोजों के भीतर टेप और कपड़े के सहारे बांधकर दिल्ली ले जा रहा था। डीआरआई की टीम ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

### कैमूर में दो ट्रकों से एक करोड़ की शराब जब्त

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के मोहनिया चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रकों से एक करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस ने पंजाब निवासी हरविंदर सिंह और सतनाम सिंह नाम के दो ड्राइवरों को गिरफ्तार किया है। मोहनिया चेकपोस्ट के उत्पाद प्रभारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें पहले से ही एक खास ट्रक नंबर से बिहार में शराब की बड़ी खेप आने की सूचना मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी।

बिहार के 25 हजार परिवारों को मिली सोलर योजना सब्सिडी, 98 हजार रुपये तक का मिलेगा फायदा

# 2027 तक राज्य के 25 लाख घरों पर लगेंगे सोलर पैनल : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने वालों को अब केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार से भी आर्थिक मदद मिलेगी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र की अधिकतम 78 हजार की सब्सिडी के अलावा बिहार सरकार ने 20 हजार तक की अतिरिक्त सहायता तय की है। इस तरह पात्र परिवार को केंद्र और राज्य की मदद मिलाकर अधिकतम 98 हजार तक का फायदा हो सकता है। पीएम सूर्य घर योजना में एक किलोवाट के सोलर सिस्टम पर केंद्र से 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट या उससे ज्यादा पर अधिकतम 78 हजार की सहायता मिलती है। इसके ऊपर बिहार सरकार 1।1 किलोवाट तक 10 हजार और 3 किलोवाट तक अधिकतम 20 हजार की अतिरिक्त सहायता देगी। यानी 3 किलोवाट या उससे ज्यादा क्षमता वाले पात्र सिस्टम पर कुल मदद 98 हजार तक हो सकती है। मंगलवार को राज्य की ओर से मिलने वाली



इसी अतिरिक्त सहायता के तहत 25 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में 20 हजार की राशि डीबीटी के जरिए भेजी गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कुछ लाभार्थियों से बातचीत भी की। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई। बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के लिए कुल एक हजार करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति दी है। हर जिले में योजना के लिए जिला स्तरीय समिति बनाने की बात भी कही गई है। ऊर्ज़ा विभाग के 14 अगस्त 2026 के संकल्प में पीएम सूर्य घर योजना के तहत केंद्र की सहायता के अलावा राज्य की वित्तीय मदद का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में सोलर पैनल लगाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब सौर ऊर्ज़ा का इस्तेमाल सिर्फ घरों की बिजली जरूरत तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार कृषि क्षेत्र में भी सौर ऊर्ज़ा का इस्तेमाल बढ़ाने पर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने अगले डेढ़ से दो साल में कृषि क्षेत्र से करीब 5000 करोड़ की बचत की दिशा में काम करने का लक्ष्य बताया। बिहार सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत बड़े स्तर पर रूफटॉप सोलर लगाने की योजना बनाई है। जून 2026 में 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सोलर प्लांट लगाने की परियोजना शुरू की गई थी, जिसे 20 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था। सरकार ने 2027 तक 25 लाख घरों की छत पर सोलर रूफटॉप लगाने का लक्ष्य भी रखा है।

## बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर चुनाव का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की आठ सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि 23 अक्टूबर को मतदान होगा जबकि 27 अक्टूबर को मतगणना कराई जाएगी। इन चुनावों में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की पटना, दरभंगा, तिरहुत और कोसी की चार सीटें शामिल हैं। वहीं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की पटना, दरभंगा, तिरहुत और सारण की चार सीटों पर भी मतदान कराया जाएगा। मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इन सीटों पर नए प्रतिनिधियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक 29 सितंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद उम्मीदवार 6 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 अक्टूबर को होगी जबकि 9 अक्टूबर नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गई है। 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर को मतगणना होगी। आयोग ने पूरी चुनाव प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। अब चुनावी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों की तैयारियां तेज होने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार, दरभंगा स्नातक से सर्वेश कुमार, तिरहुत स्नातक से वंशीधर व्रजवासी और कोसी स्नातक से डॉ. एनके यादव, दरभंगा से डॉ. मदन मोहन झा, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आफाक अहमद, पटना से नवल किशोर यादव और तिरहुत से संजय कुमार का कार्यकाल 16 नवंबर को समाप्त हो जाएगा।

## बिहार ग्रामीण बैंक ने मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपा 51 लाख रूपये का चेक





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बिहार ग्रामीण बैंक ने 51 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सीएम सम्राट चौधरी को सौंपा। श्री चौधरी ने इस सहयोग के लिये बिहार ग्रामीण बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी। इस अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के चेयरमैन मुकुल सहाय, जनरल मैनेजर संजॉय सिन्हा एवं संजीव श्रीवास्तव सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भवन निर्माण निगम के जीएम के ठिकानों पर इओयू की रेड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक (तकनीकी) कमलेश कुमार के पटना और वैशाली स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने वैशाली के जंदाहा स्थित पैतृक आवास, पटना के एसके पुरी और राजीव नगर स्थित आवास और भवन निर्माण निगम के कार्यालय में तलाशी ली। ईओयू के अनुसार जांच में जीएम के पास 3.12 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति का पता चला है। यह उनकी ज्ञात आय से 103 प्रतिशत अधिक बताई गई है। मामले की जानकारी भवन निर्माण विभाग को भी दी गई है। तलाशी के दौरान जीएम और उनके नजदीकी स्वजन के नाम पर एसबीआइ, आइसीआइसीआइ और एचडीएफसी बैंक के कुल 16 खातों का पता चला। इन खातों में जमा 25 लाख 86 हजार रुपये को ईओयू ने फ्रीज करा दिया है। जांच टीम ने संपत्ति और वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेज भी खंगाले हैं। ईओयू के अनुसार आगे की जांच में संपत्तियों और निवेश के अन्य विवरण सामने आ सकते हैं। ईओयू की छापेमारी में वैशाली के जंदाहा में दो मकानों का पता चला। इनमें सर्वोदय मैदान गांव में एक ग्राउंड प्लस दो मंजिला मकान है जबकि दूसरा आवासीय मकान निर्माणाधीन है। तलाशी के दौरान एक इनोवा क्रिस्टा गाड़ी भी मिली है। वाहन के बेनामी होने की संभावना की भी जांच की जा रही है। पटना के राजीव नगर स्थित रोड नंबर 25 सी में करीब ढाई कट्ठा जमीन पर बने जी प्लस चार मंजिला मकान का भी पता चला है। ईओयू ने संपत्ति से जुड़े दस्तावेज और अन्य कागजात की जांच शुरू की है। इसके अलावा जीएम के बेटे के निजी मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने की जानकारी भी जांच एजेंसी को मिली है। इसमें बड़ी राशि खर्च होने का अनुमान जताया गया है। तलाशी के दौरान एलआइसी और अन्य बीमा कंपनियों में निवेश से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इसके साथ ही ज्वेलरी खरीद से संबंधित कागजात भी ईओयू के हाथ लगे हैं। जांच एजेंसी के अनुसार इन सभी संपत्तियों, निवेश और खर्च का विस्तृत मूल्यांकन किया जा रहा है। ईओयू के अनुसार मामले में विस्तृत जांच और संपत्तियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद प्राथमिकी में दर्ज आय से अधिक संपत्ति की राशि में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं किया गया है। ईओयू ने जीएम कमलेश कुमार के विरुद्ध दर्ज मामले और आय से अधिक संपत्ति से जुड़ी जानकारी भवन निर्माण विभाग को भी उपलब्ध करा दी है।

## शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। बीपीएससी टीआरइ 4 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 सितंबर से शुरू होगी। अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। शिक्षक भर्ती को लेकर लंबे समय से तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से भर्ती का रास्ता आगे बढ़ेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत 25 सितंबर से होगी। अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। वहीं आवेदन और भुगतान के लिए अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तय की गई है। उपलब्ध कार्यक्रम के अनुसार शुल्क भुगतान की तिथि 25 सितंबर से 25 अक्टूबर तक रहेगी।

## बिहार के चार अभिनेता को मिला नेशनल अवॉर्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बिहार से जुड़े चार नामों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। अभिनेता संजय मिश्रा को फिल्म 'भक्षक' में भास्कर सिन्हा के किरदार के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें रजत कमल से सम्मानित किया। करीब तीन दशक के लंबे करियर में यह संजय मिश्रा का पहला नेशनल अवॉर्ड है। संजय मिश्रा का संबंध बिहार से है और वह सूबे के जाने-माने कलाकारों में शामिल हैं। उन्होंने लंबे समय तक हिंदी सिनेमा में काम करते हुए अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। अब 'भक्षक' में उनके अभिनय को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है, जिससे बिहार से जुड़े सिनेमा प्रेमियों के लिए भी यह खास मौका बन गया है। सिर्फ संजय मिश्रा ही नहीं, इस बार कमलेश कुमार मिश्रा, मीनती मिश्रा और संजीव श्रीवास्तव को भी राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 'काकोरी' के लिए कमलेश कुमार मिश्रा और मीनती मिश्रा को सम्मानित किया गया। वहीं संजीव श्रीवास्तव, जो बिहार से जुड़े वरिष्ठ फिल्म समीक्षक हैं, को हिंदी में बेस्ट फिल्म क्रिटिक का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इस बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बिहार से जुड़े अभिनेता, निर्माता-निर्देशक और फिल्म समीक्षक तीनों क्षेत्रों के नाम सामने आए। संजय मिश्रा को पहला नेशनल अवॉर्ड मिला, जबकि 'काकोरी' के लिए कमलेश कुमार मिश्रा और मीनती मिश्रा तथा फिल्म समीक्षा के लिए संजीव श्रीवास्तव को सम्मान मिला। इस तरह 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बिहार से जुड़े चार नाम राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित हुए।

## सूबे में खुलेगा देश का पहला पीड़ित अधिकार केंद्र

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत 26 सितंबर को पटना स्थित बिहार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण में देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर एक 'ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन' का शुभारंभ किया जाएगा। मल्टी-यूटिलिटी वाहनों के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और चीफ जस्टिस केंद्र पर प्राधिकरण के आधिकारिक प्रकाशन का विमोचन करेंगे। यह केंद्र देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है। यह बिहार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण की एक पायलट परियोजना है जिसे कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत स्थापित किया गया है।

## कर्मा-धर्मा पूजा के दौरान बाढ़ के पानी में डूबी पांच छात्राएं, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के नारायणपुर प्रखंड के भ्रमरपुर गांव में गंगा के बाढ़ की पानी में पांच छात्राएं डूब गयी जिसमें एक की मौत हो गयी। सभी छात्रा कर्मा-धर्मा पूजा की तैयारी के दौरान मंगलवार को झुरी काटने गईं थी। इसी दौरान पांच छात्राएं डूबने लगी। स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर चार छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि एक छात्रा की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नई सड़क के किनारे एक गड्ढे में बाढ़ का पानी जमा था। छात्राएं इसी जगह झुरी काटने के लिए गई थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार गड्ढे में पानी की गहराई काफी अधिक थी। पानी ऊपर से सामान्य दिखाई दे रहा था। इस वजह से छात्राओं को उसकी वास्तविक गहराई का अंदाजा नहीं हो सका। झुरी काटने के दौरान पांचों छात्राएं पानी में चली गईं। वे देखते ही देखते डूबने लगीं। छात्राओं को डूबता देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे। लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की तत्परता से चार छात्राओं को पानी से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि एक छात्रा गहरे पानी में चली गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस और ग्रामीणों ने डूबी छात्रा का शव बरामद कर लिया। मृतका की पहचान 18 वर्षीय रिमझिम कुमारी के रूप में हुई है। वह भ्रमरपुर गांव निवासी अनिल मंडल की बेटी थी।

C M Y K

# प्रवासी बिहारियों से बोले डॉ. प्रेम कुमार-बिहार की विकास यात्रा में बनें भागीदार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ऑस्ट्रेलिया प्रवास के दौरान बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रवासी भारतीयों, विशेषकर बिहार से जुड़े प्रबुद्धजनों, उद्यमियों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों से संवाद किया। उन्होंने प्रवासी बिहारियों से बिहार की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जन्मभूमि से हजारों किलोमीटर दूर रहने के बावजूद प्रवासी बिहारियों का अपनी जड़ों, संस्कृति और माटी से जुड़ाव प्रगाढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी दिशा में बिहार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में औद्योगिक विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्रों में नए अवसर सृजित करते हुए विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प बिहार के समग्र विकास के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस तथा एसआईपीडीबी जैसी व्यवस्थाएं लागू हैं। बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 के तहत पूंजी निवेश, ब्याज अनुदान, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार सृजन और भूमि आवंटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेशकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार की औद्योगिक नीतियां पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। बिहार सेमीकंडक्टर नीति-2026 और बिहार बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2023 के माध्यम से सेमीकंडक्टर, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोफ्यूल, वस्त्र, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में रह रहे बिहार के तकनीकी विशेषज्ञ, आईटी पेशेवर, उद्यमी और वैज्ञानिक बिहार और वैश्विक बाजार के बीच महत्वपूर्ण सेतु बन सकते हैं। अपने अनुभव, तकनीकी विशेषज्ञता, प्रबंधन क्षमता और पूंजी के माध्यम से वे युवाओं के कौशल विकास, स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने में योगदान दे सकते हैं।उन्होंने प्रवासी बिहारियों से अपनी विशेषज्ञता, उद्यमशीलता और निवेश के माध्यम से बिहार की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छपरा से संबंधित काउंसल जनरल एस. जानकीरमण, ऑस्ट्रेलिया के सिटी ऑफ पैरामाटा के पूर्व मेयर एवं वर्तमान काउंसलर समीर पांडेय, अररिया जिले के मिर्दौल से संबंधित उद्यमी एवं समाजसेवी अमित कुमार दास, सीवान से संबंधित उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुष्कर तथा मिथिला से संबंधित लेखक एवं कवि शिशिरेंदु झा सहित बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव के लिए काम कर रही सरकार : मिथिलेश तिवारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि दुनिया बदल रही है मगर बिहार नयी तकनीक के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा है। इस क्षेत्र में जी3 एवं एडुभारती जैसी संस्थाएं नयी क्रांति लाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही सरकार भी इन संस्थाओं के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए काम कर रही है। शिक्षा मंत्री मंगलवार को राजधानी के होटल ताज में एडुभारती वीआर बेस्ड लैव टेक्नोलॉजी का आधिकारिक शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा केवल किताबों और पारंपरिक क्लासरूम तक सीमित नहीं रह सकती। बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी होगी जिसमें वे देखकर, समझकर और प्रयोग करके सीख सकें। उन्होंने कहा कि बिहार के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और जरूरत इस बात की है कि उन्हें आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संसाधनों और नये अवसरों को जोड़ा जाएगा। मंत्री ने कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि रहा है यहां विक्रमशिला और नालंदा जसे विश्वविद्यालय विश्व को ज्ञान देता रहा है साथ ही यह भूमि बुद्ध, महावीर एवं गुरुगोविंद सिंह की ज्ञान स्थली रहा है।

## पीएचडी करने वाली बेटियों को हर महीने 10 हजार देगी बिहार सरकार, 1 हजार छात्राओं को मिलेगा लाभ

### उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार ने मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप योजना के तहत शोध करने की इच्छुक छात्राओं को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत राज्य की 1 हजार छात्राओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक कारणों से शोध और उच्च शिक्षा से वंचित रह जाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें पीएचडी जैसी उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। सरकार का मानना है कि शोध के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से राज्य में उच्च शिक्षा और अकादमिक शोध को भी मजबूती मिलेगी।

**चार वर्षों तक मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप योजना के तहत चयनित प्रत्येक छात्रा को चार वर्षों तक प्रतिमाह 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस प्रकार एक छात्रा को चार वर्षों में कुल 4 लाख 80 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। इस पहल से राज्य की अधिक से अधिक छात्राओं को उच्च शिक्षा जारी रखने और शोध के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। योजना के जरिए सरकार का लक्ष्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ शोध और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी को बढ़ाना है।

## वार्षिक साख योजना का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने पर जोर

### राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की 98वीं त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की 98वीं त्रैमासिक बैठक मंगलवार को होटल मौर्या, पटना में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री (वित्त) बिजेंद्र प्रसाद यादव ने की। बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार तथा कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और उनमें उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया और वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में राज्य में कार्यरत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने 100 प्रतिशत वार्षिक साख योजना लक्ष्य हासिल करने, ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने तथा राज्य के समुचित वित्तीय विकास पर जोर दिया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक साख योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक को विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह और वित्त विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने संबोधित किया। मिहिर कुमार सिंह ने राज्य में कम ऋण-जमा अनुपात और वार्षिक साख योजना के तहत अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर चिंता जताई। विनय कुमार ने वित्तीय वर्ष के बचे समय में वार्षिक साख योजना के निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने तथा सरकारी योजनाओं के तहत ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरबिंद ने ग्राहक सेवा को प्राथमिकता देने और बैंकों में ग्राहक केंद्रित कार्यप्रणाली अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने ऋण आवेदनों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करने पर जोर दिया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के सहायक महाप्रबंधक कुमार रणजीत ने किया। अंत में भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक एवं संयोजक योगेन्द्र शेलके के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई। इसमें राज्य में कार्यरत सभी बैंकों तथा सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला प्रशासन और जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक भी जुड़े रहे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल प्रशासन रेलकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने मुख्यालय, हाजीपुर में 2 रेलकर्मियों/उनके आश्रितों से मुलाकात की। इस दौरान रेलकर्मियों ने अपनी विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने प्रत्येक रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायत के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राप्त मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की उच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर रूफटॉप सोलर लगाने वाले बिहार के 25 हजार लाभार्थियों को मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई। ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लाभार्थियों को राज्य वित्तीय सहायता का हस्तांतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया तथा सौर ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नौ सोलर रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने सेवा सेतु कैंप का निरीक्षण किया। वित्तीय सहायता के हस्तांतरण के बाद उन्होंने विभिन्न जिलों के पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान लाभार्थी समस्तीपुर से उमा कुमारी, सुपौल से कंचन पांडे, मुंगेर से अभिषेक कुमार एवं नालंदा से आशा देवी से मुख्यमंत्री ने संवाद कर उनके अनुभवों और रूफटॉप सोलर से मिलने वाले लाभों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संचालित की जा रही है। बिहार में इस योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भी अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। आज 25 हजार लाभार्थियों को राज्य वित्तीय सहायता का हस्तांतरण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आज समय की आवश्यकता है। बिहार में अधिक से अधिक परिवार अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर स्थापित करें और स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठाएं, इसके लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के माध्यम से राज्य में सौर ऊर्ज़ा के उपयोग को और व्यापक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए नौ सोलर रथों को रवाना किया गया है। ये सोलर रथ विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को रूफटॉप सोलर के लाभ, स्थापना प्रक्रिया और उपलब्ध वित्तीय सहायता की जानकारी देंगे। सौर ऊर्ज़ा को जन-अभियान बनाने में पंचायतों, स्थानीय निकायों और जीविका दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद आर के सिन्हा का धूमधाम से मना जन्मदिन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद आर के सिन्हा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भंडारा का आयोजन कर हजारों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चों को भोजन कराया गया। इसके अलावा पटना के कई इलाकों में भी उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यकम का आयोजन कर उनके शीघ्र उत्तम स्वास्थ की कामना की। उक्त अवसर पर अभिषेक सिंह, राजीव रंजन श्रीवास्तव, बख्तियारपुर से सुधीर कुमार, पूर्व मुखिया कुर्जी सुधीर कुमार सिंह, वार्ड 20 के पार्षद पति अभिजीत कुमार, राजीव रंजन, राज्यवर्धन, प्रियरंजन, चंदन, संजय सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों तक उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति में लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** किसानों को उर्वरक की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज कृषि निदेशक एवं उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कंपनियों द्वारा रिटेल पॉइंट तक उर्वरक की आपूर्ति, राज्य में उर्वरक की उपलब्धता तथा किसानों को समय पर और निर्धारित उचित मूल्य पर उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराने की स्थिति की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उर्वरक की आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी स्तर पर व्यवधान के कारण किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में कंपनियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार नियमानुसार कार्य करने वाले विक्रेताओं एवं कंपनियों के हितों की भी रक्षा करेगी, लेकिन किसानों तक उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## इएसआइसी बिहार की 79वीं क्षेत्रीय परिषद बैठक

### सामाजिक सुरक्षा संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन पर बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय परिषद की 79वीं बैठक श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ईएसआई योजना की मूल संकल्पना एवं समाज के श्रमिक वर्ग के लिए इसकी अपरिहार्य आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में श्रमिकों का पसीना लगा है। अतः उन्हें और उनके आश्रितों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा और सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सचिव सह क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने विगत 78वीं बैठक के मिनट्स तथा उस पर की गई कृत कार्रवाई प्रतिवेदन से सभी सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया। तत्पश्चात 79वीं बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की गई। बैठक में प्रमुखता से मुजफ्फरपुर, भागलपुर तथा बेगूसराय में स्वीकृत नए ईएसआईसी अस्पतालों के निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर अधतन स्थिति, राज्य के सभी 38 जिलों में शाखा कार्यालय एवं शाखा कार्यालय एवं डीसीबीओ की स्थापना हेतु भूमि आवंटन के प्रयासों तथा क्षेत्रीय कार्यालय के लीज नवीनीकरण की मुद्दे पर चर्चा की गई।

## चिराग पर विवादित टिप्पणी पर सियासत तेज, कड़ी कार्रवाई हो : मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार की राजनीतिक गलियारों में उस समय हलचल तेज हो गई जब राज्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के सदस्य डॉ. राजन सिंह का एक कथित वीडियो सामने आया। इस वीडियो में उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान को लेकर आपत्तिजनक और विवादित बयान दिया है। इस घटना के बाद से एनडीए खेमे में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए डॉ. राजन सिंह के बयान की पुरजोर निंदा की। मांझी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी केंद्रीय मंत्री या जनप्रतिनिधि के खिलाफ ऐसी अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की व्यक्तिगत और अपमानजनक टिप्पणियां कतई बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

## राजगीर जू सफारी में जल्द दिखेगा गैंडा : मंत्री

### अगले दो महीने में तैयार होगा पुनर्वास कार्यक्रम, असम और पश्चिम बंगाल से गैंडा लाने की योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में गैंडा संरक्षण को प्राकृतिक अधिवास तक विस्तार देने की तैयारी तेज हो गई है। वाल्मीकिनगर व्याघ्र आरक्ष (वीटीआर) में गैंडा संरक्षण की संभावनाओं के आकलन के बाद अब यहां गैंडा पुनर्वास एवं संरक्षण कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आगामी एक से दो महीने में इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इसे लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद असम और पश्चिम बंगाल से गैंडा लाकर वीटीआर में खास संरक्षित क्षेत्र बनाकर इसकी पहल शुरू कर दी जाएगी। वहीं राजगीर जू सफारी में भी गैंडा लाने और उसके संरक्षण की योजना तैयार की गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने पटना जू में आयोजित विश्व गैंडा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) अरविंद सिंह ने कहा कि नेपाल के चितवन नेशनल पार्क से पिछले तीन-चार वर्षों में दो गैंडे वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष में आकर रह रहे हैं। दोनों नर हैं। वीटीआर की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक अधिवास और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए करीब दो वर्ष पहले गैंडा संरक्षण की संभावनाओं का आकलन कराया गया था। अध्ययन में यहां गैंडा संरक्षण की पर्याप्त संभावनाएं सामने आईं। इसी के आधार पर अब गैंडा पुनर्वास कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

## हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी वाक् प्रतियोगिता एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति/हाजीपुर में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति/हाजीपुर के सभी 22 कार्यालयों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर बोलना था। हिंदी वाक् प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निर्धारित किए गए थे। डिजिटल क्रांति के दौर में राजभाषा, पुस्तकें बनाम सोशल मीडिया। इस प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2026 के अवसर पर नराकास/हाजीपुर द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## ईंट उद्योग की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान: मंत्री

### कोयला आपूर्ति की बाधाएं दूर करने, कोटा बढ़ाने और कर भुगतान प्रक्रिया सरल बनाने पर हुई सकारात्मक चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य में ईंट उद्योग के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर खान एवं भूतत्व विभाग ने ईंट निर्माताओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि ईंट उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग सकारात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करेगा। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा तथा उद्योग के संचालन में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। मंगलवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में बिहार ईंट निर्माता संघ के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में ईंट उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से कोयले की उपलब्धता, कोयला कोटा बढ़ाने, कर भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों से निकलने वाले गाद के उठाव में ईंट निर्माताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के विषय पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि ईंट उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इससे बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। इसलिए विभाग उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों से निकलने वाले गाद के उठाव में भी ईंट निर्माताओं को आवश्यक सुविधा एवं सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 'विद्यार्थी सहयोग' कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान तथा जिला प्रशासन एवं विद्यार्थियों के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 'विद्यार्थी सहयोग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थी जीवन केवल अध्ययन और परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इस अवधि में छात्र-छात्राओं के समक्ष छात्रवृत्ति, प्रमाण-पत्र, परीक्षा, प्रशिक्षण, शैक्षणिक संसाधन, सरकारी योजनाओं का लाभ, कौशल विकास तथा अन्य अनेक प्रकार की व्यावहारिक एवं प्रशासनिक समस्याएं सामने आती है। इन्हीं समस्याओं को संवाद, सहयोग और समाधान के माध्यम से दूर करने के उद्देश्य से विद्यार्थी सहयोग कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। कार्यक्रम के दौरान संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को सुना गया। प्राप्त आवेदनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर दर्ज किया गया तथा संबंधित पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुव्यवस्थित एवं सुगम माध्यम उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए संबंधित संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण, बैठक, आवेदन प्राप्ति, सहायता काउंटर, कंप्यूटर एवं इंटरनेट सुविधा तथा आवश्यक अभिलेख संधारण की व्यवस्था की गई। प्राप्त आवेदनों एवं कार्रवाई का विवरण निर्धारित प्रारूप में संधारित किया जाएगा जिससे प्रत्येक मामले की प्रगति का अनुश्रवण किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति एवं कल्याणकारी योजनाओं, शैक्षणिक सहायता, कौशल विकास तथा सरकार द्वारा संचालित विद्यार्थी-केंद्रित योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समुचित अनुश्रवण की जिम्मेदारी विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के नोडल पदाधिकारी हिमांशु शेखर द्वारा की जा रही है। उनके द्वारा कार्यक्रम की पूर्व तैयारी, संस्थानों के साथ समन्वय, निर्धारित समय-सारणी, आवेदन संधारण, पोर्टल पर प्रविष्टि तथा कार्यक्रम के उपरांत समेकित प्रतिवेदन की प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। विद्यार्थी सहयोग कार्यक्रम का मूल उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की समस्या को सुनना, उसकी प्रकृति को समझना और उसे समाधान की दिशा में आगे बढ़ाना है। इस क्रम में संबंधित पदाधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिला प्रशासन, रोहतास का यह प्रयास है कि 'विद्यार्थी की समस्या केवल उसकी व्यक्तिगत समस्या न रह जाए, बल्कि उसके समाधान की जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित संस्थान की साझा जिम्मेदारी बने।'

## डालमियानगर थाना कांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कांड संख्या 80/26, 17/04/26 में दर्ज प्राथमिकी के अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार कांड धारा 126(2)/115(2)/109/79/352/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दीपक कुमार उम्र 19 वर्ष, पिता काली दुसाध, ग्राम न्यू गंगोली के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे पकड़ा। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम-एसपी ने किया आईटीआई संस्थान का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** डीएम कुमार अनुराग व एसपी शिखर चौधरी ने मंगलवार को जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित छात्र सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थान के छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और दैनिक दिनचर्या में आने वाली कठिनाइयों को डीएम से साझा किया। छात्रों ने प्रमुख रूप से परिसर में गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं किफायती खान-पान की व्यवस्था हेतु व्यवस्थित कैंटीन का अभाव। दूर-दराज से ग्रामीण इलाकों से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सुलभ व नियमित बस/ऑटो परिवहन साधनों की कमी। संपूर्ण परिसर, कार्यशालाओं और मुख्य प्रवेश द्वारों पर निगरानी सुनिश्चित करने हेतु अत्याधुनिक सीसीटीवी नेटवर्क की आवश्यकता केदारनाथ में अवगत कराया।

## लापता 12 वर्षीय नाबालिग लड़की बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला(रोहतास)।** जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र से 8 दिन पहले लापता हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते 14 सितंबर से थाना क्षेत्र की रहने वाली 12 वर्षीय बच्ची अपने घर से लापता थी। इसको लेकर पीड़िता की मां ने 16 सितंबर को आयरकोठा थाने में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और थानाध्यक्ष से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई थी। इस मामले में आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि आवेदन मिलते ही कांड दर्ज कर लिया गया था। तकनीकी साक्ष्य और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग लड़की को थाना क्षेत्र के आयरकोठा स्थित अकोढ़ीगोला मुख्य मार्ग मोड़ के समीप से बरामद किया है। बच्ची के बरामद होने के बाद पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दी है। आज उसे बयान दर्ज कराने के लिए सासाराम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। लड़की कहां थी और कैसे थी। इस संबंध में जांच की जा रही है जिसका खुलासा कोर्ट में दर्ज बयान के बाद ही हो पाएगा।

# 20 वर्षों से आस्था के साथ गणेश जन्मोत्सव मना रहीं विशाखा सिंह

### महाराष्ट्र की गणेशोत्सव परंपरा को डिहरी में रखा जीवंत, भंडारे में जुटे जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भगवान गणेश के प्रति अटूट आस्था और महाराष्ट्र की समृद्ध धार्मिक परंपरा को डिहरी में जीवंत रखते हुए डिहरी डालमियानगर नगर परिषद की पूर्व मुख्य पार्षद विशाखा सिंह पिछले करीब 20 वर्षों से अपने आवास पर गणेश जन्मोत्सव का आयोजन करती आ रही है। सोमवार को भी उनके आवास पर श्रद्धा और भक्ति के माहौल में गणेश जन्मोत्सव पर भंडारा का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल ने विशाखा सिंह के आवास पर पहुंचकर भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व पार्षद संजीत सिंह की पत्नी विशाखा सिंह राजपूतान मुहल्ला में लंबे समय से गणेश जन्मोत्सव का आयोजन पूरी श्रद्धा और परंपरा के साथ करती आ रही है। महाराष्ट्र में गणेश पूजा का विशेष महत्व है और वहां गणेशोत्सव बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया जाता है। विशाखा सिंह ने महाराष्ट्र की इसी धार्मिक परंपरा और संस्कृति को डिहरी में भी निरंतर बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि दो दशक से अधिक समय से लगातार आयोजित हो रहा यह धार्मिक आयोजन लोगों को आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता से जोड़ने का कार्य कर रहा है। प्रत्येक वर्ष गणेश जन्मोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर भगवान गणेश का दर्शन करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, जितेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित कई वर्तमान एवं पूर्व पार्षद, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। भंडारे में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। पूरे परिसर में भक्ति और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

## महुआ शराब बरामद, धंधेबाज फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए दरिहट थाना पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम दरिहट में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दरिहट में काली मंदिर से सोन नदी की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस गश्ती कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी चालक पुलिस को देखकर स्कूटी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने जब स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली तो उसमें से करीब 20 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। फरार स्कूटी चालक की पहचान धनजी पासवान, पिता तुलसी पासवान, ग्राम- गोही, थाना- अयरकोठा के रूप में हुई है। पुलिस ने स्कूटी को जब्त कर लिया है। स्कूटी पर कोई नंबर नहीं है। इस संबंध में दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि शराब के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। फरार चालक और स्कूटी मालिक के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसडीएम के तीन स्थलों पर गुणवत्ता सुधार और जल निकासी के सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अनुमंडल क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण स्थलों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत पंचायत सरकार भवन, बलिहार अलीगंज से की गई जहां चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर कार्य अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। इसके उपरांत राज राजेश्वरी उच्च विद्यालय, सूर्यपुरा के खेल मैदान में उत्पन्न जलजमाव की गंभीर समस्या का जायजा लिया गया जिससे विद्यार्थियों की खेल गतिविधियां बाधित हो रही थीं। इसी क्रम में प्रखंड दावथ के ग्राम बहुआरा में ग्रामीणों की नाली निर्माण की मांग पर स्थलीय निरीक्षण कर जल निकासी एवं आवागमन की वस्तुस्थिति का आकलन किया गया। लगातार हो रहे इन निरीक्षणों से प्रशासन की सक्रियता स्पष्ट दिखाई दी। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता में कमी को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने जे.ई., भवन को एक माह के भीतर निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी कार्यों में आवश्यक सुधार कर कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भवनों के निर्माण में गुणवत्ता, समयबद्धता और मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## जेल विजिटर की नियुक्ति में पारदर्शिता हो : बंदी अधिकार आंदोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार की जेलों में जेल विजिटर एवं बोर्ड ऑफ विजिटर्स की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मांग को लेकर बंदी अधिकार आंदोलन ने सरकार से नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने की अपील की है। आंदोलन के समन्वयक संतोष उपाध्याय ने कहा कि जेल विजिटर के रूप में मानवाधिकार, बंदी अधिकार, विधिक सहायता, सामाजिक कार्य और जेल सुधार के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद लोगों के मानवाधिकार और गरिमा की निगरानी के लिए स्वतंत्र एवं प्रभावी विजिटर व्यवस्था जरूरी है। प्रत्येक जेल में गैर-सरकारी विजिटर का नाम और मोबाइल नंबर प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने की मांग भी की गई, ताकि बंदी अपनी समस्याएं सीधे पहुंचा सके। आंदोलन ने विजिटर की निरीक्षण रिपोर्ट पर समयबद्ध की गई कार्रवाई की रिपोर्ट की व्यवस्था तथा नियुक्ति के बाद अनिवार्य प्रशिक्षण की भी मांग की है। संतोष उपाध्याय ने कहा कि चयन प्रक्रिया सार्वजनिक और पारदर्शी हो तथा योग्य सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं और विशेषज्ञों को अवसर दिया जाए।

## शेखर पासवान के नेतृत्व में मनी पूर्व सीएम भोला पासवान शास्त्री की 113वीं जयंती

### उपेंद्र कुशवाहा ने सादगी, ईमानदारी और जनसेवा को बताया प्रेरणादायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** सासाराम स्थित मंगलम होटल में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की 113वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी शेखर पासवान के नेतृत्व में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोग, विशेषकर महिलाएं शामिल हुईं। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने भोला पासवान शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने जयंती समारोह के आयोजन के लिए शेखर पासवान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शेखर पासवान ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री का पूरा जीवन सामाजिक सरोकार और जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में वृद्धावस्था पेंशन की शुरुआत की गई तथा छात्रों को छात्रवृत्ति देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल हुई। शेखर पासवान ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी और समाज के अंतिम व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता आज भी अनुकरणीय है। नोखा विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया। मंच संचालन कमलेश पासवान ने किया। मौके पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार सिंह, भाजपा नेता अभिषेक पांडेय, गुड्डू चौबे, गोलू, सुनील, अजय कुमार, मंजित, गायिका पूजा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवा अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे के निधन पर शोक

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, मौन रख दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बार एसोसिएशन, डिहरी के सदस्य युवा अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे का 21 सितंबर 2026 को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से न्यायालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए मंगलवार को न्यायालय परिसर स्थित सेंट्रल हॉल में दोपहर 12 बजे संयुक्त शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार (अज्ञानी) ने की। उपस्थित अधिवक्ताओं एवं न्यायिक पदाधिकारियों ने दिवंगत अधिवक्ता के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोक सभा में संघ के महासचिव रितेश कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी रिचा कश्यप, सिविल जज जे.डी. अर्चना कुमारी, न्यायिक पदाधिकारी कुमार तरुण एवं तुलिका शंकर सहित पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, रामाकांत दुबे, बैरिस्टर सिंह, भागीरथी सिंह, अर्जुन सिंह, कमल सिन्हा, प्रभात कुमार, रवि शेखर, बिनोद कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग और विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माणाधीन कार्यों और विकासात्मक परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों से अब तक पूर्ण किए गए कार्यों, चल रहे कार्यों और लंबित कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली। साथ ही कार्यों में आ रही बाधाओं और तकनीकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्राधीन संचालित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करें और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि यदि कार्य के क्रियान्वयन में कोई समस्या आती है तो संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर उसका त्वरित समाधान निकालें ताकि कार्य बाधित न हो। साथ ही लंबित पड़े कार्यों में तेजी लाने, प्रत्येक कार्य की नियमित निगरानी करने और प्रगति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जनहित से सीधे जुड़े सड़क, बिजली, पानी और सिंचाई से संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। अनुमंडल प्रशासन द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में चल रही सभी विभागीय योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। ताकि विकास कार्यों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके और आम लोगों को योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

## अवैध टोकन वसूली पर रोक की मांग

### डीएम से मिले ऑटो-ई रिक्शा समिति के पदाधिकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक सेवा समिति के जिला महासचिव सर्वेश पासवान ने डीएम से मुलाकात कर ऑटो व ई-रिक्शा चालकों से कथित अवैध टोकन और एजेंटी के नाम पर हो रही वसूली की शिकायत की। उन्होंने मामले की जांच कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। समिति ने आरोप लगाया कि सासाराम व डिहरी में चालकों से एजेंटी के नाम पर 30 से 40 रुपये तक की नकद वसूली की जा रही है। साथ ही पर्याप्त ठहराव स्थल की व्यवस्था किए बिना टोकन वसूली से जाम की समस्या उत्पन्न होने की बात कही। समिति ने नाबालिग, बिना लाइसेंस और नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई तथा चालक संघ के साथ बैठक कर स्पष्ट नियम बनाने की मांग की। सर्वेश पासवान ने कहा कि अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# डीडीयू मंडल में हरित क्षेत्र के विस्तार पर विशेष जोर

### वर्तमान में जारी स्वच्छता अभियान के दौरान 750 पौधे लगाने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा-निर्देश पर पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ एवं हरित परिवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से रेलवे कॉलोनी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। मंडल मुख्यालय स्थित रेलवे कॉलोनी सहित अन्य रेलवे परिसरों में पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन विभाग द्वारा पौधारोपण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार से संबंधित गतिविधियां लगातार की जा रही है। विदित हो कि विश्व पर्यावरण दिवस पर मंडल में 500 पौधे, जबकि स्वच्छता पखवाड़ा -2025 के दौरान 800 पौधे लगाए गए थे। इसके बाद हाल ही में विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के दौरान लगभग 1,000 पौधे लगाए गए थे। वहीं वर्तमान में जारी स्वच्छता अभियान के दौरान 750 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस तथा स्वच्छता अभियानों के दौरान नियमित रूप से पौधारोपण किया जाता है। पौधारोपण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे पर्यावरण संरक्षण अभियानों के माध्यम से पौधारोपण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है। साथ ही रेलकर्मियों को पौधारोपण के महत्व तथा स्वच्छ एवं हरित परिवेश के प्रति जागरूक किया जाता है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मंडल रेल प्रबंधक ने स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देते हुए रेलवे परिसरों, विशेषकर रेलवे कॉलोनियों में हरित क्षेत्र के विस्तार के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 18 प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनें कार्यरत हैं। इनमें 6 मशीनें प्लेटफार्म संख्या 1/2, 5 मशीनें प्लेटफार्म संख्या 3/4, 2 मशीनें प्लेटफार्म संख्या 5/6, 3 मशीनें प्लेटफार्म संख्या 7/8, 1 मशीन कोनकोर्स क्षेत्र तथा 1 मशीन दक्षिणी तरफ स्थित यात्री हॉल में लगाई गई है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर वाणिज्य विभाग द्वारा की गई इस व्यवस्था में इन मशीनों के माध्यम से यात्रियों द्वारा उपयोग की गई प्लास्टिक बोतलों को स्टेशन परिसर में ही क्रश कर उनके व्यवस्थित संग्रह एवं आगे के निस्तारण और पुनर्चक्रण की व्यवस्था को सुगम बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से प्लास्टिक कचरे के व्यवस्थित प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के साथ स्टेशन परिसरों में प्लास्टिक कचरे के बिखराव को कम करने में सहायता मिल रही है।

# हिंदी प्रतिभा खोज परीक्षा में आरोही पांडेय ने रचा कीर्तिमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत धनछूहा गांव निवासी और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दानापुर कैंट, पटना की मेधावी छात्रा आरोही पांडेय ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025-26 के तहत आयोजित हिंदी प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर 515वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और पूरे काराकाट क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें आयोजक संस्था द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल और नाद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परीक्षा 28 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी जिसमें देशभर के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया था और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आरोही ने अपनी हिंदी विषय की गहरी समझ, भाषा कौशल और प्रतिभा का परिचय देते हुए यह मुकाम हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विभिन्न विषयों के प्रति रुचि जागृत करना, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित करना और उनकी शैक्षणिक प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करना है। ऐसे में कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में स्थान बनाना आरोही की मेहनत, लगन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। उनकी इस सफलता पर परिजनों, ग्रामीणों, शुभचिंतकों और विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं शिक्षाविदों का मानना है कि इस तरह की उपलब्धियां ग्रामीण क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेंगी।

## नशे में हंगामा कर रहे चार पियक्कड़ गिरफ्तार, गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा (कैमूर)।** जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में मंगलवार को चार पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए सभी आरोपित सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर नशे की हालत में शोरगुल और हंगामा मचा रहे थे।


**पूर्व रेलवे**

**निरस्तीकरण**

**निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_12_10_ एचडब्ल्यूएच_2026-27** (खुली निविदा), प्रधान मुख्य इंजीनियर, टीआर-I, पूर्व रेलवे, 17, एन. एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व में प्रकाशित। **कार्य का नाम:** 130 किमी प्रति घंटे की सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के लिए वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन खाना-बोनीडंगा खंड में सेफ्टी फेंसिंग की आवश्यकता। **अंतिम तिथि/समय:** 25.09.2026 को 14.00 बजे। तकनीकी कारण से संबंधित निविदा सूचना को **निरस्त** किया जाता है। MISC-196/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कार्यकर्ता ही लड़ते हैं चुनाव, उम्मीदवार नहीं: सन्नी पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। स्थानीय महाराजा पैलेस में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की तैयारियों को लेकर छात्र जदयू नालंदा की एकदिवसीय बैठक हुई। इसमें चुनावी तैयारियों, छात्र कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और संगठन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता छात्र जदयू के जिलाध्यक्ष प्रतीम राज उर्फ सन्नी पटेल ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष संजीत यादव ने किया। बैठक में जदयू जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, जिला उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी और प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि एनडीए समर्थित जदयू का चुनाव है। चुनाव उम्मीदवार नहीं, बल्कि पार्टी कार्यकर्ता लड़ते हैं, जो संगठन की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता और समन्वय के साथ जुट जाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 2005 के बाद बजट का 20 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा को देकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने व्यापक सुधार किए हैं। प्रत्येक जिले में मेडिकल, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक व आईटीआई और प्रखंड स्तर तक महाविद्यालय खोले गए हैं। कार्यकर्ताओं से पंचायतों व प्रखंडों में मतदाताओं को चिन्हित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने की अपील की गई। साथ ही मंत्री निशांत कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे सुधारों का उल्लेख करते हुए उनके हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष आदित्य कुमार डब्ल्यू, विकास मेहता, पवन शर्मा, सन्नी महतो, विभुति रंजन, मौर्या सिंह, अंकित राज, अजय ठाकुर, विकास कुशवाहा, संजीव महतो, उमाकांत पासवान, रोहित कुमार, सिंटू कुमार, विकास कुमार, अर्णव आर्या, नीतीश पटेल, अमन राज सोहित, निशु, नीरज पटेल, प्रकाश महतो, अभिनव चौहान और राज पटेल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नगरनौसा**। राजकीय डिग्री महाविद्यालय नगरनौसा में मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीओ नेहा कुमारी ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने पिंक बस सेवा, महाविद्यालय में पुस्तकालय की सुविधा, छात्रवृत्ति सहित अन्य शैक्षणिक एवं छात्रहित से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सीओ नेहा कुमारी ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय में पिछले महीने भी विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था। पूर्व शिविर में विद्यार्थियों द्वारा उठाई गई समस्याओं में से कुछ का समाधान किया जा चुका है। इससे विद्यार्थियों में इस पहल को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिला। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को सीधे सुनकर संबंधित स्तर पर उनके समाधान की प्रक्रिया को गति देना रहा।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, सहायक अध्यापक डॉ. नितेश कुमार मिश्रा, डॉ. गोविंद कुमार, डॉ. विनोद मिश्र, मान्या सिंह, फलक अब्दुल जलील, गुलशन कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतीश वर्धन ने किया।

## डेंगू-चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर हिलसा में कार्यशाला

**हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड क्षेत्र में मौसमी बीमारियों के प्रसार पर रोक लगाने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हिलसा में डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों, डॉक्टरों, आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने भाग लिया। कार्यशाला में जलजमाव, मच्छरजनित बीमारियों के खतरे और शुरुआती लक्षणों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि तेज बुखार, जोड़ों में दर्द, सिरदर्द और आंखों के पीछे दर्द डेंगू या चिकनगुनिया के संभावित लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई।

# जॉब कैंप में 72 युवाओं ने लिया हिस्सा, 27 अभ्यर्थी चयनित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देश पर जिला नियोजनालय, नालंदा की ओर से मंगलवार को संयुक्त श्रम भवन, प्रखंड परिसर, बिहारशरीफ में एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में निजी क्षेत्र की नियोजक कंपनी नवीन किसान बायो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने भाग लिया। जॉब कैंप में कुल 72 युवाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 27 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एक अक्टूबर 2026 को सिटी टाउनध्विलेज कुजाप रोड, टेकरी रोड, गया स्थित श्री गणेश इनोवेटिव ऑनलाइन एग्जाम सेंटर के समीप आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों का अंतिम चयन साक्षात्कार के बाद नियोजक कंपनी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। जिला नियोजनालय ने युवाओं से अपील की है कि वे ऐसे रोजगार अवसरों का अधिकाधिक लाभ उठाएं और आगामी जॉब कैंप व रोजगार संबंधी गतिविधियों की जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, नालंदा के संपर्क में रहें।

# नालंदा में 100 से अधिक एएस आई बने एसआई प्रोन्नति के साथ बढ़ी जिम्मेदारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना के आदेश के बाद नालंदा जिले में कार्यरत 100 से अधिक सहायक अवर निरीक्षकों को अवर निरीक्षक के पद पर सामूहिक प्रोन्नति दी गई है। प्रोन्नति की खबर मिलते ही संबंधित पुलिस पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। अब वे एसआई के पद के अनुरूप नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। विभागीय आदेश के तहत मिली इस प्रोन्नति के बाद पुलिस पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्हें अपराध अनुसंधान, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, गश्ती समेत पुलिस विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में नई भूमिका निभानी होगी। पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में नालंदा पुलिस द्वारा प्रोन्नति से संबंधित विभागीय प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रोन्नत पदाधिकारियों को नियमानुसार नई जिम्मेदारियां और कार्यभार सौंपे जाएंगे। विभागीय स्तर पर इसे पुलिसकर्मियों के सेवाकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# सरमेरा में किराना व्यवसायी की मालवाहक गाड़ी में लगाई आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सरमेरा**। स्थानीय बाजार के प्रसिद्ध किराना व्यवसायी राजेश कुमार की मालवाहक गाड़ी में सोमवार की देर रात करीब तीन बजे अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। बदमाशों ने दुकान को भी आग के हवाले करने का प्रयास किया। हालांकि, संयोगवश गश्ती कर रही पुलिस टीम की नजर आग पर पड़ गई, जिसके बाद तत्काल थाना से दमकल वाहन बुलाकर आग पर काबू पा लिया गया। बताया जाता है कि मालवाहक गाड़ी किराना दुकान के सामने खड़ी थी। उस पर चोकर लदा हुआ था। आग लगने से वाहन और सामान को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। पुलिस की तत्परता से आग को दुकान तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों और लोगों में भय का माहौल है। व्यवसायी राजेश कुमार ने घटना को लेकर सरमेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगजनी करने वाले व्यक्ति की पहचान में जुटी है। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति को चिन्हित करने में जुटी है। दोषी की पहचान होने पर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## एक नजर

### 23 से 25 सितंबर तक बिजली रहेगी बाधित

**नालंदा**। 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र, नालंदा में इनडोर वीसीबी पैनलों का आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। इस मरम्मत कार्य के कारण आगामी 23 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संबंधित इनडोर वीसीबी पैनलों से विद्युत आपूर्ति स्थगित रहेगी। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस दौरान 33 केवी इनडोर वीसीबी के तहत आने वाले करनबीघा, मेघीनगावां तथा पटेल एग्री राइस मिल फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। कार्यपालक सहायक अभियंता विकास कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं से सुविधा को ध्यान में रखते हुए करनबीघा फीडर को वैकल्पिक स्रोतों से बिजली उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस बिजली कटौती के कारण दीपनगर जेल, मेघीनगावां, कुंडलपुर, कोराई सहित आसपास के कई गांवों और क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति मुख्य रूप से प्रभावित रहेगी। विभाग ने प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय से पूर्व आवश्यक कार्य निपटा लें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के परनामा बीघा गांव में मंगलवार को बिजली करंट की चपेट में आने से 55 वर्षीय किसान सियाशरण यादव की मौत हो गई। मृतक स्वर्गीय रामधनी यादव के पुत्र थे। बताया जाता है कि सियाशरण यादव अपने खेत में पटवन कर रहे थे। इसी दौरान वे बिजली के करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी ने बताया कि कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मृतक के परिजनों को तीन हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### जमुई की घटना सरकार की प्रशासनिक विफलता का परिणाम : विभूति

**राजगीर**। जमुई में नाबालिग छात्रा के साथ हुई कथित बदसलूकी और छेड़छाड़ की घटना को लेकर जन सुराज पार्टी ने बिहार सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। पार्टी के व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने मंगलवार को राजगीर में आयोजित प्रेस वार्ता में घटना की निंदा करते हुए इसे प्रशासनिक विफलता का परिणाम बताया। जमुई की घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा एसआईटी गठित कर जांच शुरू की गई है।उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज और पूरे बिहार के लिए चिंता का विषय हैं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय मामले को टालने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मामले में नामजद सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और मुकदमे की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में कराई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। उपेंद्र विभूति ने कहा कि महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसी गंभीर घटना पर ठोस कार्रवाई करने में विफल रहती है तो मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाती रहेगी।

### भूमिहीन परिवारों ने जमीन के लिए दिए आवेदन

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के भूमिहीन और गरीब परिवारों को सरकारी योजना के तहत जमीन उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत सैकड़ों लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर जमीन प्राप्त करने के लिए आवेदन जमा किया। सुबह से ही कार्यालय परिसर में लाभुकों की भीड़ लगी रही। सरकारी योजना के तहत ऐसे परिवारों को चिह्नित किया जा रहा है, जिनके पास रहने अथवा खेती के लिए अपनी जमीन नहीं है। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी की देखरेख में कर्मियों ने लाभुकों से आवेदन प्राप्त किए और संबंधित दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान कर्मियों ने लोगों को पर्चा भरने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी।

## नवादा

# जमुई की हैवानियत ने सरकार के दावों की खोली पोल : प्रभाकर झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि जमुई में कोचिंग पढ़कर लौट रहे दसवीं कक्षा के नाबालिक छात्र-छात्रा के साथ सरेआम सड़क पर हुई बर्बरता, छेड़खानी और मारपीट की घटना ने पूरे बिहार को शर्मसार कर दिया है इस हृदयविदारक घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है।

श्री झा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उनके उस पुराने दावे और वादे की याद दिलाई जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर बिहार में रात के 12:00 बजे के बाद भी कोई महिला या बेटी सड़क पर निकले और उसे कोई छू दे तो वह सुबह में इस्तीफा दे देंगे। जमुई में तो हमारी बहन -बेटियां दिन के उजाले और शाम के वक्त भी सुरक्षित नहीं है। सरेआम गुंडे हाथ जोड़कर भीख मांगती मासूम छात्रा की अस्मत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जब कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है तो मुख्यमंत्री अब किस "सुबह " का इंतजार कर रहे हैं? श्री झा ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार सिर्फ कागजी दावों और राजनीतिक भाषणों तक सीमित रह गई है। नवादा जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने शब्दों की लाज रखते हुए तुरंत अपने पद से त्यागपत्र दें। जमुई मामले के सभी दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई हो और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर अपराधियों को फांसी जैसी कड़ी सजा दिलाई जाए । पीड़ित छात्र- छात्रा और उनके परिवारों को तत्काल पूर्ण सुरक्षा दी जाए। राज्य के सभी शिक्षण संस्थानो और कोचिंग सेंटरों के आसपास पुलिस गश्त 24 घंटे अनिवार्य की जाए ताकि दोबारा किसी बेटी के साथ ऐसी हैवानियत ना हो।

जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा के साथ युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, हिसुआ कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार , सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर यादव, सेवादल के सुरेंद्र कुमार भी मौजूद थे।

# कौआकोल में एमएलसी नीरज कुमार ने एनडीए समर्थकों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी सह जदयू से संभावित प्रत्याशी नीरज कुमार ने मंगलवार को कौआकोल में एनडीए समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में आगामी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर संगठनात्मक तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही किसी भी चुनाव की तैयारियों का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहने तथा स्नातक मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवादा नगर निकाय एमएलसी अशोक कुमार ने भी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने क्षेत्र के स्नातक मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने तथा आगामी चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने की,जबकि संचालन शिवबालक प्रसाद ने किया। मौके पर समाजसेवी सत्येंद्र कुमार यादव,जदयू जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी, रालोमो जिलाध्यक्ष विनय कुशवाहा, शिक्षक जयप्रकाश मेहता, अजय कुमार रविकांत, प्रमिला प्रजापति, डॉ. सतीश कुशवाहा, मोहन सिंह, ललन कुशवाहा, रामाश्रय सिंह, भाजपा नेता अजित यादव, रंजीत यादव, पूर्व मुखिया लीला देवी, नीतू गुप्ता, संगीता कुमारी, लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष माहो पासवान सहित अन्य एनडीए समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं संस्कृति को लेकर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। जिला प्रशासन नवादा के मार्गदर्शन एवं बिहार शेड्यूल्ड ट्राइब रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पटना के सहयोग से मंगलवार को कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत बिरहोर टांड़ स्थित सामुदायिक भवन में जनजातीय समुदाय को लेकर विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "जनजातीय मुद्देः अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, संस्कृति एवं विरासत" रहा। कार्यक्रम में बिरहोर जनजातीय समुदाय के लोगों से सीधे संवाद करते हुए उनके जीवन, समस्याओं और आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता तथा समुदाय के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, पटना रहे। उन्होंने जनजातीय समुदाय के अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में उपलब्ध सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार, बीडब्ल्यूओ लोकेश नाथ चौधरी सहित सामाजिक कार्यकर्ता ब्रह्मदेव दास,सुरेश हेंब्रम,मार्टिना हंसदा,सुरेश सोरेन एवं सभी विकास मित्र उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य बिरहोर समुदाय की विशिष्ट जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका तथा सरकारी अधिकारों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान समुदाय के लोगों ने भी अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

# रजौली में गो-99 मॉल का भव्य उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली**। रजौली मुख्यालय स्थित पुरानी बस स्टैंड, आईसीआईसीआई बैंक के बगल में गो-99 मॉल का भव्य उद्घाटन मंगलवार को किया गया। मॉल का उद्घाटन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मॉल की मालकिन अल्पा जैन विशेष रूप से मौजूद रहीं। उद्घाटन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और व्यापारी मौजूद रहे। मॉल की खासियत इसकी किफायती कीमत है। यहां महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए मात्र 49 रुपए से कपड़ों की शुरूआत है। मॉल में अधिकतम 199 रुपए तक में टी-शर्ट, लेगिंग्स, टॉप, प्लाजो, पजामा, हॉफ पैंट, इनर वियर सहित सभी प्रकार के रेडिमेड गारमेंट उपलब्ध हैं। मॉल की मालकिन अल्पा जैन ने बताया कि उनके पिता निर्मल कुमार घोषवाल का जन्मस्थान बिहार था। उनका सपना था कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण कपड़े मिल सकें। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि इस मॉल के खुलने से रजौली समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। महंगाई के इस दौर में जब लोगों की जेब पर बोझ बढ़ गया है, तब यह मॉल कम दाम में बेहतर विकल्प देगा। उन्होंने कहा कि आगामी दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ जैसे त्योहारों में अब साधारण परिवार भी नए कपड़े खरीदकर खुशियों के साथ त्योहार मना पाएंगे।

# बजरंगबली चौक से बस स्टैंड तक सजी फुटपाथी दुकानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## कर्मा पूजा की धूम

**रजौली**। भादो मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाए जाने वाले कर्मा पूजा को लेकर रजौली बाजार में रौनक बढ़ गई है। प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक से लेकर पुरानी बस स्टैंड तक और संगत रोड से लेकर बाईपास तक सड़क के दोनों किनारे फुटपाथी दुकानें सज गई हैं। बाजार में कर्मा के फूल, आम की टहनी, सिआरी की टहनी, मिट्टी के करम देवता, बांस की नई टोकरी, रंग-बिरंगी चूड़ियां, सिंदूर, धूप, दीप, और विभिन्न प्रकार के फलों की जमकर बिक्री हो रही है। फुटपाथी दुकानदारों ने बताया कि इस बार कर्मा पूजा को लेकर बाजार में अच्छी भीड़ है। पूजा में मुख्य रूप से खीरा, ककड़ी, सेब, अनार, केला, नारियल, अमरूद समेत अन्य मौसमी फलों की मांग सबसे ज्यादा है। इसके अलावा पूजा के लिए विशेष रूप से लाया गया कर्मा का फूल 20 से 50 रुपए प्रति मुट्ठी बिक रहा है। महिलाओं द्वारा हाथों में लगाने के लिए मेंहदी और आलता की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखी गई।

# एक सप्ताह में समाधान नहीं तो ब्लॉक का घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड के सिरोडाबर पंचायत के बलिया गांव में सड़क और नाली निर्माण का मुद्दा अब तूल पकड़ने लगा है। तीन दिन पूर्व गांव की महिलाओं, पुरुषों और स्कूली बच्चों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को गांव की महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ को लिखित आवेदन सौंपा। बलिया गांव की लक्ष्मी कुमारी और संगीता देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं प्रखंड कार्यालय पहुंचीं और बीडीओ संजीव झा को आवेदन देकर अपनी पीड़ा सुनाई। आवेदन में बताया गया है कि सिरोडाबर पंचायत के वार्ड संख्या 2 स्थित बलिया गांव में लगभग 120 घरों की आबादी है, लेकिन आज तक गांव में पक्की सड़क और नाली का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे रास्ते के कारण बरसात के दिनों में स्थिति नारकीय हो जाती है। पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को होती है, क्योंकि कीचड़ के कारण गांव में ई-रिक्शा और एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती। ग्रामीण इस समस्या को कई वर्षों से झेल रहे हैं। लक्ष्मी कुमारी और संगीता देवी ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। अब ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क और नाली निर्माण की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव की सभी महिलाएं और बच्चे प्रखंड कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी।

### नेमदारगंज मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुश कुमार सम्मानित



**अकबरपुर**। मध्य विद्यालय नेमदारगंज के प्रधानाध्यापक कुश कुमार का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। शिक्षक और विद्यार्थी उत्साह से भरे रहे। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार द्वारा जिले के कुल 13 शिक्षकों को सम्मानित किया गया था। इनमें मध्य विद्यालय नेमदारगंज के प्रधानाध्यापक कुश कुमार भी शामिल थे। विद्यालय में बेहतर व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, पौधारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी, रैली और पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न गतिविधियों में विद्यालय की सक्रिय भागीदारी रही है। इन गतिविधियों के आधार पर उनका चयन जिला स्तर पर किया गया। इसी उपलक्ष्य में विद्यालय के वरीय शिक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

### स्वच्छता पर लेखन प्रतियोगिता में सलोनी और निकिता प्रथम




**अकबरपुर**। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा-2026' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलभद्रो में विद्यार्थियों के लिए लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार लिखे। विद्यार्थियों के लेखन, विषय की समझ और स्वच्छता के प्रति जागरूकता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में सलोनी और निकिता कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सत्यम कुमार दूसरे और तेजस्वी कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चे अपने परिवार और समाज को भी सफाई के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों से भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ लेखन और रचनात्मकता का विकास हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

### माहुरी समाज ने किया सम्मान समारोह सह भंडारा का आयोजन

**अकबरपुर (नवादा)**। अकबरपुर बाजार स्थित माहुरी वैश्य मंडल परिसर में सोमवार की देर शाम गणेश पूजा के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह सह भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सामाजिक एकजुटता, आपसी भाईचारा और समाज के विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान से हुई। समाज में उनके योगदान और सक्रिय भूमिका के लिए उन्हें माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद समाज के लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।
मौके पर अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि गणेश पूजा के दौरान प्रत्येक वर्ष प्रतिमा स्थापना के आठवें दिन भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना और आपसी एकजुटता को मजबूत करना है।

# पितृपक्ष मेला को लेकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिलाधिकारी ने की ब्रीफिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर देश-विदेश से गया आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर, सुगम एवं त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, गया डॉ. शशांक शुभंकर ने समाहरणालय सभागार में संवाद सदन, विष्णुपद एवं नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ ब्रीफिंग बैठक की। बैठक में नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन, प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित निष्पादन तथा मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नियंत्रण कक्ष में तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं एवं आम लोगों से प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत एवं सुझाव को निर्धारित रजिस्टर में व्यवस्थित एवं स्पष्ट रूप से संधारित किया जाए। शिकायत प्राप्त होने के समय, शिकायत का विषय, संबंधित विभाग तथा उसके निष्पादन की स्थिति का भी समुचित उल्लेख सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी शिकायत की मॉनिटरिंग में कठिनाई नहीं हो। उन्होंने विशेष रूप से रात्रि पाली में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेला अवधि में नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय भूमिका में रहेगा, इसलिए सभी शिफ्ट में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों की दैनिक कंपाइल रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों की संख्या, शिकायत का प्रकार, संबंधित विभाग की गई कार्रवाई एवं निष्पादन की स्थिति का संकलन किया जाए। साथ ही ऐसी शिकायतें, जो बार-बार प्राप्त हो रही हैं, उनकी अलग सूची तैयार कर प्रतिदिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि बार-बार आने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला अवधि में नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। तीर्थयात्रियों की सुविधा से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने को कहा गया।

# अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश के आलोक में गया जी की प्रमुख पिंडवेदियों एवं मेला क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 की तैयारियों को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश के आलोक में गया जी के प्रमुख पिंडवेदियों एवं मेला क्षेत्रों का संबंधित कोषांग सदस्यों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साफ-सफाई कोषांग के सदस्य विकास कुमार, स्वच्छता एवं जल कोषांग के सदस्य धनंजय कुमार, बिजली कोषांग के सदस्य मोहन राय शर्मा एवं स्वास्थ्य कोषांग के सदस्य जितेंद्र कुमार ने पितामहेश्वर, अन्दर गया जी, नवागढ़ी, चांद चौरा, देवघाट सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर जर्जर सड़क, क्षतिग्रस्त एवं खुले नाले, टूटे नाली स्लैब, सड़क पर गड्ढे पूर्व में थे जिसे ठीक कर दिया गया है वही गोदावरी रोड़ में नाली धंस पाया गया है जिसे बनाने की आवश्यकता पाई गई। चांद चौरा शौचालयों में साफ-सफाई की कमी अभी भी है, बिजली पर्याप्त है ट्रांसफार्मर में ब्रैकेटिंग लगाई गई है कुछ तार लटकी पाई गई है एवं भीम वेदी गली में मरम्मती कार्य अधूरा है। कोषांग सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गयाजी (पूर्वी) विकास कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया जी की आस्था, परंपरा और धार्मिक पहचान से जुड़ा विश्वस्तरीय आयोजन है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मेला शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में सामने आई समस्याओं को संबंधित विभागों एवं वरीय अधिकारियों के संज्ञान में लाकर समन्वित रूप से त्वरित कार्रवाई के लिए पहल की गई है। डॉ. प्रेम कुमार के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# गोपालपुर में मेडिकल स्टोर की जांच, दो अस्पताल सील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के गोपालपुर में अवैध तरीके से संचालित मेडिकल स्टोर की जांच की। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर के संचालन से संबंधित कई त्रुटियां सामने आईं। एसडीओ ने मौके पर आवश्यक जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमों के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जांच के बाद अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर की जांच के दौरान कई प्रकार की त्रुटियां पाई गई हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक को सख्त निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में अवैध तरीके से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर और अस्पतालों की जांच कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीओ ने बताया कि जांच के दौरान नियमों के अनुरूप संचालित नहीं पाए जाने वाले दो अस्पतालों को सील किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर बिना आवश्यक अनुमति, मानक और दस्तावेज के संस्थानों का संचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पितृपक्ष मेला के लिए संवास सदन में 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पितृपक्ष मेला-2026 के अवसर पर देश-विदेश के विभिन्न राज्यों एवं देशों से गया आने वाले तीर्थयात्रियों को आवश्यक जानकारी, सहायता एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विष्णुपद स्थित संवास सदन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का मंगलवार को आयुक्त, मगध प्रमंडल सफीना ए एन एवं जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। संवास सदन स्थित कंट्रोल रूम में स्थापित कॉल सेंटर का संचालन नेहरू युवा केंद्र के प्रशिक्षित वोलंटियर्स के माध्यम से कराया जा रहा है। यह नियंत्रण कक्ष पितृपक्ष मेला के दौरान तीर्थयात्रियों की समस्याओं के त्वरित समाधान, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर सहायता पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए ई-समाधान/आईवीआरएस नंबर 9266628168 जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल कर तीर्थयात्री पितृपक्ष मेला से संबंधित विभिन्न आवश्यक जानकारियां प्राप्त करने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। आईवीआरएस प्रणाली के माध्यम से संबंधित वरीय पदाधिकारियों के दूरभाष नंबरों से लाइनअप की व्यवस्था की गई है, ताकि आवश्यकता के अनुसार तीर्थयात्रियों की शिकायत एवं समस्या को संबंधित पदाधिकारी तक तत्काल पहुंचाया जा सके और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। कंट्रोल रूम में एक मेन लाइन के साथ चार हंटिंग लाइन की भी व्यवस्था की गई है, ताकि मेला अवधि में बड़ी संख्या में आने वाले फोन कॉल को व्यवस्थित तरीके से रिसीव किया जा सके। पितृपक्ष मेला के दौरान कॉल सेंटर को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी तरीके से संचालित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि संवास सदन कार्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे कार्यरत रखा गया है। कॉल सेंटर में निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कंट्रोल रूम में आने वाले प्रत्येक फोन कॉल की व्यवस्थित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी प्राप्त कॉल का अनुपालन प्रतिवेदन तैयार करने को कहा। ताकि यह स्पष्ट रूप से पता चल सके कि तीर्थयात्रियों द्वारा किस प्रकार की समस्याओं अथवा जानकारियों के लिए अधिक संख्या में संपर्क किया जा रहा है। प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के आधार पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

# यूजीसी के विरोध में रैली की तैयारी अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** सवर्ण एकता के बैनर तले थाना क्षेत्र के मथुरापुर बाजार में गुरूवार को यूजीसी कानून के विरोध में शांति पूर्ण तरीके से आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। इस संबंध में सवर्ण समाज के युवाओं ने कहा कि आज सरकार द्वारा यूजीसी कानून लाकर हमलोगों के शिक्षा के अधिकार को छीनना चाहती है। यह कानून समाज विरोधी है। सरकार इस कानून को लाकर अंग्रेजों की तरह फुट डालो राजनीति करो की नीति को अपनाना चाह रही है। सवर्ण समाज के युवा पूरे देश में इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे। सरकार द्वारा पूर्व में भी कई प्रकार के समाज तोड़ा कानून लाकर समाज में एक दूसरे समाज के प्रति नफरत फैलाने का काम किया गया है। आज सरकारी कानून के कारण ही एक समाज दूसरे समाज से अलग हो चुका है। समाज में सहयोग, भाईचारा समाप्त हो चुका है। बकाया, उधार नहीं देने पर एक समाज के लोग सवर्ण समाज को सरकारी मुकदमों में फंसा रहे हैं। यह नीति समाज में एकता, भाईचारा, सहयोग, मदद, ममता को समाप्त कर चुका है। आज समाज के लोग सरकार की गंदी नीति एवं राजनीति के कारण अपने गांव के ग्रामीण, पड़ोसी से दोस्ती, मित्रता रखना बंद कर चुके हैं। आगे बताया कि 24 सितम्बर को मथुरापुर बाजार में चार प्रखंडों के सैकड़ों सवर्ण युवा जुट कर सरकार की इस नीति का विरोध करेंगे।

# मालदा मंडल द्वारा रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती मनाई गई

## डीआरएम ने ई-पत्रिका 'बढ़ते कदम' के हिंदी दिवस विशेषांक का किया विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के तहत ई- पत्रिका 'बढ़ते कदम' के हिंदी दिवस संदेश का विमोचन एवं हिन्दी संगोष्ठी का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मालदा रेल मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित हिंदी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार एवं सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता द्वारा रामधारी सिंह 'दिनकर' के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित शाखा अधिकारियों ने भी दिनकर जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान वक्ताओं द्वारा दिनकर के साहित्यिक योगदान तथा हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार प्रस्तुत किए गए।

बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, मालदा के अनुदेशक पवन कुमार पोद्दार द्वारा रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध रचना 'उर्वशी' पर विश्लेषणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जनसंवाद का नया माध्यम विषय पर हिंदी संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदी के बढ़ते प्रयोग तथा डिजिटल माध्यमों के जरिए जनसंवाद को अधिक प्रभावी बनाने में हिंदी की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। विषय पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक प्रवीण कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) निलेश कुमार गौरव ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मालदा मंडल के विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार, साहित्यिक अभिरुचि तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

# जमुई के आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जमुई में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्रा को रास्ते में कथित रूप से जबरन रोककर अपमानित, प्रताड़ित एवं उत्पीड़ित किए जाने की घटना के विरोध में आज गया में गांधी मैदान गेट नंबर-07 के समीप कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। धरना-प्रदर्शन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डॉ. शशि शेखर सिंह, प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, रंजीत कश्यप, राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, धर्मेंद्र कुमार निराला, नवाब अली, मदन सिंह, उदय शंकर पालित, सुनील कुमार पासवान, समी अहमद, मोहम्मद ताज उद्दीन, शंभू शरण सिंह, प्रदीप शर्मा, रंजीत सिंह, ज्ञानेन्द्र शिशु, धीरज कुमार वर्मा, इंदल पासवान, राज कपूर गुप्ता, अंशु सिन्हा, राहुल रंजन, राजेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, अनिल पासवान, ओंकार शक्ति, अर्जुन गुप्ता, मुन्ना मांझी, कौशल श्रीवास्तव, शिवनाथ प्रसाद, रौशन कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वायरल वीडियो में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ जिस प्रकार का कथित दुर्व्यवहार दिखाई दे रहा है, वह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। नेताओं ने कहा कि वीडियो में छात्रा द्वारा हाथ जोड़कर विनती किए जाने के बावजूद उसके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और खींचतान की गई। इस घटना के वीडियो के वायरल होने से बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट : मिर्जा गालिब कॉलेज और आरएलएसवाई कॉलेज सेमीफाइनल में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज, गया द्वारा मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के दूसरे दिन मंगलवार को हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम, गांधी मैदान में मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में मिर्जा गालिब कॉलेज, गया और आरएलएसवाई कॉलेज, औरंगाबाद की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों को वॉकओवर मिलने के कारण उन्हें सीधे सेमीफाइनल में जगह मिली। इसके बाद दोनों टीमों के बीच सद्भावना मैच खेला गया जिसमें मिर्जा गालिब कॉलेज की टीम विजयी रही। सद्भावना मैच का शुभारंभ मिर्जा गालिब कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने गेंद पर किक मारकर किया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 21 से 24 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने किया था। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 24 सितंबर को खेला जाएगा। इस अवसर पर डॉ. जोफैल हसन, डॉ. मो. सफदर अली, खतीब अहमद, सैयद नियाजुद्दीन, शमीम अहमद, प्रॉक्टर डॉ. मो. शहाबुद्दीन, डॉ. परवेज वहाब, डॉ. अकील अहमद, डॉ. सारिम अब्बास, डॉ. प्रियंका, सुश्री लुब्ना अंबरीन सहित कई खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान एवं डॉ. अकरम वारिस ने दी।

# हम सेक्युलर ने किया संगठन विस्तार, बलवीर बने कोंच प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर की गया जिला इकाई ने मंगलवार को संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। जिलाध्यक्ष टूटू खां ने टिकारी विधानसभा क्षेत्र के कोंच प्रखंड अध्यक्ष पद पर बलबीर कुमार को नियुक्त किया है। वहीं श्यामदेव गौतम को जिला उपाध्यक्ष और संतोष कुमार यादव को जिला सचिव बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संरक्षक जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन और राज्य बीस सूत्री सदस्य सह उप मंत्री डॉ. अनिल कुमार के प्रति आभार जताते हुए संगठन को पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर हम नेता अजीत कुमार, विवेक शर्मा, मिंकू शर्मा, गुड्डू शर्मा, मुकुल चंद्रवंशी, मंटू पासवान, निवास वर्मा, संतोष शर्मा समेत कई कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

# करमा पूजा को लेकर शेरघाटी में रही धूम, बहनों ने भाई की लंबी आयु के लिए रखा व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** करमा पूजा को लेकर मंगलवार को शेरघाटी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। कर्म एकादशी व्रत के अवसर पर महिलाओं ने अपने भाइयों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसको लेकर शहर के विभिन्न शिवालयों एवं मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। कर्म पूजा को लेकर महिलाओं ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी। पूजा के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली। मंगलवार को महिलाएं समूह में मंदिरों में पहुंचीं और पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों के लिए मंगलकामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने कर्म देव की पूजा कर परिवार की सुख-शांति और भाई-बहन के प्रेम को बनाए रखने की प्रार्थना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह बनाकर कर्म पूजा से जुड़ी पारंपरिक कथा भी सुनी। बताया जाता है कि कर्म पूजा का पर्व भाई-बहन के स्नेह और आपसी रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना करती हैं। पर्व को लेकर सुबह से ही मंदिरों और पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। महिलाओं के समूह में पूजा-अर्चना करने से पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।

# ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने की निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** 3 अरब अमेरिकी डॉलर के सी. के. ए बिरला ग्रुप का हिस्सा, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लॉन्च करते हुए अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन की गई यह रेंज विश्वसनीय सर्किट सुरक्षा, इंस्टॉलेशन में फ्लेक्सिबिलिटी और बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी में 35 वर्ग मिमी के डुअल-फंक्शन टर्मिनल, 13-प्लेट आर्क शूट डिजाइन, दो-स्थिति वाला डीन क्लिप और लाइन-लोड रिवर्सिबिलिटी दी गई है। यह रेंज 240 या 415वी एसी, बी और सी कर्व ट्रिपिंग विशेषताओं में 6ए से 63ए तक उपलब्ध है और आईएस या आईइसी 60898-1 के अनुरूप है। यह 5 साल की वारंटी के साथ सीइ और आईएसआई प्रमाणन के साथ आती है।

# मारपीट मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** ऑती थाना क्षेत्र में जमीन पर काम रोककर गाली-गलौज और मारपीट कर 15 हजार रुपये छीनने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# केंद्रीय विद्यालय बोधगया में नामांकन प्रक्रिया शुरू, 26 सितंबर तक मिलेगा मौका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** केंद्रीय विद्यालय बोधगया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बालवाटिका-1 से बालवाटिका-3 तथा कक्षा एक से पांच तक नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर आयोजित लॉटरी का परिणाम जारी होने के बाद विद्यालय प्रशासन ने चयनित विद्यार्थियों के नामांकन को लेकर सूचना जारी कर दी है। चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों को 26 सितंबर तक विद्यालय पहुंचकर प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। विद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों का नामांकन फिलहाल प्रोविजनल रखा गया है। प्रवेश को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए अभिभावकों को 22 सितंबर से 26 सितंबर 2026 तक सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे के बीच विद्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। अभिभावकों को बच्चे के साथ विद्यालय पहुंचना अनिवार्य बताया गया है। मालूम हो कि नवसृजित केंद्रीय विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में एक सेक्शन के साथ पढ़ाई शुरू की जा रही है। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया को लेकर चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच उत्सुकता बनी हुई है। प्रवेश सूचना में अभिभावकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रिंट कॉपी के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। इनमें बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र अथवा जन्मतिथि का प्रमाण, अभिभावक का सेवा प्रमाणपत्र, हालिया वेतन पर्ची, पिछले सात वर्षों में हुए स्थानांतरण की संख्या से संबंधित प्रमाणपत्र, जाति एवं श्रेणी प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, बच्चे का फोटो और आधार कार्ड शामिल हैं। इसके अलावा बच्चे की आधार आवेदन या पंजीकरण पर्ची, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट तथा लागू होने की स्थिति में सीडब्ल्यूएसएन प्रमाणपत्र भी जमा करना होगा। विद्यालय प्रशासन ने सभी दस्तावेज पूर्ण एवं वैध रखने तथा आवश्यकतानुसार सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षरित या सत्यापित कराने का निर्देश दिया है। लॉटरी में चयन होने मात्र से प्रवेश सुनिश्चित नहीं होगा। सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने और उनके सफल सत्यापन के बाद ही विद्यार्थियों के नामांकन की अंतिम पुष्टि की जाएगी।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पकरी पंचायत में चला सफाई अभियान

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के पकरी पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोहिया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंगलवार व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक कौशल पाण्डेय के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों, द्वारा पंचायत के जकजलपा हाई स्कूल, जालपा महादेव मंदिर, तारापुर शिव मंदिर, उर्दू मध्य विद्यालय तारापुर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक कौशल पाण्डेय ने ग्रामीणों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि हरे डस्टबिन में गीला कचरा, जैसे सब्जी-फल के छिलके और बचा हुआ भोजन जबकि नीले डस्टबिन में सूखा कचरा, जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु, लकड़ी, कांच और रबर आदि रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आगे लाल और काले डस्टबिन की भी व्यवस्था की जाएगी। लाल डस्टबिन में डायपर, सैनिटरी पैड आदि कचरे को अलग थैली में बंद करके रखने तथा काले डस्टबिन में पुराने दवाइयों के डिब्बे, टूटे बल्ब और थर्मामीटर जैसे कचरे को रखने की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों से अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा कचरे का उचित प्रबंधन करने की अपील की गई। ग्रामीणों ने प्रतिदिन स्वच्छता के लिए समय निकालने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की शपथ भी ली। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे, स्वयं गंदगी नहीं फैलाएंगे और दूसरों को भी गंदगी फैलाने से रोकने का प्रयास करेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 17.09.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन–176–26–27, कार्य का नाम:** कोलकाता में – सहायक अभियंता/बालीगंज के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य)/चितपुर के अधीन कोलकाता में महिला कक्ष का निर्माण और मौजूदा रनिंग रूम के नवीनीकरण सहित अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,51,34,830.72, **बयाना राशि:** रु.3,02,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** 04 (चार) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.10.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 13.10.2026 को 15.30 बजे । निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-232/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–43 ऑफ 2026–27/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा सं०–23–डीडीयू– व०मं०इंजी० – II–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल अभियंता/II/डीडीयू के क्षेत्रधिकार में विभिन्न स्थानों पर रोड कम रेल मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट द्वारा साइट पर 60 किग्रा/90 यूटीएस/260आर रेल की फ्लैश बट वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 15312023.35, **धरोहर राशि :** ₹ 306300.00

**2. निविदा सं०–24–डीडीयू–व०मं०इंजी० – II –26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल अभियंता / डेहरी ऑन सोन और सहायक मंडल अभियंता / गया के अंतर्गत 52/60 किलोग्राम क्रॉसिंग और स्वीटीज का पुनर्सतहीकरण/ नवीनीकरण का कार्य। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 9387152.92, **धरोहर राशि :** ₹ 187800.00

**3. निविदा सं०–25–डीडीयू– व०मं०इंजी० – II –26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** मानपुर – पं० दीन दयाल उपाध्याय – सेस मरम्मत कार्य – 17.66 ट्रैक कि०मी० (6 मीटर – 16.26 ट्रैक कि०मी०, और 3 मीटर – 1.4 ट्रैक कि०मी०)। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 81513086.82, **धरोहर राशि :** ₹ 1630300.00 ,

**ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 12.10.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/0959/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/26–27/52**

संपादकीय

# ‘फ्री रजिस्ट्री’ पर ग्रहण?

मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को गांवों में शुरू की गई महत्वाकांक्षी मालिकाना हक के लिए मुफ्त रजिस्ट्री योजना अपने आगाज के तीसरे दिन भी परवान नहीं चढ़ सकी है तो इसकी मुख्य वजह है जिन कर्मचारियों को यह काम करना है, उन्हें ही विश्वास में नहीं लिया। नतीजा यह है कि उप पंजीयक के अधिकार दिए जाने के बाद भी सम्बन्धित पटवारी, नायब तहसीलदार और तहसीलदार इस काम को हाथ लगाने को तैयार नहीं है। उन्हें डर है कि जरा सी गलती भी उन्हें कानूनी उलझन में फंसा सकती है। दूसरी तरफ सरकार इस अमले को अभी तक भरोसा नहीं दिला सकी है कि वो निश्चिंत होकर अपना काम करें और योजना को सफल बनाए। गौरतलब है कि मप्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 के तहत मुफ्त रजिस्ट्री का महाअभियान शुरू किया है। 17 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत प्रदेश के 55 जिलों के 41 हजार 568 से अधिक गांवों में किए सर्वे के बाद लगभग 68.47 लाख प्लॉटों में से 50 लाख से ज्यादा संपत्तियों को कानूनी अधिकार पत्र दिलाना है। इस पर करीब 4 हजार करोड़ रू. खर्च होंगे। यह पैसा सरकार ही देगी। उल्लेखनीय है कि शहरों में तो अचल सम्पत्तियों की रजिस्ट्री होती है, लेकिन गांवों में यह सुविधा नहीं है। सम्पत्ति का मालिकाना हक नहीं होने से लोगों को अन्य दूसरी सुविधाएं जैसे कि बैंक लोन आदि नहीं मिल पाते। रजिस्ट्री होने के बाद यह सुविधा उन्हें भी मिल सकेगी। वैसे तो यह काम पंजीयकों का है, लेकिन इतने बड़े और इतनी कम अवधि में काम पूरा करने के लिए उसके पास स्टाफ बेहद कम है। पंजीयन विभाग के पास महज 233 ही उप पंजीयक हैं। इसलिए तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को उप पंजीयक के अधिकार अस्थायी रूप से दिए गए हैं।

# संस्कृति की नदी में कितनी धाराएंः दिनकर और उनका रचना संसार



आभाष कुमार सौरभ
पीएचडी रिसर्च स्कॉलर, दिल्ली विश्वविद्यालय

सभ्य राष्ट्र की आत्मा संस्कृति होती है और राष्ट्र की आत्मा को अपने काव्य में पिरोने वाला राष्ट्रकवि। भारत के गौरवकालीन इतिहास के गायक, अलौकिक काव्य प्रतिभा के धनी, रामधारी सिंह दिनकर, आज ही के दिन बिहार के मुंगेर (वर्तमान बेगूसराय) जिले के सिमरिया गाँव में पैदा हुए और अपने ओजस्वी काव्यों के लिए विख्यात दिनकर राष्ट्रीय धारा के कवियों में सर्वाधिक सबल हस्ताक्षर बन कर उभरे। वह अपने काल के प्रतिनिधि कवि तो हैं ही साथ ही साथ जनमानस में संभाव पैदा करने वाले भावविभोरनी काव्य लहरी के सृजनकार भी हैं। राष्ट्रप्रेम दिनकर की काव्य का आधार रही। भारत के प्रति उनका अथाह प्रेम उनकी रचनाओं में स्पष्ट प्रतिबिंबित होती हैं। वे लिखते हैं तुझको या तेरे नदीश, गिरि, वन को नमन करूँ, मैं ? मेरे प्यारे देश ! देह या मन को नमन करूँ मैं ? किसको नमन करूँ मैं भारत ? किसको नमन करूँ मैं ?

आज सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के युग में दिनकर को याद करना काफ़ी अहम हो जाता है। दिनकर के अनुसार संस्कृति का विषय अपार है, भारतीय जनता की संस्कृति का रूप सामासिक है और इसका विकास धीरे-धीरे हुआ है। आज समस्त संसार में केवल भारतीय संस्कृति ही ऐसी संस्कृति है जिसमें अधिक से अधिक संस्कृतियों का रंग मिला हुआ है। कालांतर में हम देखते हैं कुछ शक्ति इस सांस्कृतिक नदी की धारा को विभाजित कर के बांध बनाने के लिए उत्सुक रहती हैं- मार्क्सवाद उनमें से एक है। यह स्वीकारने में कठिनाई नहीं है कि मार्क्सवाद ने ऐतिहासिक विकास का विश्लेषण उपस्थित करके समस्याओं पर चिंतन मदद की। लेकिन, आख़िर में वह एक संकीर्ण मतवाद बन गया और जीवन की आर्थिक पद्धति के रूप में उसका चाहे जो भी महत्व हो, हमारी बुनियादी शंकाओं का समाधान निकालने में वह असफल है। यह कहना कदापि अतिरेक नहीं होगा कि आर्थिक उन्नति जीवन और प्रगति का बुनियादी आधार तो है, लेकिन ज़िन्दगी वहीं तक ख़त्म नहीं होती। वह आर्थिक विकास से कहीं ऊँची चीज है।

इतिहास सातत्य और परिवर्तन के सिद्धांत पर काम करता है और यह दोनों एक तरफ़ देखने पर विरोधी लगते हैं लेकिन दरअसल हैं नहीं, क्यूँकि सातत्य के भीतर भी परिवर्तन का एक भाग है। इतिहास में कभी-कभी ऐसा वक्त आता है जब परिवर्तन की प्रक्रिया और उसकी तेज़ी कुछ अधिक ही प्रत्यक्ष हो जाती हैं जिसका नुक़सान संस्कृति और खासकर रचनात्मक कलाओं और परिवृत्तियों के क्षय के रूप में आता है। दिनकर ने इसी क्षय के नुक़सान को समझते हुए आगामी पीढ़ी के लिए संजो कर रखने के एक प्रयास के लिए भारतीय संस्कृति को समझने का प्रयत्न किया।

राष्ट्रकवि दिनकर की राष्ट्रीय दृष्टि का आधार अठारहवीं शताब्दी में उत्पन्न हुए यूरोपीय राष्ट्रवाद नहीं था, बल्कि प्राचीन वैदिक साहित्य की संकल्पना से उपजी हुई भारतीय परंपरा थीं। वो जय पाने वाली जवानी की दिनकर कामना करते थे। 1960 के चीन युद्ध के समय उन्होंने अर्जुन और भीम जैसी शूरवीरता की आशा प्रकट की। उन्होंने लिखा ङ्क

रे रोक युधिष्ठिर को न यहाँ, जाने दे उनको स्वर्ग धीर,
पर लौटा हमें गांडीव-गदा, लौटा दे अर्जुन-भीम वीर।

दिनकर जनमानस और हिंदुस्तान की आत्मा के कवि थे। उनकी कविताओं ने आधुनिक हिंदी साहित्य पर गहरा प्रभाव डाला है। उन्होंने भारत की आत्मा संस्कृति को पिरोया, और उनके राष्ट्रवाद की जड़ें काफ़ी गहरी थीं। संस्कृति के चार अध्याय में उन्होंने स्वीकार किया कि उन्नीसवीं शताब्दी के सांस्कृतिक जागरण का हाल जब उन्होंने पढ़ना शुरू किया तो फिर जिज्ञासा कुछ और विस्तृत हो गई और मन ने जानना चाहा कि भारतीय संस्कृति का सम्पूर्ण इतिहास कैसा है। इसी से उनकी यह प्रमुख कृति संस्कृति के चार अध्याय का जन्म हुआ।

रामधारी सिंह दिनकर संस्कृति के चार अध्याय में कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में चार बड़ी क्रांतियाँ हुई हैं और हमारी संस्कृति का इतिहास उन्हीं चार क्रान्तियों का इतिहास है। पहली क्रांति तब हुई जब आर्यों और आर्योत्तर संस्कृतियों के मिलन से जो संस्कृति उत्पन्न हुई, वही भारत की बुनियादी संस्कृति बनी।

दूसरी क्रांति तब हुई, जब महावीर और गौतम बुद्ध ने इस स्थापित धर्म या संस्कृति के विरुद्ध विद्रोह किया। दिनकर यह भी लिखते हैं की इसी क्रांति के सरोवर में शैवाल भी उत्पन्न हुए और भारतीय धर्म तथा संस्कृति में जो गंदलापन आया, वह काफ़ी दूर तक, इन्हीं शैवालों का परिणाम था।

दिनकर के अनुसार, तीसरी क्रांति उस समय हुई, जब इस्लाम भारत पहुँचा और जब यहाँ उसका हिंदुत्व के साथ संपर्क हुआ। और चौथी क्रांति हमारे अपने समय में हुई, जब भारत में यूरोप का आगमन हुआ। दिनकर की यह विख्यात पुस्तक दरअसल इन्हीं चार क्रांतियों का संक्षिप्त इतिहास है।

दिनकर की आस्था भारतीय संस्कृति में थी। क्यूंकि भारतीय संस्कृति, आरम्भ से ही सामसिक रही है। उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम, देश-विदेश जहाँ भी हिंदू बसते हैं, उनकी संस्कृति एक है एवं प्रत्येक क्षेत्रीय विशेषता हमारी इसी संस्कृति की विशेषता है। संस्कृति की इस सरिता की धाराएँ जहाँ कहीं भी दो भागों में बटने लगती हैं तो वहाँ दिनकर सुझाते हैं कि उनको एक धारा में लाकर बहाने का काम राजनीति नहीं, बल्कि शिक्षा और साहित्य के द्वारा संपन्न किया जाना चाहिए।

दिनकर कई बार आलोचना के भी शिकार बने। उन्होंने अपनी पुस्तक संस्कृति के चार अध्याय के तृतीय संस्करण की भूमिका में स्पष्ट लिखा है कि सांस्कृतिक एकता की बातें जनसाधारण ही सुनना चाहता है; पंडित और विशेषज्ञ ऐसी बातों से बिदक जाते हैं। दिनकर का कहना बहुत उचित लगता है। क्यूंकि सवाल यह है कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है क्या ? अलग-अलग विद्वानों ने इसकी परिभाषा गढ़ी है जिसपर अकादमिक और राजनीतिक जगत में काफ़ी बहस भी होती रहती है लेकिन सामान्य शब्दों में समझें तो इस विचारधारा के अनुसार भूमि राष्ट्र का शरीर है और उसकी संस्कृति उसकी आत्मा है। कुछ विद्वान जो पश्चिम का अंधानुकरण करने में लिप्त हैं वो इसकी परिभाषा ढूँढने पश्चिम की तरफ़ चले जाते हैं और समस्या यहीं से शुरू होती है क्योंकि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सच्चे मायने में सार्थक अर्थ वहीं हो सकता है जहाँ संस्कृति का एक लंबा इतिहास हो, जो देश विरासत की असंख्य तारों से सुसज्जित हो, और यह पश्चिम में ढूँढ़ने पर या तो नगण्य मिलेंगे या विरले ही मिलेंगे। इसीलिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत जैसी भूमि की अपनी पहचान जैसी देखी जानी चाहिए। जहाँ मौखिक इतिहास से लेकर इतिहास पुराण और आधुनिक काल तक की अपनी एक ऐतिहासिक यात्रा है। बहरहाल दिनकर का आकाश सिर्फ़ भारतीय संस्कृति और भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वह भारतीय संस्कृति को आधार बनाकर विश्व बंधुत्व की ओर बढ़ते हैं। राष्ट्र देवता का विसर्जन और किसको नमन करूँ मैं भारत जैसी उनकी रचना अखिल दृष्टि के अमरत्व और शांति की मंगलकामना करते हैं। दिनकर का विश्वास था कि यदि समाज में समता व संभाव नहीं है तो समाजवाद का नारा देने से मानव सुखी नहीं होगा, दिनकर लिखते हैं

जब तक मनुज मनुज का यह, सुखभाग नहीं सम होगा।
शमित न होगा कोलाहल, संघर्ष नहीं कम होगा।।

दिनकर की रचना में एक तरफ़ क्रांति की ज्वाला बहती है तो दूसरी और विश्व शांति के लिए गंगाजल।

तब उतरेगी शांति, मनुज का मन जब कोमल होगा,
जहाँ आज है गरल, वहाँ शीतल गंगाजल होगा।।

अंततः यह कहना अतिरेक नहीं होगा कि दिनकर आज देश की ज़रूरत है। दिनकर को समझना आज हर उम्र के लोगों के लिए अहम है। उनको समझने के लिए उनकी वे पुष्परूपी काव्य रचनायें हैं जो बेगूसराय के मिट्टी में बीज पायी और देश व दुनिया भर के गगन में जाके पुष्प वर्षा कर आई। दिनकर ने उर्वशी में ठीक ही लिखा है कि उर्वशी ! अपने समय का सूर्य हूँ मैं। यह कालांतर में स्पष्ट हो गया कि दिनकर बिहार की धरती से उगने वाले वो सूर्य थे जिनकी आभा और तेज से सम्पूर्ण धरा आज भी पुष्पित और पल्लवित हो रही है, वो सूर्य जो कभी बुझ नहीं सकता।

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर : साहित्य जगत का सूर्य



ई. हिमांशु शेखर

भारत की पवित्र भूमि ने समय-समय पर ऐसे साहित्यकारों को जन्म दिया है, जिन्होंने अपनी लेखनी से न केवल साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कबीर, तुलसी, सूर, प्रेमचंद और मैथिलीशरण गुप्त की परंपरा में रामधारी सिंह ‘दिनकर’ का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे केवल कवि नहीं थे; वे युग की बेचैनी, संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रीय चेतना के स्वर थे। उनकी कविता में जहां एक ओर वीरता और विद्रोह की हुंकार सुनाई देती है, वहीं दूसरी ओर प्रेम, सौंदर्य, संस्कृति और मानवीय संवेदना की गहरी अनुभूति भी दिखाई देती है।

23 सितंबर 1908 को बिहार के सिमरिया गांव में जन्मे दिनकर ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अपना जीवन आरंभ किया। उनका जन्म उस समय मुंगेर जिले में हुआ था; वर्तमान में सिमरिया बेगूसराय जिले का हिस्सा है। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और आगे चलकर हिंदी साहित्य के ऐसे शिखर पुरुष बने, जिनकी रचनाओं की प्रासंगिकता आज भी कायम है। भारतीय ज्ञानपीठ भी उन्हें 20वीं सदी के महत्वपूर्ण हिंदी रचनाकारों में गिनता है और उनकी 60 से अधिक कृतियों का उल्लेख करता है। आजादी के उपरांत आम जनता और साहित्यकारों द्वारा उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि से सम्मानित किया गया।

दिनकर के साहित्य को समझने के लिए उस समय के भारत को समझना आवश्यक है। देश अंग्रेजी शासन की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। स्वतंत्रता आंदोलन अपने चरम पर था और भारतीय समाज राजनीतिक तथा सामाजिक परिवर्तन की आकांक्षा से बेचैन था। ऐसे समय में दिनकर की लेखनी ने लोगों के भीतर स्वाभिमान और प्रतिरोध की भावना जगाई।

उनकी राष्ट्रीय चेतना केवल भावुकता नहीं थी। उसमें संघर्ष का आह्वान था। उनकी कविताएं गुलामी के विरुद्ध भारतीय आत्मसम्मान की आवाज बनीं। भारत सरकार के प्रकाशन न्यू इंडिया समाचार ने भी दिनकर की रचनाओं को स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से जुड़ा बताया है और उनके लेखन को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय भावना जगाने वाला बताया है। यही कारण है कि दिनकर को स्वतंत्रता-पूर्व दौर में विद्रोही कवि के रूप में पहचान मिली। उनकी कविता में वह बेचैनी थी जो किसी गुलाम राष्ट्र के संवेदनशील मन में स्वाभाविक रूप से पैदा होती है। हिंदी कविता के इतिहास में दिनकर का आगमन एक ऐसे दौर में हुआ, जब छायावादी काव्य अपनी ऊंचाइयों को छू चुका था। दिनकर ने कविता को सामाजिक यथार्थ, राष्ट्रीय चेतना, संघर्ष और जनजीवन से जोड़ा। उनकी रचनाओं में ओज, विद्रोह, आक्रोश और क्रांति की पुकार है तो दूसरी ओर प्रेम और सौंदर्य की कोमल अनुभूतियां भी हैं।

‘रेणुका’, ‘हुंकार’, ‘रसवंती’, ‘कुरुक्षेत्र’, ‘रश्मिरथी’ और ‘उर्वशी’ जैसी कृतियां उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की परिचायक हैं। ‘संस्कृति के चार अध्याय’ के माध्यम से उन्होंने भारतीय संस्कृति के विकास और उसकी विविध धाराओं को समझने का गंभीर प्रयास किया। भारतीय ज्ञानपीठ भी ‘संस्कृति के चार अध्याय’ को उनकी महत्वपूर्ण कृतियों में शामिल करता है।

दिनकर की विशेषता यह थी कि वे केवल अतीत का गुणगान नहीं करते थे। वे इतिहास और पुराण के पात्रों को वर्तमान के सवालों से जोड़ते थे। यही कारण है कि उनके काव्य में अतीत वर्तमान से संवाद करता दिखाई देता है।

‘रश्मिरथी’ और कर्ण का पुनर्पाठ

1952 में प्रकाशित ‘रश्मिरथी’ ने दिनकर को घर-घर में लोकप्रिय बना दिया। इस काव्य में उन्होंने महाभारत के कर्ण को केंद्र में रखकर जन्म, जाति, सामाजिक प्रतिष्ठा, मित्रता, दान, नैतिकता और संघर्ष जैसे प्रश्नों को उठाया।

कर्ण का चरित्र दिनकर को इसलिए आकर्षित करता है क्योंकि वह प्रतिभाशाली होने के बावजूद सामाजिक पहचान के संकट से जूझता है। उसे बार-बार उसकी जन्म-पहचान के आधार पर अपमानित किया जाता है। दिनकर ने कर्ण के माध्यम से उस सामाजिक व्यवस्था पर प्रश्न उठाया, जिसमें मनुष्य की योग्यता से अधिक उसकी जाति और जन्म को महत्व दिया जाता है।

उनकी प्रसिद्ध पंक्तियां आज भी सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा का प्रश्न सामने रखती हैं–

÷जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर, क्रूर।÷

दिनकर के कर्ण में केवल वीरता नहीं है; उसमें आत्मसम्मान, मित्रता और वचन के प्रति प्रतिबद्धता भी है। कर्ण के माध्यम से दिनकर यह प्रश्न उठाते हैं कि मनुष्य का मूल्य उसके जन्म से तय होना चाहिए या उसके कर्म से।

यही कारण है कि ‘रश्मिरथी’ केवल महाभारत की कथा नहीं रह जाती। वह आधुनिक समाज के सामने खड़ा एक प्रश्न बन जाती है।

संघर्ष से हार न मानने का संदेश

दिनकर का साहित्य जीवन से पलायन नहीं सिखाता। वह मनुष्य को संघर्ष करने और परिस्थितियों को बदलने की प्रेरणा देता है–

÷है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके वीर नर के मग में।
और–
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।÷

इन पंक्तियों की शक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि उस जीवन-दर्शन में है जो मनुष्य को अपनी परिस्थितियों से लड़ने का साहस देता है। यही कारण है कि दिनकर की कविताएं आज भी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं।

संसद में साहित्य की आवाज

स्वतंत्रता के बाद दिनकर की भूमिका केवल साहित्य तक सीमित नहीं रही। वे राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्हें 1959 में पद्म भूषण और साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

संसद में उनकी उपस्थिति इस बात का उदाहरण थी कि साहित्यकार केवल किताबों तक सीमित नहीं होता। वह लोकतंत्र के विमर्श में भी अपनी भूमिका निभा सकता है। दिनकर की वाणी में साहित्य की संवेदना और सार्वजनिक जीवन की स्पष्टता दोनों मौजूद थीं।

वे सत्ता के निकट होकर भी प्रश्न उठाने का साहस रखते थे। उनके लिए राष्ट्रहित और जनहित किसी राजनीतिक दल से ऊपर थे। यही कारण है कि उनका संसदीय व्यक्तित्व भी उनकी साहित्यिक पहचान की तरह स्वतंत्र और मुखर रहा।

नेहरू और दिनकर ÷ राजनीति और साहित्य का संवाद

पंडित जवाहरलाल नेहरू और दिनकर के संबंधों का उल्लेख हिंदी साहित्य और सार्वजनिक जीवन के संदर्भ में अक्सर किया जाता है। दोनों के बीच वैचारिक मतभेदों के बावजूद परस्पर सम्मान का संबंध था। दिनकर ने सत्ता की आलोचना भी की और राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति सम्मान भी बनाए रखा।

यही लोकतांत्रिक परंपरा आज हमारे लिए महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में असहमति का अर्थ शत्रुता नहीं होता। स्वस्थ लोकतंत्र वही है जहां साहित्यकार, बुद्धिजीवी और नागरिक सत्ता से प्रश्न पूछ सकें और सत्ता भी आलोचना को सुन सके।

दिनकर का संसदीय जीवन इसी व्यापक लोकतांत्रिक संवाद का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

राज्यसभा में भी कविताओं के माध्यम से उन्होंने नेहरू सरकार की खुली व स्वस्थ आलोचना करते थेद्य

घातक है, जो देवता-सदृश दिखता है,
लेकिन, कमरे में गलत हुक्म लिखता है,
जिस पापी को गुण नहीं; गोत्र प्यारा है,
समझो, उसने ही हमें यहाँ मारा है।

1962 में चीन के हाथों पराजित होने के बाद संसद में काव्य पाठ करते हुए दिनकर ने कहा था कि-

रे रोक युद्धिष्ठिर को न यहां जाने दे उनको स्वर्गधीर,
फिरा दे हमें गांडीव गदा लौटा दे अर्जुन भीम वीर

इस कविता पाठ को सुन कर तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू का सिर झुक गया था द्य यह घटना आज भी भारतीय राजनीति के इतिहास की चुनिंदा क्रांतिकारी घटनाओं में से एक है।

# गैंडा संरक्षण की कोशिशों से बढ़ी उम्मीद, लेकिन कई प्रजातियां अब भी संकट में

संजय कुमार


वर्ल्ड राइनो डे (विश्व गैंडा दिवस) पर भारत गैंडों के संरक्षण में मिली एक बड़ी कामयाबी का जश्न मना रहा है। एक सींग वाले गैंडों को विलुप्त होने की कगार से बचाकर उनकी आबादी को फिर से बढ़ाना। उनके रहने की जगहों (हैबिटैट) को सुरक्षित रखने और अवैध शिकार को रोकने की कोशिशों की वजह से, आज भारत में दुनिया के कुल गैंडों की आबादी का लगभग 81.5त्न हिस्सा मौजूद है। 20वीं सदी की शुरुआत में, भारत में एक सींग वाले गैंडे विलुप्त होने की कगार पर थे। अवैध शिकार ने उनकी आबादी को बहुत कम कर दिया था और उनके रहने की जगहें भी सिकुड़ रही थीं। भारत के सबसे शानदार जंगली जानवरों में से एक, अपने ही देश से गायब हो रहा था। लेकिन, संरक्षण की कोशिशों ने इस कहानी का रुख बदल दिया।

जब दुनिया ‘विश्व गैंडा दिवस’ मना रही है, तब भारत में इस प्रजाति की कुल वैश्विक आबादी का लगभग 81.5त्न हिस्सा है। 2026 के ताजा अनुमानों के मुताबिक, दुनिया भर में कुल 4,075 गैंडे हैं, जिनमें से 3,323 भारत में हैं। असम इस प्रजाति का मुख्य गढ़ बना हुआ है, जहाँ 3,260 गैंडे हैं। इनमें से 2,600 से ज़्यादा गैंडे अकेले काजीरंगा नेशनल पार्क में रहते हैं। यह पार्क गैंडों को बचाने की पक्की कोशिशों का केंद्र बन गया, जिसमें सुरक्षित आवास, अवैध शिकार रोकने के उपाय और समर्पित वन कर्मचारी शामिल थे। %इंडियन राइनो विजन% के तहत, गैंडों को दूसरी सुरक्षित जगहों पर भी भेजा गया ताकि उनकी आबादी बढ़ाई जा सके; इनमें मानस नेशनल पार्क भी शामिल है। इस %वर्ल्ड राइनो डे% पर, भारत संरक्षण के उस सफर का जश्न मना रहा है जो अभी भी जारी है यह एक विशालकाय जानवर को विलुप्त होने की कगार से वापस लाने की कहानी है।

हर वर्ष 22 सितंबर को विश्व गैंडा दिवस मनाने का उद्देश्य गैंडों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अवैध शिकार, सींगों के लिए होने वाले वन्यजीव अपराध तथा प्राकृतिक आवास के नुकसान जैसी चुनौतियों की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करना है। आज दुनिया में गैंडों की केवल पांच प्रजातियां बची हैं-सफेद गैंडा, काला गैंडा, एक सींग वाला भारतीय गैंडा, जावन गैंडा और सुमात्राई गैंडा।

**दुनिया में कितने गैंडे हैं?**– इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सभी पांच प्रजातियों को मिलाकर लगभग 26,700 गैंडे बचे हैं। हालांकि कुल संख्या में वृद्धि संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाती है, लेकिन अलग-अलग प्रजातियों की स्थिति काफी अलग है। ये आंकड़े उपलब्ध नवीनतम अंतरराष्ट्रीय आकलनों पर आधारित हैं और अलग-अलग वर्षों में सर्वेक्षण

**अफ्रीका में संरक्षण की चुनौती**– अफ्रीका में




वर्ष 2024 के अंत तक लगभग 22,540 गैंडे दर्ज किए गए थे। इनमें करीब 15,752 सफेद और 6,788 काले गैंडे शामिल थे। आईयूसीएन के अनुसार, 2024 में अफ्रीकी गैंडों की कुल संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 6.7 प्रतिशत कमी दर्ज हुई। हालांकि इसी अवधि में काले गैंडों की संख्या बढ़ी। गैंडों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में अवैध शिकार, सींगों की अवैध मांग, सूखा, प्राकृतिक आवास में बदलाव और छोटे तथा अलग-थलग पड़ते आवास शामिल हैं। अच्छी बात यह है कि अफ्रीका में गैंडों के अवैध शिकार की दर 2024 में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई, जो 2011 के बाद सबसे कम दर थी। इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में 2025 के दौरान भी अवैध शिकार जारी रहा।

**भारत बना एक सींग वाले गैंडे के संरक्षण की मिसाल**– भारत के लिए गैंडा संरक्षण की कहानी अपेक्षाकृत सकारात्मक है। ग्रेटर वन-हॉर्न्ड राइनो यानी भारतीय एक सींग वाला गैंडा आज मुख्य रूप से भारत और नेपाल में पाया जाता है। आईयूसीएन के अनुसार, दोनों देशों में मिलाकर इसकी संख्या करीब 4,075 है और इसे आईयूसीएन की लाल सूचि में असुरक्षित श्रेणी में रखा गया है। भारत में इसका सबसे बड़ा गढ़ असम है। सरकार के अनुसार, असम में गैंडों की संख्या 1980 के दशक में लगभग 1,500 से बढ़कर 2024 में 4,014 से अधिक हो गई। असम में दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत एक सींग वाले गैंडे पाए जाते हैं। अकेले काजीरंगा में वैश्विक आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान दिया गया है। यह वृद्धि अचानक नहीं हुई। इसके पीछे कठोर एंटी-पोचिंग व्यवस्था, वनकर्मियों की तैनाती, वैज्ञानिक तरीके से वन्यजीव प्रबंधन, घासभूमि और आर्द्रभूमि का संरक्षण तथा स्थानीय समुदायों की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। काजीरंगा का संरक्षण मॉडल इसी वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा में रहा है।

सबसे बड़ी चिंता एशिया की दो प्रजातियों को लेकर

जहां भारतीय गैंडे की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं जावन और सुमात्राई गैंडे गंभीर संकट में हैं। आईयूसीएन के अनुसार, एशिया में केवल लगभग 50 जावन गैंडे और 34ङ्क47 सुमात्राई गैंडे बचे हैं। 2019 से 2023 के बीच जावन गैंडों के 26 शिकार दर्ज हुए, जिससे इस अत्यंत छोटी आबादी पर गंभीर असर पड़ा।

**संरक्षण का रास्ता**– गैंडे का संरक्षण केवल जंगलों में उनकी सुरक्षा तक सीमित नहीं है। इसके लिए अवैध वन्यजीव व्यापार पर नियंत्रण, मजबूत एंटी-पोचिंग नेटवर्क, बेहतर निगरानी तकनीक, सुरक्षित और जुड़े हुए प्राकृतिक आवास, वैज्ञानिक प्रजनन एवं पुनर्वास कार्यक्रम और स्थानीय समुदायों की भागीदारी जरूरी है। भारत का अनुभव बताता है कि लगातार संरक्षण प्रयासों से गैंडों की संख्या में उल्लेखनीय सुधार संभव है। लेकिन जावन और सुमात्राई गैंडों की स्थिति यह भी याद दिलाती है कि संख्या बढ़ने के बावजूद संरक्षण की लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

विश्व गैंडा दिवस इसलिए केवल गैंडे को बचाने का संकल्प लेने का दिन नहीं, बल्कि यह समझने का अवसर भी है कि किसी प्रजाति का अस्तित्व सुरक्षित रखने के लिए दीर्घकालिक संरक्षण, वैज्ञानिक प्रबंधन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज खर्चों पर नजर और काम में सुधार आएगा। पैसों के मामले में थोड़ा रुककर चलना ही सही रहेगा। आराम, सफर या तुरंत खुशी देने वाली चीजों पर खर्च करने का मन हो सकता है।

**वृषभ**
आज बचत का ध्यान और दफ्तर में भरोसा बढ़ेगा। पैसों की स्थिति सामान्य और मजबूत रहेगी। बिना वजह के वादों से बचें। घर और अपनी सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकता है।

**मिथुन**
आज जल्दबाजी से बचाव और काम की योजना बनाना होगा। बचत और पैसों की सुरक्षा पर ध्यान जाएगा। बजट और रोज के खर्चों को फिर से देखने का दिन है।

**कर्क**
आज लंबे समय की सोच और दफ्तर में मान सम्मान मिलेगा। पैसों की बातें मन को थोड़ा परेशान कर सकती हैं। किसी समस्या को तुरंत हल करने की हड़बड़ी में कोई गलत कदम न उठाएं।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और जिम्मेदारियों की समझ दिखानी होगी। पैसों के मामले में नियम से चलना काम आएगा। कमाई बढ़ाने के कई विचार मन में आ सकते हैं, पर हर विचार पर तुरंत पैसा न लगाएं।

**कन्या**
आज सही हिसाब और काम में निखार आएगा। पैसों के सही हिसाब में मदद करेगा। आपकी पैनी नजर फालतू खर्चों को कम करेगी।

**तुला**
आज बजट में संतुलन और मिठास भरी बोली फायदेमंद होगी। पैसों के मामलों में सही संतुलन बनाए रखें। साझेदारियों से फायदा हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज छुपे खर्चों की जांच और शांत मेहनत रंग लाएगी। पैसों की योजनाओं को गुप्त रखना ही आज बेहतर रहेगा। लंबे समय के वादों को अच्छे से देखकर ही कोई बदलाव करें।

**धनु**
आज साथियों से लाभ और सही राह मिलेगी। पैसों को लेकर मन में नई उम्मीदें रहेंगी। ज्यादा कमाने और नए मौकों के बारे में सोचेंगे। उत्साह होना अच्छी बात है, पर उम्मीदें सही रखें।

**मकर**
आज नियम से बचत और जिम्मेदारी का अहसास होगा। पैसों की जिम्मेदारियां आपका ध्यान खींचेंगी। कर्ज, निवेश, घर के खर्च या पुराने वादों को फिर से देखना पड़ सकता है।

**कुंभ**
आज समझदारी से कदम और नई राह से काम आसान होगा। पैसों को लेकर नए प्रयोग करने का मन हो सकता है। नए विचार अच्छे लग सकते हैं, पर हर नए तरीके पर तुरंत पैसा न लगाएं।

**मीन**
आज जिम्मेदारी का ज्ञान और रुका काम पूरा होगा। पैसों के मामले में शांत रहकर सोचना सही रहेगा। पुराने खर्चों या वादों को फिर से देखने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्व्यवहार के बाद महिला को कमरे में बंद किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहचंद गांव में कुछ लोगों ने आपसी रंजिश में महिला के साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट की और कमरे में बंद कर ताला मार दिया। महिला ने जब शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे ताला तोड़कर बाहर निकाला। इस संबंध में महिला ने बताया कि दीपक पासवान सहित पांच लोग उसके घर में दीवार तोड़कर घुस गये। इसके बाद उसके देवर के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ बदसलूकी करते हुए आरोपियों ने कमरे में बंद कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने महिला की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### आत्महत्या के मामले में पति सहित चार पर केस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराईबागी गांव में प्रतिमा देवी द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका की मां मालती देवी के बयान पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है जिसमें पति मनोज यादव सहित चार लोगों को आरोपित किया गया है।

### नाबालिग के साथ बदसलूकी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलौर गांव में किशोरी के साथ बदसलूकी करने के आरोपी कालू राम को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है ।आरोपी के विरुद्ध कोर्ट ने संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। इस दौरान उसके गांव में होने की खबर पुलिस को मिली। इसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के आदेश पर फरार अभियुक्त तोफिर आलम को अकबरपुर गांव में गिरफ्तार किया गया।

### विंध्यवासिनी माता की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर बैठक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के पश्चिमी मलाही गांव में विंध्यवासिनी माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें कलश यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। प्राण प्रतिष्ठा 17 अक्टूबर तथा कलश यात्रा 15 अक्टूबर को निकाली जाएगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

### हत्याकांड मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने 32 साल पुराने नरसंहार मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी जिस पर कोर्ट के द्वारा स्थाई वारंट यानी लाल वारंटी भी जारी किया गया था,जिसको गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रमोद चौधरी, पिता रामदेव चौधरी, ग्राम दरियापुर बताया जा रहा है। पिपरा थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि यह मामला पिपरा थाना कांड संख्या 23/94 से जुड़ा है। घटना पिपरा और डिहरी गांव जाने वाले रास्ते के बीच घटी थी, जिसमें तीन लोगों को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इसे घमंडी यादव हत्याकांड के नाम से जाना जाता है।इस नरसंहार कांड में कई लोगों को नामजद किया गया था, जिसमें प्रमोद चौधरी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी पिपरा गांव में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर आर्म्स एक्ट और हत्या का मामला दर्ज है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज पुलिस ने पंसारी गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान संजय कुमार उम्र 50 वर्ष, पिता रामेश्वर यादव, ग्राम पंसारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पंसारी गांव में एक व्यक्ति के पास अवैध देसी कट्टा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम का गठन कर उसके घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान घर की छत पर रखे पीले रंग के झोले से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अमरेंद्र ने बताया कि संजय कुमार खेती-बाड़ी के साथ-साथ बालू के अवैध निकासी के काम में भी संलिप्त है। उसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह देसी कट्टा घर में क्यों रखा था और इसका इस्तेमाल किस काम में करता था। पुलिस ने हथियार जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### धनरुआ में किसान गोष्ठी का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर धनरुआ प्रखंड कृषि कार्यालय में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और फसल की जरूरत के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई।



प्रखंड कृषि पदाधिकारी विवेकानंद ने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों को बढ़ावा मिलता है और खेती की लागत कम होती है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने और मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि लंबे समय तक मिट्टी की उत्पादकता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों का संतुलित इस्तेमाल और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाना जरूरी है।इस मौके पर पशुपालन पदाधिकारी, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष व सदस्य मनोज कुमार, कृषि समन्वयक विपिन कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, बिंदु कुमार, चंद्रशेखर आजाद, हर्षा प्रिया समेत प्रखंड के दर्जनों किसान मौजूद थे।

### एनएसई आईपीओ से निवेशकों को मिलेगा निवेश का नया मौका

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए किसी बड़ी और जानी-पहचानी कंपनी में निवेश का मौका हमेशा खास होता है। अब नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया यानि एनएसई का आईपीओ निवेशकों के लिए ऐसा ही एक मौका लेकर आया है। एनएसई ने अपने आईपीओ के लिए 1,700 रुपए से 1,785 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह आईपीओ 17 सितंबर से 21 सितंबर, 2026 तक खुला रहेगा, जबकि एंकर इन्वेस्टर्स के लिए बोली 16 सितंबर को लगेगी। निवेशक कम से कम 8 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे और इसके बाद 8 के मल्टीपल में शेयर ले सकेंगे। जून 2026 तिमाही में एनएसई का रेवेन्यू 4,560 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट 3,121 करोड़ रुपए रहा। इसके शेयर बीएसई पर लिस्ट कराने का प्रस्ताव है। एनएसई का आईपीओ निवेशकों को देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज के कारोबार में निवेश का मौका देगा। अब 17 सितंबर से शुरू होने वाले इस इश्यू पर निवेशकों की नजर रहेगी।

### लाल वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव में पुलिस ने देर रात छापेमारी कर एक लाल वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरहपुर वार्ड नंबर-1 निवासी मुकुल कुमार उर्फ मुकुंद कुमार के रूप में हुई है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बेगूसराय में वर्ष 2012 से संबंधित एक मामले में न्यायालय द्वारा लाल वारंट जारी किया गया था। पुलिस को उसकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर देर रात छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मसौढ़ी में 45 फीट के रावण का होगा वध, तैयारी में जुटी रावण वध कमेटी - 40 सालों से हो रहा आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दशहरा को लेकर उत्साह का माहौल है। मसौढ़ी में भी दशहरा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। यहां इस बार गांधी मैदान में 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। मसौढ़ी गांधी मैदान में पिछले 40 सालों से रावण वध का आयोजन होता आ रहा है। काली पूजा समिति सह रावण वध कमेटी की ओर से हर साल यह आयोजन किया जाता है। इस बार भी कमेटी ने तैयारी तेज कर दी है। कमेटी के अनुसार इस बार रावण का पुतला 45 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है, जबकि मेघनाद का पुतला 40 फीट और कुंभकर्ण का पुतला 40 फीट ऊंचा होगा। पुतलों को बनाने का काम कारीगरों द्वारा शुरू कर दिया गया है।रावण बध कमेटी के अध्यक्ष पालटन सिंह ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से काली पूजा समिति की ओर से रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी हर्षोल्लास के साथ रावण वध समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवाओं की पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है।

# अभियान बसेरा को लेकर फैली अफवाह पर प्रशासन सख्त

## एसडीएम-डीएसपी ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर महिलाओं को किया जागरूक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अभियान बसेरा के तहत भूमिहीन परिवारों से पर्चा लाभुकों का आवेदन मसौढ़ी अंचल समेत सभी अंचल कार्यालयों में जमा लिया जा रहा है। इसी बीच अफवाह फैल गई कि आवेदन पटना में जमा हो रहा है, जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं पटना जाने लगीं। अफवाह को देखते हुए एसडीएम धनराज कुमार और डीएसपी राघव दयाल की संयुक्त टीम लगातार लोगों को जागरूक कर रही है कि पटना जाने की जरूरत नहीं है। आवेदन अपने स्थानीय अंचल कार्यालय में ही जमा करें। इसी कड़ी में मंगलवार को अलख सुबह 4 बजे एसडीएम और डीएसपी की टीम ने नदौल रेलवे स्टेशन और तारेगना रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर पटना जाने वाली महिला लाभुकों को रोका और उन्हें समझाया। अधिकारियों ने कहा कि अफवाहों से दूर रहें, आपका आवेदन मसौढ़ी अंचल और संबंधित पंचायत स्तर पर ही लिया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों ने सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों का दौरा कर वहां मौजूद महिलाओं को भी जागरूक किया। एसडीएम धनराज कुमार ने बताया कि अभियान बसेरा के तहत पंचायत स्तर पर भी आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। लोगों को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है कि लाभुक अपना आवेदन अपने पंचायत और अंचल कार्यालय में ही जमा करें।

## अभियान बसेरा 2.0: भूमिहीनों को 3 डिसमिल जमीन के लिए अंचल में लगा विशेष कैंप

### आवेदन के लिए उमड़ी भीड़ - एसडीएम ने किया निरीक्षण



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी अभियान बसेरा 2.0 के तहत भूमिहीनों को अपना आशियाना देने की कवायद तेज हो गई है। इसी के तहत मसौढ़ी अंचल कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जहां भूमिहीन पात्र परिवारों से जमीन के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।शिविर में सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में भूमिहीन परिवारों की भीड़ जुट गई। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी अपने दस्तावेज लेकर कतार में खड़े दिखे। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने शिविर का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि एक भी भूमिहीन परिवार बेघर न रहे। अभियान बसेरा 2.0 के तहत प्रत्येक पात्र भूमिहीन परिवार को 3 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अंचल स्तर पर विशेष कैंप लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं और उनके कागजातों की जांच की जा रही है। अंचल अधिकारी ऋषिकेश कुमार ने बताया कि शिविर में आने वाले हर पात्र लाभुक का आवेदन स्वीकार किया जा रहा है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पात्रता सूची तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी, जिसके बाद जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। शिविर में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर भी बनाए गए थे। लाभुकों में सरकार की इस पहल को लेकर काफी खुशी और उत्साह देखा गया। कई लाभुकों ने कहा कि वर्षों से भूमिहीन होने के कारण झोपड़ी में रह रहे हैं, अब पक्की जमीन मिलने की उम्मीद जगी है।

# माह के अंतिम मंगलवार को हुआ सहयोग शिविर का आयोजन

## छात्र नेताओं ने कॉलेज व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और कम शुल्क पर नामांकन की मांग की





**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय एस.यू. कॉलेज, हिलसा के सेमिनार हॉल में माह के अंतिम मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र हित, नामांकन शुल्क और पर्यावरण प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शिविर में पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी प्रभाग के पूर्वी भाग के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल, रिशु पटेल, नीतीश कुमार, अमन, अमित, संजय, ऋतुराज ने महाविद्यालय के मुख्य गेट को पारदर्शी बनाने तथा छात्र, एससी-एसटी वर्ग और छात्राओं को कम शुल्क पर नामांकन दिए जाने की मांग पुरजोर तरीके से रखी। मीडिया प्रभारी डॉ. राजीव कुमार नयन ने वर्षा जल प्रबंधन और कॉलेज परिसर में सोख्ता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। इसी दौरान डॉ. नयन और छात्र संघ के आशीष पटेल के बीच कुछ ज्वलंत मुद्दों को लेकर तीखी नोकझोंक भी हुई, जिसे प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह, प्रो. अरविंद कुमार और डॉ. पिंकी कुमारी ने हस्तक्षेप कर सुलझाया। मुख्य मुद्दा कम राशि पर नामांकन को लेकर था। डॉ. नयन ने महाविद्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए कुछ फी को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि कम फी के कारण छात्राएं महिला कॉलेज में न जाकर यहां नामांकन ले रही हैं, जबकि बिहार सरकार से घाटा राशि का भुगतान सिफर बटे सन्नाटा है। प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने बताया कि वॉलेंटियरशिप के हजारों सर्टिफिकेट यहां सभी बच्चों को निःशुल्क दिए गए हैं। पीने का पानी अशुद्ध है, इसके लिए कई वाटर प्यूरीफायर लगाने की योजना है।राशि की कमी है और चाय पानी पर भी फी न लेने पर आफत आ जायेगा। सहयोग शिविर में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद ने जैविक खाद निर्माण और गीला कचरा निस्तारण पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. संदीपा इंद्रा, डॉ. शिवप्रसाद ठाकुर, लेखाध्यक्ष रोनित रॉय, सुधांशु, मुनील पटेल, राजा, प्रशांत, शिशुपाल, उपसचिव प्रदीप कुमार, गुड्डु, बिपिन टी शॉप के स्वामी बिपिन कुमार, उपाध्यक्ष जलेन्द्र कुमार, शिक्षाविद कुमार पवन, मधुसूदन कुमार, गार्ड राजेश यादव, यशपाल प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दुकान में गांजा बेचने की सूचना पर छापेमारी, 1.214 किलो गांजा बरामद




**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लालगंज सेहरा गांव से 1 किलो 214 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा के साथ एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान लालगंज सेहरा निवासी जमुना यादव के 30 वर्षीय पुत्र मंटू यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, लालगंज सेहरा स्थित मुसहरी में एक दुकान से स्मैक और गांजा की अवैध बिक्री किए जाने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुखबिर को सक्रिय किया। इसके बाद मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस टीम ने मंटू यादव की दुकान में छापेमारी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान से 1 किलो 214 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मंटू यादव को गांजा के साथ गिरफ्तार कर पालीगंज थाना लाया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। इस संबंध में सहथानाध्यक्ष आफताब आलम ने बताया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद लालगंज सेहरा में छापेमारी कर मंटू यादव को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों में वैक्यूम काटकर डिस्टर्ब करने का सिलसिला जारी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर एक्सप्रेस ट्रेनों में वैक्यूम काटकर ट्रेनों को परेशान करने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन ट्रेनों का वैक्यूम काटकर परिचालन बाधित किया जा रहा है। ताजा मामला मंगलवार का है, जब पटना से हटिया जाने वाली पटना-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन को डुमरी के पास दो जगहों पर वैक्यूम काटकर डिस्टर्ब करने की कोशिश की गई। वैक्यूम कटने से ट्रेन मौके पर खड़ी हो गई। सूचना मिलते ही पटना-गया रेलखंड पर गश्त कर रही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वैक्यूम काटकर भागने वाले असामाजिक तत्वों की तलाश में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद ट्रेन को दुरुस्त कर रवाना किया गया, हालांकि कुछ देर तक ट्रेन बाधित रही। स्थानीय लोगों के अनुसार पटना-गया रेलखंड पर यह कोई नई बात नहीं है। पोठही, डुमरी और परसा स्टेशन के बीच अक्सर ऐसी घटनाएं होती हैं, जहां शरारती तत्व ट्रेनों का वैक्यूम काट देते हैं। इससे न केवल ट्रेनों के समय पर असर पड़ता है, बल्कि यात्रियों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। रेल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

## गाना बजाने को लेकर जानलेवा हमला मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मिश्रीचक गांव में जन्मदिन की पार्टी में गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। धनरुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 618/26 में नामजद आरोपी रवि उर्फ रवि पांडे पिता विजय पांडे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि नीमा गांव निवासी रेखा देवी ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि उनकी गोतनी की बेटी पलक कुमारी के जन्मदिन पर घर में साउंड बॉक्स पर हैप्पी बर्थडे का गाना बज रहा था। इसी बात को लेकर गांव के ही फूलन पांडे, रवि कुमार, मोहन पांडे, विजय पांडे, संजीत कुमार और विकास कुमार हथियार से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पूजा कुमारी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## गंगा देवी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में 21 एवं 22 सितंबर को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच दो दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टीम चैंपियनशिप में जेडी विमेंस कॉलेज, पटना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना की टीम उपविजेता रही। ए.एन. कॉलेज, पटना तीसरे तथा आर.पी.एम. कॉलेज, पटना सिटी चौथे स्थान पर रहा। महिला व्यक्तिगत वर्ग में जेडी विमेंस कॉलेज की काजल कुमारी विजेता, गंगा देवी महिला महाविद्यालय की खुशी रानी उपविजेता तथा गंगा देवी महिला महाविद्यालय की गिशिका गौरी तथा जेडी विमेंस कॉलेज की अदिति कुमारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में ए.एन. कॉलेज के उमंग भगत विजेता, आकाश कुमार उपविजेता एवम राहुल कुमार एवं पीयूष कुमार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीमती पापिया दत्ता गांधी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. श्यामा राय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## मोकामा में तीन जगह शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोकामा अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। हाथीदह, पचमहला और मोकामा थाना पुलिस की कार्रवाई में कुल 75.45 लीटर शराब बरामद की गई।हाथीदह थाना क्षेत्र के महेंद्रपुर ढाला के पास पुलिस ने 20.25 लीटर विदेशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान बेगूसराय के लालूनगर, बनद्वार निवासी लूटन साहनी के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से 27 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, युवक यह शराब झारखंड से ट्रेन के जरिए लेकर आया था और हाथीदह स्टेशन पर उतरने के बाद उसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।वहीं, पचमहला थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 1.2 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान हेमजा निवासी रामसेवक सिंह के पुत्र शिवशंकर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इधर, मोकामा थाना पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए बरहपुर गांव के समीप से 54 लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। कार्रवाई मोकामा थाना के एसआई आशुतोष कुमार और आरक्षी सौरव कुमार ने की। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## धनरुआ में 12 लाख रंगदारी की मांग, गमछा से गर्दन कसकर स्टांप पर लिखवाने का प्रयास

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में रंगदारी और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर आरोपियों पर केस दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित रामदुलारे सिंह उम्र 43 वर्ष, पिता स्व. श्यामनंदन सिंह, ग्राम सैदपुर थाना धनरुआ ने बताया कि वीरेंद्र कुमार पिता भोला प्रसाद, ग्राम चिरैयाटांड़ थाना धनरुआ ने मोबाइल नंबर से उनके नंबर पर वॉयस मैसेज भेजकर धमकी दी कि तुम कहां हो आकर मिलो नहीं तो बुरा हो जाएगा और लगातार कॉल करने लगा।आरोप है कि उसी दिन शाम 4 बजे जब वह अपने गांव से डेरा पर जा रहा था, तभी अतरपुरा-तेल्हाड़ी के बीच रोड पर वीरेंद्र कुमार दो अज्ञात लोगों के साथ खड़ा था।

## तपस्वी जी गंगा घाट पर डूबे किशोर का शव 24 घंटे बाद बरामद, मचा कोहराम



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के तपस्वी जी गंगा घाट पर सोमवार को स्नान करने के दौरान डूबे किशोर का शव मंगलवार को करीब 24 घंटे बाद बरामद किया गया। शव मिलने की खबर के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, कौआभोग निवासी आदित्य कुमार सोमवार सुबह अपने दो दोस्तों के साथ तपस्वी जी गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचा था। स्नान करने के दौरान आदित्य अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर मोकामा पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार को काफी देर तक गंगा में खोजबीन की, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार सुबह से दोबारा खोज अभियान शुरू किया गया। करीब 24 घंटे बाद आदित्य का शव उसी स्थान के आसपास पानी में ऊपर तैरता मिला, जहां वह डूबा था।

## कादिरगंज में महिला से छेड़खानी का विरोध करने पर परिवार पर जानलेवा हमला

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के मिल्की डेवां गांव में दबंगों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। महिला से छेड़खानी का विरोध करने पर पूरे परिवार पर लोहे की रॉड और लाठियों से हमला कर दिया गया, जिसमें महिला समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। पीड़ित सुरेंद्र पासवान के अनुसार 20 सितंबर 2026 की शाम उनकी बहू ममता देवी गांव के बाहर शौच के लिए गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही राजीव पासवान, सूरज पासवान, अजीत पासवान, राजेश पासवान और राधिका देवी ने उन्हें घेरकर छेड़खानी शुरू कर दी। ममता देवी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बहू की चीख-पुकार सुनकर जब ससुर सुरेंद्र पासवान और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। हमले में सुरेंद्र पासवान के सिर पर रॉड से वार किया गया, जिससे उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ हो गए। इसके अलावा परिवार के अन्य सदस्यों पर भी ईंट-पत्थर और डंडों से हमला किया गया।

## मसौढ़ी की ठाकुरबाड़ी में हर मंगलवार गूंज रही सामुहिक हनुमान चालीसा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहां एक तरफ नई पीढ़ी रील और सोशल मीडिया में व्यस्त दिखती है, वहीं दूसरी तरफ मसौढ़ी के युवा अपनी सभ्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा से भी जुड़ रहे हैं। इसका उदाहरण है मसौढ़ी स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर। यहां प्रत्येक मंगलवार शाम को बजरंग दल के युवाओं की टोली सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंग बाण का पाठ करती है। मंदिर परिसर में युवाओं के एक साथ बैठकर पाठ करने का दृश्य अन्य युवाओं को भी प्रेरित कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसकी शुरूआत केवल पांच युवाओं से हुई थी। धीरे-धीरे यह कारवां बढ़ता गया। अब हर मंगलवार को 25 से 30 युवा इस सामूहिक पाठ में शामिल होते हैं। खास बात यह है कि इसमें युवाओं के साथ कुछ महिलाएं भी शामिल होने लगी हैं। शाम होते ही मंदिर में 'जय हनुमान' के जयकारे गूंजने लगते हैं। युवाओं का कहना है कि सोशल मीडिया अपनी जगह है, लेकिन अपनी धर्म-संस्कृति से जुड़ना भी जरूरी है। सामूहिक पाठ से मन को शांति मिलती है और एकता का संदेश भी जाता है। मंदिर समिति ने भी इस पहल की सराहना की है। समिति का कहना है कि आज जब युवा भटकाव की ओर जा रहे हैं, ऐसे में धर्म से जुड़ाव उन्हें सही दिशा देगा। मसौढ़ी में युवाओं की यह भक्ति की टोली अब चर्चा का विषय बन गई है। करके में बजरंग दल के विकास यादव, अभिजीत कुमार, अविनाश कुमार, हंसमुख कुमार, सनी कुमार, राहुल कुमार, सुधीर कुमार, गोविंद कुमार, नीरज कुमार, सौरभ कुमार, अभय कुमार आदी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न, डॉ. अनिशा बनीं अध्यक्ष

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली महिला महाविद्यालय, हाजीपुर में शिक्षक संघ की चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों ने शिक्षक संघ के विभिन्न पदों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपना गोपनीय मतदान किया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (बूटा) के प्रतिनिधि प्रो. नवल किशोर शर्मा के पर्यवेक्षण में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर डॉ. अनिशा, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. अशोक सिंह, सचिव पद पर डॉ. सोनी भूषण विजेता घोषित हुईं। साथ ही संयुक्त सचिव पद पर डॉ. रीना कुमारी एवं कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. आभा द्विवेदी निर्विरोध विजयी घोषित हुईं। प्रो. नवल किशोर शर्मा ने सभी उम्मीदवारों तथा शिक्षकों को शांति एवं सद्भावपूर्ण चुनाव के लिए बधाई दी एवं विजयी प्रत्याशियों को उनके गुरुत्तर दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन करने की शुभकामनाएँ दीं। बिहार विश्वविद्यालय की सीनेटर डॉ. रेशमा सुल्तान ने सभी विजेता शिक्षकों को पुष्पहार देकर सम्मानित किया।



### 45 वाहनों से 5.09 लाख रुपये जुर्माना वसूल

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला परिवहन पदाधिकारी, वैशाली के नेतृत्व में हाजीपुर शहर के प्रमुख स्थलों रामाशीष चौक, बीएसएनएल गोलंबर सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच अभियान के दौरान विभिन्न वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 45 वाहनों से 5,08,929 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सड़क पर सुरक्षित एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया। जिला पदाधिकारी ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आम नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही को प्रशासन की प्राथमिकता बताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध नियमित एवं प्रभावी जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें।



### जमुई में नाबालिग से छेड़छाड़ के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मसौढ़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को जमुई में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़, बदसलूकी और मारपीट की घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष रजनीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने मेन रोड से कपूरी चौक तक विरोध मार्च निकालकर घटना की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह जघन्य घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। यह केवल एक परिवार या दो बच्चों की चिंता नहीं, बल्कि बिहार में महिलाओं, बेटियों और युवाओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यह घटना प्रशासनिक व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करती है।बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहम्मद अरफराज साहिल ने कहा कि सरकार को केवल बयान जारी करने के बजाय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपराधियों में कानून का भय हो और पीड़ितों को समय पर न्याय मिले। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच, दोषियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता व सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।इस विरोध प्रदर्शन में पटना जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष इंद्रमणि देवी, शिवपूजन सिंह, पटना जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष मृत्युंजय पांडे, मृत्युंजय पेरियार, अनामी शरण सिंह, धुरी यादव, सोहन चंद्रवंशी, टीपू सुल्तान, रविंद्र धारी बिंद, अमित सिंह, सिद्धनाथ सिंह, कंचन यादव, राजू साव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



### स्थानीय फल प्रजातियों के संरक्षण और बाजार संपर्क से किसानों को मिलेगा लाभ

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में मंगलवार को फसल सुधार एवं जैव प्रौद्योगिकी संभाग, भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ की ओर से बिहार राज्य जैव विविधता परिषद, पटना के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय किसानों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण, मूल्य संवर्धन एवं बाजार संपर्क के माध्यम से फलोद्यानों को सशक्त बनाना रहा।कार्यक्रम में केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार सिंह, बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के साइंटिफिक अधिकारी भवेश कुमार, प्रखंड उद्यान अधिकारी रजनीश कुमार तथा दलहन अनुसंधान केंद्र, मोकामा के डॉ. प्रेमचंद कुमार ने किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। विशेषज्ञों ने किसानों को स्थानीय एवं पारंपरिक फल प्रजातियों के संरक्षण और पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आम, अमरूद, नींबू, बेल, आंवला और कटहल जैसी स्थानीय किस्मों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि किसानों के पास मौजूद विशिष्ट किस्मों की पहचान, संरक्षण और उचित दस्तावेजीकरण आवश्यक है। इससे कृषक अधिकारों की सुरक्षा के साथ स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण में भी मदद मिल सकती है।कार्यक्रम में दादा-परदादा के समय से मौजूद विरासत वृक्षों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। किसानों को ऐसे वृक्षों को संरक्षित करने तथा उन्हें विरासत वृक्ष के रूप में घोषित कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेजों की जानकारी दी गई।बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के साइंटिफिक अधिकारी भवेश कुमार ने स्थानीय जैव विविधता एवं पारंपरिक किस्मों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने पंचायत और नगर परिषद स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियों की भूमिका के बारे में किसानों को बताया। कार्यशाला के दौरान स्थानीय कृषि एवं बागवानी उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा उन्हें बाजार से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने के संभावित अवसरों पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने किसानों से स्थानीय किस्मों और पारंपरिक कृषि-बागवानी विरासत को संरक्षित करने के साथ उनके बेहतर उपयोग और बाजार उपलब्धता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।



# यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय सभागार में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 विषय पर पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्यस्थलों पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना एवं अधिनियम के प्रावधानों से पदाधिकारियों को अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ सुमन यादव, भाप्रसे, जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण, स्वर्ण प्रभात, भापुसे पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण, नितिन त्रिपाठी सचिव DLSA, पूर्वी चंपारण, आशीष कुमार नगर आयुक्त, राज कृष्ण झा, सहायक समाहर्ता सह जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ICDS, सुनील कुमार पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) एवं सुश्री निधि कुमारी वरीय उप समाहर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला मे उपस्थित सभी गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। साथ ही सभी गणमान्य अतिथियों को भेंट के रूप प्रेरणादायक पुस्तक दी गयी।इसके पश्चात जिला मिशन समन्वयक निधि कुमारी एवं नेहा कुमारी गांधी फेलो द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबोधन के दौरान सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित वातारण उपलब्ध कराने हेतु सभी सरकारी एवं निजी संस्थाओं की जवाबदेही है, साथ ही इस कानून के इतिहास से संबंधित भी जानकारी दी गयीं है। सचिव DLSA पूर्वी चंपारण के द्वारा सभी कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति गठित करने की बात कही गई। साथ ही कानूनी प्रावधानों के बारे मे बताया गया। पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण द्वारा बताया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' केवल कागजों पर बना नियम नहीं है, बल्कि यह हर कामकाजी महिला का मौलिक अधिकार सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है । कार्यशाला में पैनल अधिवक्ता दीपक कुमार एवं जेंडर स्पेशलिस्ट निर्भय कुमार के द्वारा POSH अधिनियम 2013 के बारे विस्तृत जानकारी दी गई ।कार्यशाला में पुलिस विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी ने बड़ी संख्या में भाग लिया साथ ही ढडरल्ल अू३, 2013 से संबंधित प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति के गठन, दायित्वों एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।





## कार्यालयी राजभाषा और प्रश्नोत्तरी विषयक कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग द्वारा संचालित हिंदी माह के अंतर्गत कार्यालयी राजभाषा और प्रश्नोत्तरी विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने भारत सरकार के राजभाषा हिंदी के संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा है कि सरकार सभी कर्मचारियों को शत प्रतिशत राजभाषा के प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु कृत संकल्प दिखाई देती है। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि हम सब अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग अपने कार्यालय कार्यों में करेंगे। स्वागत वक्तव्य में संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल ने अतिथियों और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी के विकास में संस्कृत की तत्सम शब्दावली के महत्त्व की बात करते हुए कहा कि आप तत्सम शब्दों का प्रयोग इस बात का ध्यान रखते हुए करें कि वह कठिन न हो।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव सुहर्ष कुमार का उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित कर कहा कि वे टिप्पणी, प्रारूपण, अधिसूचना, परिपत्र इत्यादि में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करें। कार्यक्रम के पूर्वार्द्ध में इन्होंने सभी का मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित , प्रो. पंकज कुमार सिंह विशेष कार्याधिकारी (वित्त) ने अपने वक्तव्य में कार्यालयी राजभाषा के संदर्भ में अपना उद्बोधन दिया और कहा कि यह आवश्यक है कि कार्यालय के छोटे-बड़े विभिन्न कार्यों में हम लोग हिंदी का प्रयोग करें ताकि राजभाषा के रूप में हिंदी का सर्वांगीण विकास हो। इस अवसर पर डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा, हिंदी अधिकारी (अतिरिक प्रभार) ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग से संबंधित विभिन्न तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में राजभाषा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल थे। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्यामनंदन भी उपस्थित थे। प्रतिभागियों के रूप में विश्वविद्यालय के मनीष जायसवाल, मंजेश कुमार, आदित्य चतुर्वेदी, उत्पल कुमार, आदित्य जी (तकनीकी सहायक), विवेक जी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत नगर परिषद सभागार में कार्यक्रम आयोजित

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत मंगलवार को नगर परिषद सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के स्वच्छता वीरों एवं सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति निलेश कुमार ने की, जबकि संचालन कार्यपालक पदाधिकारी संतोष रजक ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंचदीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ शहर को साफ-सुथरा रखने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर स्वच्छता पदाधिकारी सृष्टि बक्शी, नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र सिंह, सभी वार्ड पार्षद एवं जीविका की सदस्य मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान आरोग्य भारत अस्पताल की ओर से उपस्थित कर्मचारियों एवं सदस्यों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया।

## सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान लगातार जारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले 2870 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे 26,25,330/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वही सितंबर माह (21 सितंबर 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल 32,164 मामलों का निपटारा करते हुए ₹ 2,78,11,226- का राजस्व अर्जित किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।





## मसौढ़ी के निजी अस्पताल के संचालक को जान से मारने की धमकी, थाने में दिया आवेदन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के तारेगना गोला रोड स्थित एक निजी अस्पताल के संचालक ने तीन लोगों पर अस्पताल में तोड़फोड़, आग लगाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाने में सनहा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।आवेदक डॉ. उदय शंकर, जो कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ हैं और तनुष ईएनटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर हैं, ने बताया कि उनके यहां राजेंद्र शर्मा नाम का स्टाफ काम करता है। उसकी बेटी भी अस्पताल में काम करती थी। करीब एक साल पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन शादी से खुश नहीं होने के कारण वह अपने पति से अलग रह रही है। उसका तलाक का मामला पटना न्यायालय में लंबित है।डॉक्टर का आरोप है कि पीड़िता की मदद करने के कारण उसके पिता राजेंद्र शर्मा, भाई सुदेश कुमार और दामाद रजनीश राम नाराज हैं।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सम्मेलन का समापन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस पटना एवं ए.एन. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सम्मेलन-2026 का मंगलवार को समापन हुआ। सम्मेलन में बिहार-झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. (डॉ.) इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनएसएस के पूर्व उप कार्यक्रम सलाहकार श्री दीपक कुमार विशिष्ट अतिथि तथा बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव डॉ. कौशल किशोर (क्अर) सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो रत्ना अमृत ने की। दीपक कुमार ने कहा कि एनएसएस केवल शिविरों तक सीमित गतिविधि नहीं, बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रयोगशाला है। वहीं मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) इंद्रजीत सिंह ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक विकसित भारत @2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत दुबे ने सम्मेलन की दो दिवसीय गतिविधियों एवं प्रमुख निष्कर्षों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन अवसर पर एनएसएस बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार ने सभी अतिथियों, कार्यक्रम पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सिरीन मसरूर ने किया।

## मसौढ़ी में करमा महोत्सव की धूम, महिलाओ में दिखा उत्साह

### बहनों ने मांगी भाई की लंबी उम्र की दुआ



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में प्रकृति पर्व करमा महोत्सव की धूम मची हुई है। करमा पूजा को लेकर महिलाओं और युवतियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार को मसौढ़ी के ऐतिहासिक श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से करम डाली की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बहनों ने करम डाली में रक्षा सूत्र बांधकर अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही प्रकृति की रक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की भी प्रार्थना की गई। मान्यता है कि करम देवता की पूजा करने से भाई-बहन का प्रेम अटूट रहता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इस दिन बहनें दिन भर उपवास रखकर शाम को करम की डाली की पूजा करती हैं। मंदिर में पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को करमा पर्व की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक करमा गीत गाकर खुशी का इजहार किया। ढोल-मांदल की थाप पर महिलाओं ने नृत्य भी किया। मौके पर मौजूद बुजुर्ग महिला सीता देवी ने बताया कि यह पर्व प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। करम का पेड़ समृद्धि और हरियाली का प्रतीक माना जाता है। इसकी पूजा से न केवल भाई की लंबी उम्र की कामना पूरी होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में काफी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बच्चे मौजूद थे। पूरे विधि-विधान और श्रद्धा भाव के साथ करमा उत्सव मनाया गया।

## उड़ान टोला में कई दिनों से ट्रांसफार्मर जला, 150 परिवार अंधेरे में

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के बरावां पंचायत के उड़ानटोला महादलित गांव में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है, जिससे पूरा टोला अंधेरे में डूबा हुआ है। ट्रांसफार्मर जलने से करीब 70 घरों के लगभग 150 परिवारों को बिजली के साथ-साथ पानी की भी भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों में आक्रोश है और लोग अब विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं। पूर्व वार्ड सदस्य उपेंद्र मांझी, वीर कुमार मांझी, नागेंद्र मांझी, प्रदीप मांझी, महेश मांझी, धर्मेंद्र मांझी, चमेली देवी, मीना देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से ट्रांसफार्मर जला पड़ा है, जिससे बिजली-पानी के लिए आफत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के समय पहले भी स्थिति खराब हुई थी। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदला जाए। वहीं बरावां पंचायत के मुखिया ने भी बिजली विभाग की उदासीनता और लापरवाही पर सवाल उठाया है।

## नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में नशामुक्ति को लेकर युवाओं के बीच व्यापक जागरूकता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेरा युवा भारत, वैशाली द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत 100 सप्ताह के नशामुक्त युवा अभियान के क्रम में आज, हाजीपुर में राष्ट्रीय संकल्प समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवा शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित युवाओं ने नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया। साथ ही, नशामुक्ति विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें CIPET, हाजीपुर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने रचनात्मक स्लोगनों के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, वैशाली सुश्री स्मृति सैनी के मार्गदर्शन में युवाओं को नशामुक्ति अभियान से जोड़ने तथा जागरूकता संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। उक्खएळ, हाजीपुर के निदेशक डॉ. उपेंद्र पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा अनुशासित, सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों, युवा क्लबों के सदस्यों एवं CIPET के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

## धनरुआ में 12 लाख रंगदारी की मांग, गमछा से गर्दन कसकर स्टांप पर लिखवाने का प्रयास

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में रंगदारी और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर आरोपियों पर केस दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित रामदुलारे सिंह उम्र 43 वर्ष, पिता स्व. श्यामनंदन सिंह, ग्राम रूपसपुर थाना धनरुआ ने बताया कि वीरेंद्र कुमार पिता भोला प्रसाद, ग्राम चिरैयाटांड़ थाना धनरुआ ने मोबाइल नंबर से उनके नंबर पर वॉयस मैसेज भेजकर धमकी दी कि तुम कहां हो आकर मिलो नहीं तो बुरा हो जाएगा और लगातार कॉल करने लगा।आरोप है कि उसी दिन शाम 4 बजे जब वह अपने गांव से डेरा पर जा रहा था, तभी अतरपुरा-तेल्हाड़ी के बीच रोड पर वीरेंद्र कुमार दो अज्ञात लोगों के साथ खड़ा था। उसे देखते ही रोक लिया और बाइक रोकते ही गर्दन में गमछा डालकर पकड़ लिया और बोला कि मेरा सूद का 12 लाख देगा या जान मार देंगे।

## 02 अक्टूबर को भव्य रूप से मनाया जाएगा पूर्वी चंपारण जिला का स्थापना दिवस

### जिलाधिकारी ने स्थापना दिवस समारोह को भव्य रूप देने के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण जिला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के शुभअवसर पर आगामी 02 अक्टूबर को पूर्वी चंपारण जिले का स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामयी और भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा, जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण द्वारा इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में हुई बैठक में बताया कि स्थापना दिवस का मुख्य उद्देश्य जिले की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक पहचान और इसके अभूतपूर्व विकास के सफर को रेखांकित करना है।

**स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम निम्नलिखित हैं**

बापू को नमनः गांधी बाल उद्यान एवं गांधी संग्रहालय स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके आदर्शों को याद किया जाएगा। सुबह के 7:30 बजे जिला प्रशासन एवं जिला साइकिल संगठन के सौजन्य से विशाल साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। साइकिल रैली का प्रारंभ समाहरणालय मुख्य प्रवेश द्वार के सामने से किया जाएगा एवं यह रैली बलुआ फ्लाई ओवर होते हुए चरखा पार्क तक जाएगी। रैली के माध्यम से पूर्वी चंपारण जिला के विकास की गति को रेखांकित किया जाएगा।सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ गांधी स्मारक में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मोतिहारी के चरखा पार्क में भी भजन कीर्तन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। दिन के 2:00 बजे से अपराह्न 5:00 तक महात्मा गांधी प्रेक्षागृह के प्रांगण में जिला आईसीडीएस के सौजन्य से भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मेहंदी प्रतियोगिता जिला जीविका इकाई संपन्न करायेगी जबकि डिबेट एवं निबंध प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी को दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमः शाम 5:00 बजे से 'बापू सभागार' महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति व चंपारण की गौरवशाली विरासत पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।उन्होंने कहा कि बापू की कर्मभूमि 'चंपारण' का इतिहास जितना गौरवमयी रहा है, आज यह जिला विकास के पथ पर भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैठक में जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त डॉ. आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा ,उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, वरीय उप समाहर्ता प्रेमलता, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सुश्री निधि सहित निदेशक डीआरडीए जयराम चौरसिया सहित अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विद्यार्थी सहयोग शिविर

**छात्राओं ने पोर्टल पर दर्ज कराई समस्याएं**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** विभागीय आदेश के आलोक में मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुटुंबा में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सहायक परियोजना पदाधिकारी शैलेश केसरी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो, पुलिस पदाधिकारी रविशंकर, पीएम पोषण योजना के बीआरपी प्रभाकर कुमार, संचालक चंद्रशेखर एवं वार्डेन निशा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में विद्यालय की नामांकित छात्राओं को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि छात्रावास में रहने वाली वास्तविक छात्राएं ही पोर्टल पर जाकर छात्रावास से संबंधित अपनी समस्याएं और सुझाव दर्ज कर सकती हैं। पोर्टल के माध्यम से छात्राएं कभी भी ऑनलाइन परिवाद दर्ज करा सकती हैं। दर्ज परिवादों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत 30 दिनों के अंदर निष्पादन कर आवेदक को लिखित रूप से सूचना देने का प्रावधान है। छात्राएं निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1100 पर भी सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

सहायक परियोजना पदाधिकारी शैलेश केसरी ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्रावास से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव को सहयोग पोर्टल पर दर्ज करें, ताकि उसका समाधान निर्धारित समय सीमा में कराया जा सके। उन्होंने छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर अभी से उसकी तैयारी करने की सलाह दी। कहा कि छात्राओं को किसी भी विषय पर सवाल पूछने में संकोच नहीं करना चाहिए। सवाल पूछने की आदत से ज्ञान और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। शिविर के दौरान छात्राओं ने कम्प्यूटर शिक्षक की उपलब्धता, चहारदीवारी के पुनर्निर्माण तथा एचआई दिव्यांग बालिकाओं के लिए वोकेशनल फंड समेत अन्य विषयों से संबंधित सुझाव पोर्टल पर दर्ज कराए। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो ने विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्था एवं विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर आईसीटी कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, शिक्षिका आंचल कुमारी, व्यावसायिक अनुदेशिका इंदु कुमारी, लेखापाल आशा कुमारी समेत विद्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय में विद्यार्थी सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभागार में मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रभारी बीइओ रंजीत कुमार, प्रधानाध्यापक सह डीडीओ राजेश कुमार, हसपुरा थाना के सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार एवं सीडीपीओ तृप्ति सिन्हा ने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान छात्राओं ने खुलकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर उपलब्ध हैं, लेकिन कंप्यूटर शिक्षक नहीं रहने के कारण इसका नियमित उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के अभाव में कंप्यूटर महज शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। छात्राओं ने कस्तूरबा विद्यालय में सहायक शिक्षक का पद रिक्त रहने की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी। इसके अलावा छात्राओं ने छात्रावास परिसर में सेनेटरी पैड डिस्ट्रॉयर मशीन खराब रहने की शिकायत की। छात्राओं ने बताया कि मशीन खराब रहने के कारण विशेष परिस्थितियों में उन्हें काफी असहजता का सामना करना पड़ता है।

छात्राओं की समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। समस्याओं को सहयोग पोर्टल पर भी अपलोड कराया गया। अधिकारियों ने छात्राओं को सहयोग पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि वे स्वयं भी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी समस्याएं दर्ज करा सकती हैं। शिविर की देखरेख विद्यालय की वार्डन रंभा कुमारी ने की। इस मौके पर बीआरसी के लिपिक रवि मिश्रा एवं प्रिंस कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं कार्य




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बिहार विकास मिशन के अध्यक्ष, उप मिशन सह विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समेकित बाल विकास सेवाएं विनीता कुमारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान विकास आयुक्त, बिहार द्वारा निर्देश दिया गया कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत जिले में चिन्हित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। पूर्व से निर्मित सार्वजनिक परिसंपत्तियों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मति से संबंधित कार्यों को 30 नवंबर 2026 तक पूर्ण करने तथा नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों के निर्माण से संबंधित कार्यों को 31 मार्च 2027 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों सहित अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का विभागवार सर्वेक्षण एवं आवश्यकतानुसार कार्यों का चिन्हांकन सुनिश्चित किया जाए। परिसंपत्तियों के अनुरक्षण, मरम्मति, साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण के साथ-साथ जनसुविधाओं के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# विकसित भारत की संकल्पना पर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, भाषण व पेंटिंग में बिखरे हुनर के रंग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में मंगलवार को 'सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे दर्जनों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने भाषण और आकर्षक चित्रों के माध्यम से विकसित भारत के सपने और देश के विकास से जुड़े अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी बीईओ रंजीत कुमार के निर्देशन में हुआ। संचालन एवं मूल्यांकन के लिए गठित शिक्षकों की टीम में शमशेर आलम, मनीषा कुमारी, रवि शंकर रवि, पप्पू कुमार, अंबुज कुमार, मिथलेश कुमार, ब्यूटी कुमारी और उपेंद्र कुमार शामिल रहे। भाषण प्रतियोगिता में गोपी राज ने प्रथम, सैयद सादिया ने द्वितीय, काजल ने तृतीय, शीतल ने चतुर्थ तथा अदिति राज ने पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में निशा कुमारी प्रथम, संध्या कुमारी द्वितीय, नौशीन परवीन तृतीय, रूमाना खातून चतुर्थ और अतिफा खातून पांचवें स्थान पर रहीं। प्रभारी बीईओ रंजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागी अब जिला स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# जिला शिक्षा यूनिट के सदस्य बने अनुग्रह स्कूल के प्राचार्य उदय कुमार सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह को जिला जज राजीव रंजन कुमार द्वारा गठित सात सदस्यीय जिला शिक्षा यूनिट का सदस्य बनाया गया है। उनके चयन पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। जानकारी के अनुसार, जिला जज राजीव रंजन कुमार ने राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपलसरी एजुकेशन एक्ट, 2009 के प्रावधानों तथा नालसा (शिक्षा) स्कीम-2026 के तहत जिला शिक्षा यूनिट का गठन किया है। यूनिट का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के अधिकार से संबंधित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शिक्षा से जुड़े विषयों पर आवश्यक पहल सुनिश्चित करना है। जिला शिक्षा यूनिट के सदस्य बनाए गए उदय कुमार सिंह राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत शिक्षक हैं। वे लंबे समय से पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्राचार्य के रूप में कार्य करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। गठित जिला शिक्षा यूनिट में जिला जज के अलावा डालसा की सचिव तान्या पटेल, डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान, एसडीजेएम दाउदनगर विकास कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि उदय कुमार सिंह अपने अनुभव एवं शैक्षणिक कार्यों के माध्यम से जिला शिक्षा यूनिट के कार्यों में प्रभावी योगदान देंगे।

## एक नजर

### एससी/एसटी एक्ट के अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**रफीगंज।** प्रखंड के पौथू थाना कांड संख्या 114/24 में वांछित अभियुक्त अनिल यादव, पिता-महेन्द्र यादव, निवासी बिरूआ, थाना पौथू ने पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार, उक्त मामला बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट से संबंधित है। अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पुलिस की कार्रवाई के बढ़ते दबाव के बाद अभियुक्त ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। पौथू थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई के कारण अभियुक्त ने अंततः न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार की जाएगी।

### शराब के साथ बाइक सवार दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 56 लीटर चुलाई शराब के साथ बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 5:15 बजे गश्ती के दौरान बस स्टैंड के पास सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर बलिगांव की ओर से भोलाबिगहा की तरफ जा रहे हैं। वरीय पदाधिकारी को सूचना देने के बाद पुलिस टीम ने शौलेपुर के पास अशोक बिहार कॉलोनी स्थित श्रीरामधार पथ पर वाहन जांच शुरू की। करीब 5:40 बजे काले रंग की स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो व्यक्ति पहुंचे। पीछे बैठे व्यक्ति के पास हरे-पीले रंग का बोरा था। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान सात प्लास्टिक पन्नियों में करीब आठ-आठ लीटर चुलाई शराब बरामद की। कुल करीब 56 लीटर शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतोष कुमार (21 वर्ष), पिता अशोक चौधरी, बलिगांव तथा गणेश नोनिया (45 वर्ष), पिता स्व. शंकर नोनिया, बलिगांव, थाना रफीगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बीआर02बीपी2104 को भी जब्त किया है। बरामद शराब के संबंध में दोनों आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत संतोष कुमार और गणेश नोनिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

### शिक्षा सेवक रामानंद चौधरी के निधन पर शोकसभा आयोजित



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में कार्यरत शिक्षा सेवक रामानंद चौधरी के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज कर्मियों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शिक्षा सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र राजवंशी और सचिव ललन चौधरी ने कहा कि शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज कर्मियों को करीब पांच माह से मानदेय नहीं मिला है। इसके कारण कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने दावा किया कि लगातार आर्थिक परेशानी और मानसिक तनाव के बीच रामानंद चौधरी का निधन हुआ। हालांकि, उनके निधन के कारण की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संघ पदाधिकारियों ने सरकार से लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने तथा विभागीय प्रावधान के अनुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की। शोकसभा में मनोज निश्चल, रविशेखर कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, नवलेश चौधरी, रामकेवल रजक, उषा कुमारी, आशा कुमारी, रिंकी कुमारी, वीणा कुमारी और नगीना कुमारी समेत बड़ी संख्या में शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज कर्मी एवं बीआरसी भवन के अनुदेशक शामिल हुए।

# नालंदा कॉलेज में 28-29 सितंबर को साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचारों पर सेमिनार

**देश-विदेश के विद्वान करेंगे विचार-विमर्श**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नालंदा।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की 156 वर्षीय ऐतिहासिक अंगीभूत इकाई नालंदा कॉलेज में " साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचार " विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 28 एवं 29 सितंबर, 2026 को किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) सुनीता सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि सेमिनार में साहित्य, समाज और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समकालीन मुद्दों पर देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधार्थी, साहित्यकार एवं विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे। इसका उद्घाटन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर एन के अग्रवाल होंगे। प्रो. श्रीमती सुनीता सिन्हा ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य साहित्य और समाज में हो रहे परिवर्तनों को तकनीकी नवाचारों के संदर्भ में समझना तथा इन तीनों क्षेत्रों के बीच विकसित हो रहे नए संबंधों पर अकादमिक विमर्श को आगे बढ़ाना है। नालंदा कॉलेज एवं रिसर्च कल्चरल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस सेमिनार में शोधार्थी साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचारों से संबंधित विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। सेमिनार में प्रतिनिधियों की भागीदारी लिए विद्यार्थियों के लिए 300 रुपये, शोधार्थियों के लिए 500 रुपये, शिक्षाविदों के लिए 1000 रुपये तथा इंडस्ट्री डेलीगेट के लिए 2000 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सेमिनार में भाग लेने अथवा शोधपत्र प्रस्तुत करने के इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित ऑनलाइन पंजीकरण लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# ऑपरेशन स्टार्क के तहत शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज।** ऑपरेशन स्टार्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रफीगंज ने 22.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई 20 सितंबर 2026 को वरीय अधिकारियों के निर्देश पर की गई। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज के प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर गुरारू स्टेशन पर कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरक्षी संजय कुमार एवं आरक्षी नरेंद्र कुमार प्लेटफार्म संख्या-1 के नई दिल्ली छोर पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान पीपल वृक्ष के पास निर्माणाधीन शौचालय के सामने एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। उसके पास एक पिट्ठू बैग और दो झोले थे। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर उपनिरीक्षक मोनिका कुमारी एवं आरक्षी अनिल कुमार 10.15 बजे गुरारू स्टेशन पहुंचे। तलाशी के दौरान 30 बोतल में कुल 22.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब हरियाणा निर्मित थी और बोतलों पर 'सेल फॉर हरियाणा ओनली' अंकित था। शराब की अनुमानित कीमत 31 हजार रुपये आंकी गई। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम विक्रम कुमार (25), पिता उमेश प्रसाद यादव, निवासी इमामपुर टोला बेलहटी, थाना नीमचक बथानी, जिला गया (बिहार) बताया। बरामद शराब और विक्रम कुमार को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी गया को सुपुर्द कर दिया गया।

# फाइलेरिया की जांच शुरू, मुखिया ने रक्त नमूना देकर किया जागरूक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** फाइलेरिया उन्मूलन की मुहिम के तहत कुटुम्बा प्रखंड में प्री-ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत रात्रि रक्त संग्रह अभियान शुरू किया गया। परता पंचायत के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देऊरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य टीम ने देर रात तक घर-घर पहुंचकर लक्षित लोगों के रक्त नमूने लिए। परता में मुखिया श्याम बिहारी पासवान ने स्वयं रक्त नमूना देकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने ग्रामीणों से बिना किसी भ्रम के जांच कराने की अपील की। वहीं देऊरा में जिला वैक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार और पिरामल फाउंडेशन के रीजनल मैनेजर सुमित कुमार ने अभियान का शुभारंभ कराया। डीवीडीसीओ डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि फाइलेरिया के माइक्रोफाइलेरिया परजीवी रात के समय रक्त की परिधीय नलिकाओं में अधिक सक्रिय पाए जाते हैं। इसी कारण रात में रक्त नमूना लेना जांच के लिए जरूरी है। सर्वे से क्षेत्र में फाइलेरिया संक्रमण की स्थिति और संक्रमण चक्र को रोकने में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्था ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सर्वे टीम को सहयोग करने की अपील की। जांच निःशुल्क है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत रक्त नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान में पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर अनिल कुमार सिंह, प्रोग्राम लीड विजय कुमार, रक्तदाता प्रेरक रकता मिश्रा, बीसीएम अक्षय पासवान, लैब टेक्नीशियन अमर कुमार, सहायक कर्मी चन्द्रशेखर आजाद, आशा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।

# मील का पत्थर साबित हो रही है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस योजना ने देश की बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा की है और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज औरंगाबाद की बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी मेहनत तथा बुद्धिमत्ता से इतिहास रच रही हैं। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर औरंगाबाद की छात्रा दीक्षा कुमारी एवं वैष्णवी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना ने आज बेटियों का जीवन बदल बदल रहा है। "आज विद्यालयों में बेटियों के नामांकन दर में बढ़ोतरी और लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश का मान बढ़ा रही हैं। योजना से समाज की सोच में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया है। आज सभी माता-पिता अपने बेटियों को शिक्षा के लिए आगे आ रहे है। इस योजना ने बेटियों के प्रति सदियों पुरानी रूढ़िवादी सोच को बदला है। आज बेटियां परिवार पर बोझ नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास का एक मजबूत स्तंभ मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि जन-भागीदारी से एक परिवर्तनकारी आंदोलन बन गई है।

# जमुई की घटना पर उबले कांग्रेसी, अंबा चौक पर सरकार का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** जमुई में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ कथित मारपीट, बदसलूकी और छेड़खानी की घटना के विरोध में मंगलवार को कुटुंबा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने अंबा में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि 19 सितंबर की घटना ने बिहार को शर्मसार किया है। सड़क पर नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ हुई कथित बर्बरता और निजता के उल्लंघन से अपराधियों के बढ़ते मनोबल का पता चलता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देश पर प्रदेशभर में घटना के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने घटना में गिरफ्तार तीन आरोपियों के अलावा फरार बताए जा रहे अन्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही सभी दोषियों पर पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई तथा मामले का स्पीडी ट्रायल कराने की मांग उठाई।

प्रदर्शन में मोहम्मद जीशान, रविकांत, आनंद कुमार पाल, जीतबहन राम, नीरज कुमार, किशोर कुमार, चंदन रविदास, सदय यादव, श्रीराम कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, शक्ति कुमार और मोहम्मद फैसल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए।

# मजार से लेकर सूर्य मंदिर तक चला स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में विशेष संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।ग्राम पंचायत लोहरा में मजार परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सामूहिक रूप से सफाई की गई। वहीं भेटनियां पंचायत के मंझौली स्थित सार्वजनिक स्थल सूर्य मंदिर परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। टीम ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की। इसके अलावा ग्राम पंचायत अरथुआ के बसर बिगहा मस्जिद चौक के पास, कोटवारा पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र के आसपास, भदुकी कला पंचायत में अकौनी दुर्गा मंदिर के आसपास तथा पोगर पंचायत के बाजार क्षेत्र में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एवं समन्वय प्रखंड स्वच्छता टीम द्वारा किया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने ग्रामीणों से कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने और निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक जिम्मेदारी बनाना चाहिए। सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान में स्वच्छता पर्यवेक्षक मोहम्मद नौशाद आलम, अनिल कुमार, संजू यादव, नारायण कुमार, मोहम्मद मूसा, संतु कुमार, बीना कुमारी, रणधीर कुमार, मदन कुमार, मोहम्मद मेराज, रामकुमार यादव, अरविंद कुमार एवं रामेश्वर चौधरी समेत स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया। पंचायत स्तर पर स्वच्छता कर्मियों, डब्ल्यूपीयू कर्मियों एवं ई-रिक्शा चालकों ने भी अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

# बक्सर में आज आएंगे सीएम, नया ट्रैफिक प्लान जारी

## सीएम के आगमन को लेकर कई रास्तों पर रहेगी नो इंट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बक्सर।** 22 और 23 सितंबर को श्री वामन देव भगवान की पूजा और 23 सितंबर को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बक्सर भ्रमण को लेकर बक्सर पुलिस ने ट्रैफिक रूट प्लान जारी किया है। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार 23 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शहर के कई मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित और कुछ मार्गों पर आंशिक रूप से प्रतिबंधित रहेगा। जारी आदेश के मुताबिक आईटीआई मोड़ से मठिया मोड़, हवाई अड्डा मोड़, सेंट्रल जेल मोड़, ठोरा पुल से दानी कुटिया मोड़ तथा आईटीआई मोड़ से डीएवी मोड़, ज्योति चौक, बस स्टैंड, सिंडिकेट मोड़, गोलंबर से अहिरौली, कथकौली मोड़, चुरामनपुर से पड़री मोड़ तक सभी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। 23 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चारपहिया वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा और मोटरसाइकिल के लिए निर्धारित रूट से ही परिचालन होगा। गोलंबर से सारीमपुर पुल, मठिया पुल, मुनिम चौक, जमुना चौक, ठठेरी बाजार होते हुए पुलिस चौकी तक वाहन जा सकेंगे। पुलिस चौकी से रामरेखा घाट, पीपी रोड, मुनिम चौक, पुलिस चौकी से नाथ बाबा पुल, जेल मोड़, श्री सुमेश्वर नाथ मंदिर, श्री वामन देव मंदिर, सिपाही घाट और तीन मोहानी घाट तक निर्धारित रूट से परिचालन होगा। वहीं पुलिस चौकी से ज्योति चौक, अंबेडकर चौक, स्टेशन और ईटाढ़ी गुमटी तक भी वाहनों का परिचालन किया जाएगा। वाहनों की पार्किंग के लिए किला मैदान, बाजार समिति कैंपस, सिपाही घाट और रेलवे स्टेशन के बगल में माल गोदाम के सामने व्यवस्था की गई है। पुलिस ने लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थल का ही इस्तेमाल करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार रोगी, एंबुलेंस और अति आवश्यक सेवा वाले वाहनों पर ट्रैफिक प्रतिबंध लागू नहीं होगा। रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपने साथ यात्रा का टिकट जरूर रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसे दिखाया जा सके। बक्सर शहर में 22 सितंबर की रात 8 बजे से 23 सितंबर की रात 10 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक रूट प्लान का पालन करने की अपील की है।

## सीएम के आगमन से पहले सड़क और नहरों की हो रही सफाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बक्सर।** वर्षों से विकास की अपेक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर विश्वामित्र सेना लगातार आवाज उठाने का दावा कर रही है. संगठन की ओर से सड़क, रोड कनेक्टिविटी और नहरों की बदहाल स्थिति जैसे विषयों को लेकर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने की बात कही गयी है। विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने कहा कि बक्सर की सड़कों से लेकर नहरों तक की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई नहरें आज भी गंदगी से भरी हुई हैं और उन्होंने बचपन से इन्हें इसी स्थिति में देखा है। उनके अनुसार, वर्षों बीतने के बावजूद इनकी स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं आया है। राजकुमार चौबे ने कहा कि बक्सर केवल एक शहर नहीं, बल्कि महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि और सनातन संस्कृति की गौरवशाली धरोहर है। उन्होंने कहा कि बक्सर के विकास के साथ इसकी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। 23 सितंबर को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बक्सर आगमन के दौरान इन मुद्दों पर निरीक्षण और चर्चा की दिशा में होने वाली पहल को लेकर विश्वामित्र सेना उत्साहित है। संगठन ने उम्मीद जतायी है कि सड़क, कनेक्टिविटी, नहरों की स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषयों पर समाधान की दिशा में कदम आगे बढ़ेंगे। संगठन की ओर से कहा गया है कि बक्सर के विकास से जुड़े जनसरोकारों पर ठोस पहल की जरूरत है। सड़क और कनेक्टिविटी के साथ नहरों की स्थिति तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में कार्रवाई की अपेक्षा जतायी गयी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनटीपीसी : बिजली की ...

नया नहीं है। फरक्का परिसर से जुड़े विद्यालयों के साग्निक चक्रवर्ती ने वर्ष 2021 में जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की और वर्तमान में आईआईटी बॉम्बे से एमटेक कर रहे हैं। वर्ष 2022 में आदित्य कश्यप ने जेईई एडवांस्ड में सफलता प्राप्त की और राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। अंकुश दत्ता ने भी 2022 में जेईई में सफलता हासिल की। वर्ष 2023 में आशिफा अख्तर खातून और तिलोत्तमा सरकार ने नीट में सफलता प्राप्त की, जबकि 2025 में रिक साहा ने जेईई एडवांस्ड में सफलता दर्ज की। परियोजना-प्रभावित गांवों से आए ऐसे विद्यार्थी भी हैं, जिन्होंने एनटीपीसी के विद्यालयों में पढ़ाई के बाद भारतीय पुलिस सेवा यानी आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं तक का सफर तय किया है। इन नामों को केवल उपलब्धियों की सूची की तरह पढ़ना इस कहानी को छोटा कर देगा। असली कहानी उस बदलाव की है, जो एक विद्यार्थी की सफलता से दूसरे विद्यार्थी की कल्पना में पैदा होता है। जब अपने ही स्कूल का कोई बच्चा आईआईटी पहुंचता है, तो आईआईटी किसी दूर शहर की अनजानी मंजिल नहीं रह जाता। वह उसी कक्षा में बैठे दूसरे बच्चे के लिए एक वास्तविक संभावना बन जाता है। शिक्षा का शायद यही सबसे गहरा असर है-वह केवल ज्ञान नहीं देती, कल्पना का क्षितिज भी बड़ा करती है।

**छात्रवृत्ति से आगे, अवसर का विस्तार**

इस शैक्षणिक यात्रा में आर्थिक सहयोग भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। 'उत्कर्ष छात्रवृत्ति' के तहत एनटीपीसी स्टेशनों में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को हर वर्ष प्रोत्साहन के रूप में छात्रवृत्ति दी जाती है। पूर्वी क्षेत्र-1 की परियोजनाओं में हर वर्ष सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले 400 से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलता है। प्रत्येक विद्यार्थी को 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। राशि भले बड़ी न हो, लेकिन ऐसे परिवारों के लिए यह सहायता पढ़ाई से जुड़े खर्चों में सहयोग देने के साथ-साथ आगे बढ़ने का प्रोत्साहन भी बनती है। इसी सोच का एक विशेष विस्तार है–बालिका सशक्तिकरण अभियान यानी गर्ल एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम)। एनटीपीसी ने वर्ष 2018 में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली ग्रामीण बालिकाओं के लिए इसकी शुरुआत की थी। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मरक्षा, योग, खेल, रचनात्मक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास जैसे जीवन-कौशल को भी इसका हिस्सा बनाया गया। एनटीपीसी के अनुसार, वर्ष 2026 तक देश के 17 राज्यों में जीईएम से 15,000 से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। पूर्वी क्षेत्र-1 में वर्ष 2026 के दौरान सात परियोजना आवासीय परिसरों में आयोजित सात समर वर्कशॉप में 560 बालिकाओं ने भाग लिया। चार सप्ताह की निःशुल्क आवासीय समर वर्कशॉप के बाद सामान्यतः उन्हीं बालिकाओं के लिए सर्दियों की छुट्टियों में एक सप्ताह की फॉलो-अप वर्कशॉप भी आयोजित की जाती है। अर्थात सीखना केवल चार सप्ताह के शिविर तक सीमित नहीं रहता। संवाद, अभ्यास, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया आगे भी जारी रहती है। प्रत्येक परियोजना से लगभग 10 प्रतिशत मेधावी बालिकाओं का चयन कर उन्हें एनटीपीसी के आवासीय परिसरों के विद्यालयों में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा का अवसर दिया जाता है। उनकी शिक्षा से जुड़े खर्च एनटीपीसी वहन करता है। किसी ग्रामीण बेटी के लिए यह केवल एक विद्यालय में प्रवेश नहीं है। यह उस दुनिया तक पहुंचने का अवसर है, जिसे उसने शायद अब तक दूर से देखा था। नई किताबें, नए विषय, नए साथी और एक नया वातावरण–इन सबके बीच धीरे-धीरे उसके सामने अपने भविष्य की तस्वीर भी बदलने लगती है।

**मेगावाट के आंकड़ों के बीच एक और पैमाना**

एनटीपीसी की परियोजनाओं को आम तौर पर मेगावाट, उत्पादन और बिजली की उपलब्धता के आंकड़ों से देखा जाता है। ये आंकड़े जरूरी हैं। लेकिन किसी परियोजना की सामाजिक यात्रा का एक दूसरा पैमाना भी होता है–उसके आसपास के बच्चों की बदलती हुई दुनिया। वह दुनिया जिसमें गांव के आगे शहर दिखाई देता है जिसमें आईआईटी और नीट जैसे नाम किसी दूर की कहानी नहीं, बल्कि हासिल की जा सकने वाली मंजिलों की तरह सुनाई देते हैं। जिसमें खेल का मैदान कक्षा जितना ही महत्वपूर्ण हो सकता है और जिसमें एक ग्रामीण बेटी अपने लिए शिक्षा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की राह देख सकती है। एनटीपीसी के पावर प्लांट देश को ऊर्ज़ा देते हैं। उन्हीं परियोजनाओं के आवासीय परिसरों के विद्यालय ज्ञान, जिज्ञासा, आत्मविश्वास और उम्मीद की एक दूसरी ऊर्ज़ा तैयार कर रहे हैं। बिजली की रोशनी घरों और शहरों को रोशन करती है। शिक्षा की रोशनी पीढ़ियों को। और जब ये दोनों रोशनियां एक साथ जलती हैं, तो किसी बिजली परियोजना का अर्थ केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं रहता। उसकी रोशनी उन चेहरों पर भी दिखाई देने लगती है, जो कल अपने गांव, अपने शहर और अपने देश की कहानी लिखेंगे। जहां एनटीपीसी के बिजलीघर देश को रोशन करते हैं, वहीं उन्हीं परियोजनाओं के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे उस रोशनी को भविष्य तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज बुधवार को ऐतिहासिक बाबू वीर कुंवर सिंह किला परिसर पहुंचेंगे। उनके इस आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों और राजनीतिक गलियारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

?मंगलवार को बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री सह जगदीशपुर के विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने नगर के खेल मैदान में बनाए जा रहे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**पुराना वादा होगा पूरा, मिल सकता है पर्यटक स्थल का दर्जा**

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके द्वारा जगदीशपुर के ऐतिहासिक और क्रांतिकारी महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख 'पर्यटक स्थल' का दर्ज़ा दिलाने का वादा किया गया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अब वह वादा जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आज के इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जगदीशपुर के विकास और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कोई महत्वपूर्ण घोषणा कर सकते हैं।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम और अंतिम रूप लेती तैयारियां**

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर ऐतिहासिक किला परिसर, संग्रहालय और हेलीपैड स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं ताकि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

## कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 23 को मतदान

### 27 अक्टूबर को पूर्णिया में होगी मतगणना, 14 जिलों में बनाए गए 181 मतदान केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सहरसा।** बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 को लेकर मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार ने प्रेस ब्रीफिंग कर चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचन को लेकर प्रेस नोट जारी कर दिया गया है। प्रेस नोट जारी होते ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जो 22 सितंबर से 31 अक्टूबर तक लागू रहेगी।

आयुक्त ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 7 अक्टूबर को होगी, जबकि अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर है। मतदान 23 अक्टूबर को कराया जाएगा और मतगणना 27 अक्टूबर को पूर्णिया में होगी।

उन्होंने बताया कि कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई एवं बांका सहित कुल 14 जिले शामिल हैं। इन जिलों में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 181 है।

निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,34,593 मतदाता हैं। इनमें 1,02,554 पुरुष, 32,034 महिला तथा चार ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। आयुक्त ने स्वच्छ, निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से निर्वाचन संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में निर्वाचन कार्य में लगाए जाने वाले कर्मियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब भी दिए।

## सीआईएसएफ एवं एनडीआरएफ ने किया संयुक्त मॉक ड्रिल

**एनटीपीसी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विद्युत परियोजना में कार्यरत केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन इकाई एवं एनडीआरएफ द्वारा आज सफलता पूर्वक मॉक ड्रिल किया गया।

कहलगांव विद्युत परियोजना के ट्रैक हॉपर-वन में किए गए संयुक्त मॉक ड्रिल के दौरान एमजीआर लोको के पटरी से उतरने के कारण बड़े पैमाने पर जनहानि की स्थिति उत्पन्न होने की परिकल्पना की गई। इस घटना की सूचना प्राप्त होते ही सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा, प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में चार मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंची तथा तत्काल बचाव एवं राहत कार्य प्रारंभ किया। महाप्रबंधक मनोरंजन परिदा घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को देखा। बाद में पटना के एनडीआरएफ टीम, सीआईएसएफ की अग्निशमन इकाई, कहलगांव राज्य अग्निशमन सेवा और कहलगांव परियोजना के संबंधित प्रबंधन दलों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा ने तत्परता एवं कुशलता का परिचय देते हुए एनडीआरएफ टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया और काल्पनिक आपदा की स्थिति में चार फंसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रभावी प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के समापन के पश्चात डी-ब्रीफिंग की गई, जिसमें अभ्यास के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए गए राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा गया कि इस प्रकार की संयुक्त मॉक ड्रिल वास्तविक आपदा या बड़े पैमाने पर जनहानि की स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने, प्रतिक्रिया समय को कम करने, बचाव दलों की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मॉक ड्रिल में परियोजना प्रमुख रविन्द्र शर्मा, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के समादेष्टा भारती नंदन, कहलगांव परियोजना के महाप्रबंधक (ऑपरेशन) मनोरंजन परिदा, सहायक समादेष्टा (अग्निशमन) मनीष कुमार सहायक समादेष्टा (कार्य) गोरेलाल शुक्ला, एनडीआरएफ निरीक्षक रवि सरोज सहित कहलगांव परियोजना के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## दरभंगा में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रड्डी जलारड्डी ने कर्तव्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के मामलों में तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, दरभंगा निर्धारित किया है। श्री रेड्ड ने बताया कि अगस्त 2026 तक प्रतिवेदित बलात्कार से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा के दौरान महिला थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार रजक द्वारा महिला थाना कांड संख्या 70/24, 56/25 एवं 24/26 के अनुसंधान में लापरवाही बरतते हुए मामलों को लंबित रखा जाना पाया गया। इसके बाद उन्हें निलंबित किया गया।

## मदनपुर के दक्षिणी ओर बसे गांवों की नालियों की नहीं हो रही सफाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर दर्जी बिगहा के समीप से जीटी रोड के अंजनवां मोड़ तक बाईपास रोड निर्माण कार्य चल रहा है। बाईपास रोड के दक्षिण बसे गांवों से निकलने वाले नालियों का पानी, पहाड़ों से गिरने वाले बरसाती पानी का निकास की व्यवस्था एनएचआई द्बारा नहीं किए जाने से इन दिनों स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गया है। बाईपास रोड के दक्षिण तरफ एक बड़ा आबादी बसता है। बरसात मौसम में जंगल पहाड़ से बारिश की पानी पहले झरना आहर से होकर तालाब में संग्रहित होता था। झरना आहर से हजारों एकड़ भूमि खेत का पटवन होता था। चंदेलपुर गांव निवासी पिटू कुमार, जुड़ाही निवासी दीपक कुमार ने बताया कि अब बाईपास रोड में पानी निकासी के लिए व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण जंगल तटीय गांवों के लोगों का घर डूबने की संभावना बनी हुई है। एनएचआई के इंजीनियर और अधिकारियों के लापरवाही और उपेक्षा पूर्ण नीतियों के विरुद्ध लोग आंदोलन करने, सड़क पर उतरने की रणनीति बनाई जा रही है।

## मुंगेर विश्वविद्यालय सिंडिकेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट हॉल में माननीय कुलपति प्रो. संजय कुमार की अध्यक्षता में सिंडिकेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम से संबंधित संशोधन, विभिन्न पाठ्यक्रमों के संचालन, शिक्षकों की नियुक्ति एवं पदस्थापन, शोध एवं पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया, कौशल आधारित पाठ्यक्रम तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सिंडिकेट ने बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों, भारतीय ज्ञान प्रणाली से संबंधित वैल्यू एडेड कोर्स, क्रिपटिक क्रॉसवर्ड जैसे कौशल आधारित पाठ्यक्रम तथा एनजीओ/एमएसएमई में इंटर्नशिप से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसके साथ ही पीएचडी प्रवेश-2024, 2025 एवं 2026 के लिए आवेदन की तिथियों के पुनर्निर्धारण एवं विस्तार पर भी विचार किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग को जेआरएस कॉलेज परिसर में स्थानांतरित करने तथा अनुसंधान एवं रबर प्लांटेशन से संबंधित कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने के प्रस्ताव पर भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों एवं स्नातकोत्तर विभागों के लिए 36 घंटे के शॉर्ट टर्म फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित करने तथा विभिन्न विषयों में संविदा के आधार पर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति एवं पदस्थापन से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में कुलपति प्रो. संजय कुमार के साथ प्रो. महेश्वर मिश्रा, डी.एस.डब्ल्यू.; प्रो. शिव कुमार मंडल, कुलानुशासक; देवानंद साहू, राज्य सरकार के नामित सदस्य; पूनम देवी, राज्य सरकार की नामित सदस्य; घनश्याम पटेल, राज्य सरकार के नामित सदस्य; प्रो. हरिश्चंद्र शाही, हिंदी विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग; डॉ. देवेंद्र प्रसाद राम, प्राचार्य, एच.एस. कॉलेज, हवेली खड़गपुर; डॉ. अमित कुमार, प्रभारी प्राचार्य, के.एस.एस. कॉलेज, लखीसराय तथा डॉ. घनश्याम राय, कुलसचिव सहित अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और सुदृढ़ करने, विद्यार्थियों के लिए नए अवसर विकसित करने तथा प्रशासनिक कार्यों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## दो को सश्रम कारावास की सजा

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना स्थित मादक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस एक्ट की एक विशेष अदालत ने छह क्विंटल सात किलोग्राम गांजा की तस्करी के जुर्म में आज दो व्यक्तियों को 13-13 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ एक-एक लाख रूपये का जुर्माना भी किया। पटना सिविल कोर्ट स्थित एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत संख्या 2 ने मामले में सुनवाई के बाद उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला स्थित कंधारी गांव निवासी विक्की शर्मा और उपेंद्र कुमार यादव को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई।

## भागलपुर में डीएम ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

### छात्रों की जिज्ञासा का समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा आज यहां विद्यार्थी सहयोग शिविर में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। स्थानीय सुंदरवती महिला महाविद्यालय में आयोजित इस शिविर में दोनों अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं, जिज्ञासाओं एवं विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों को सुन कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश एवं परामर्श प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने छात्र- छात्राओं से शिक्षा, अध्ययन, करियर निर्माण एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर संवाद करते हुए विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता एवं लक्ष्य के अनुरूप भविष्य की दिशा निर्धारित करने की बात कही। उन्होंनें अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नियमित एवं अनुशासित रूप से अध्ययन करने की सलाह दी और कहा कि विधार्थी जीवन भविष्य के निर्माण की महत्वपूर्ण अवस्था है। इस दौरान विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग करते हुए अध्ययन के साथ-साथ अपनी प्रतिभा एवं कौशल को विकसित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। श्रीमती पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने तथा किसी भी कठिनाई की स्थिति में उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रेरित होने की जरुरत है। उन्होंने इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित विषयों पर भी विद्यार्थियों के साथ विस्तार से अध्ययन, समय-प्रबंधन, विषयवार तैयारी आदि पर आवश्यक सुझाव दिये।

नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी और विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव तथा अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी को सुरक्षित रखने के संबंध में आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध संदेशों का जवाब देने अथवा अपनी व्यक्तिगत, बैंकिंग एवं अन्य संवेदनशील जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा करने से बचें।साथ ही साइबर अपराध अथवा किसी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित माध्यम से शिकायत दर्ज कराने एवं आवश्यक सहायता प्राप्त करने के संबंध में भी जागरूक किया गया।

## मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन, सुंदरगंज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत सुंदरगंज स्थित प्रखंड के एकमात्र मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन में पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण एवं विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से जूनियर रेड क्रॉस, औरंगाबाद के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना और छात्र-छात्राओं को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के प्रति जागरूक करना रहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व जिला जूनियर रेड क्रॉस, औरंगाबाद के जिला काउंसलर सह सचिव निरंजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, शिक्षक अरुण कुमार, शिवम कुमार, संजय कुमार मेहता, रवि रंजन कुमार, संतोष कुमार, सुशील कुमार, विक्रम कुमार, ममता कुमारी, रिंकी कुमारी, आलोक कुमार, अरुण राय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जूनियर रेडक्रॉस के जिला काउंसलर सह सचिव निरंजय कुमार ने कहा कि वन प्रमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद से अनुरोध कर 100 पौधे की मांग की गई थी इस अनुरोध के आलोक में वन प्रमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा 100 पौधे जूनियर रेड क्रॉस औरंगाबाद को उपलब्ध कराए गए जिसके आलोक में मॉडल स्कूल सुंदरगंज में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

# वृहद आश्रय गृह का डीएम एवं एसएसपी ने किया निरीक्षण

## सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी द्वारा मंगलवार को वृहद आश्रय गृह, भराठी, दरभंगा का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आश्रय गृह में रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम वृहद आश्रय गृह के प्रवेश द्वार एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवान को पूरी सक्रियता एवं सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने आश्रय गृह में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं के संबंध में संबंधित कर्मियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के रहने, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आश्रय गृह में रह रहे बच्चों से भी मिल कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता, समय पर भोजन की उपलब्धता, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं, परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों द्वारा दिए गए फीडबैक को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी आश्रय गृह की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सुरक्षा में तैनात कर्मियों को सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, विशेष पुलिस इकाई के नोडल पदाधिकारी उदय शंकर, सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, अनिमेष कुमार चन्द्र, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस चांदनी सिंह सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# हत्या के दो आरोपितों ने कोर्ट में किया समर्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के कटहरिया गांव में भूमि विवाद में हुई मो. एहसान की हत्या मामले के दो प्राथमिक अभियुक्तों ने पुलिस दबाव में सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी थाना कांड संख्या 257/26 के नामजद कटहरिया निवासी मो. खालिद पिता मो. जाकिर हुसैन और मो. एनामुल पिता कलीमुद्दीन हैं। दोनों ने सोमवार 21 सितम्बर को न्यायालय बेगूसराय में आत्मसमर्पण किया। विदित हो कि विगत 15 सितम्बर की शाम मो. एहसान अपने भाई के साथ बटाई पर लिए गए जमीन की ट्रैक्टर से जुताई करवा रहे थे तभी उनके चाचा मो. जाकिर हुसैन, मो. एनामुल, मो. खालिद सहित अन्य ने लाठी-डंडे व रॉड से बेरहमी से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए थे। इलाज के दौरान दूसरे ही दिन बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में मो. एहसान की मौत हो गई थी। इस मामले में थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, वहीं एक विधि विरुद्ध बालिका को निरुद्ध किया था। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस की दबिश के कारण दो अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। शेष की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है।

# स्वच्छ व हरा-भरा होगा नावकोठी

**स्वच्छता अभियान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत राज नावकोठी में मंगलवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला मुखिया संघ के महासचिव सह स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने किया। इस दौरान सीएससी परिसर, अमृत सरोवर पोखर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया गया। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता का संदेश देते हुए सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के लिए ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है।कार्यक्रम में उपमुखिया विजय सहनी, वार्ड सदस्य महेश महतो, शत्रुघ्न कुमार, सुधीर रजक, स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, स्वच्छता कर्मी बिरजू मलिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। स्वच्छ नावकोठी, हरा-भरा नावकोठी–स्वस्थ एवं सुंदर नावकोठी की ओर एक कदम।

# हत्याकांड के आरोपित को पुलिस किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के भरडिहा गांव निवासी अरविंद पासवान के 18 वर्षीय पुत्र साजन कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के छोटी बगरस गांव वार्ड संख्या 3 निवासी सरोज सहनी का 19 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार है। पुलिस ने उसे घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल आर 15 और एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। विदित हो कि साजन कुमार की पिछले दिनों शाम में उसके ही छह मित्रों ने बुलाकर बघेला चौर में हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक की मां आंगनबाड़ी सेविका सविता देवी के फर्द बयान पर थाना कांड संख्या 261/26 दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था, जिसमें शिवम कुमार की गिरफ्तारी हुई है। शेष की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में सोमवार को जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरतने और निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए। बैठक में बताया गया कि खरीफ मौसम 2026-27 के लिए जिले में 74,208 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 1,13,080 पंजीकृत किसानों में से 1,12,649 का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है।'एक पेड़ माँ के नाम-3.0' अभियान के तहत 1,51,869 पौधे लगाने के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 90,612 पौधे लगाए गए हैं। कायाकल्प अभियान के तहत चयनित 1,868 योजनाओं की 24 सितंबर तक पोर्टल पर अनिवार्य प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग 74 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत बेगूसराय को मॉडल जिला चिह्नित किया गया है। और अब तक 20 लाख 8 हजार 830 आभा आईडी बनाई जा चुकी है। इसके अलावा बाढ़ से हुई क्षति का वास्तविक आकलन, जीआर सहायता से वंचित परिवारों को संपूर्ति पोर्टल पर जोड़ने, पीएम सूर्य घर योजना के व्यापक प्रचार और संत रविदास विकास शिविर के 1,508 लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन के निर्देश भी दिए गए।

# जमुई की घटना के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** जमुई में नाबालिग लड़की के साथ कथित दरिंदगी और उसके साथी के साथ बीच सड़क पर मारपीट की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने नावकोठी में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष निशा शर्मा ने किया। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर घटना के प्रति विरोध जताया। इसके बाद आदर्श नगर नावकोठी में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष निशा शर्मा ने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों, महिलाओं और युवाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए। दिनदहाड़े इस तरह की घटना सामने आना चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार पर महिला सुरक्षा के दावों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा तभी सार्थक होगा, जब महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित वातावरण मिले। प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेश पासवान, श्रीराम सिंह, श्याम शर्मा, दिलीप सहनी, बलबीर शर्मा, सविता देवी, रेणु देवी, फूलकुमारी देवी, अमित शर्मा, प्रीति देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दिव्यांग स्कूली बच्चों के लिए जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बीआरसी भवन नावकोठी में मंगलवार को स्कूली दिव्यांग बच्चों के प्रमाणीकरण एवं जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 6 से 18 वर्ष आयुवर्ग के कुल 35 दिव्यांग स्कूली बच्चों की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता वाले बच्चों को चिह्नित कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई।शिविर में जांच के दौरान छह दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल तथा दो बच्चों को श्रवण यंत्र के लिए चिह्नित किया गया। इसके अलावा सात अस्थि दिव्यांग, आठ दृष्टिबाधित, छह श्रवण दिव्यांग (मूक-बधिर) तथा छह मानसिक दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। जांच के बाद पात्र बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी की गई।मेडिकल टीम के सदस्यों ने बच्चों की दिव्यांगता की स्थिति का आकलन करते हुए अभिभावकों को आवश्यक जानकारी भी दी। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग स्कूली बच्चों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत आवश्यक सुविधाएं एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है।

मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्कर कुमार, नेत्र सहायक सुनीत कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट संजीव कुमार, सहायक ऑडियोलॉजिस्ट दिव्या कुमारी, बीएचएम आनंद ईश्वर, संभाग प्रभारी रौशन कुमार, नवनीत कुमार, पंकज प्रसाद सिंह एवं विकास मित्र अर्जुन रजक सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# 11वें आयुर्वेद दिवस पर देश भर के विद्वान करेंगे व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालय 23-24 सितंबर को 11वें आयुर्वेद दिवस के आयोजन के लिए तैयार है।प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास त्रिपाठी ने ब्रोशर जारी करते हुए बताया कि दो दिवसीय समारोह में देश के नामी अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद विद्वान व्याख्यान देंगे। आयुर्वेद निदेशक डॉ. वरुण कुमार और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव अमरनाथ सहाय के भी शामिल होने की संभावना है। व्याख्यान देने वालों में चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान नई दिल्ली के डॉ. महेश कुमार, प्रोफ़ेसर एमेरिटस डॉ. चंद्रभूषण झा, उत्क्ठ रचना शारीर के असिस्टेंट प्रो. आशुतोष पाठक, द्रव्यगुण विभाग के डॉ. संजीव कुमार सहित कई विद्वान शामिल हैं।

महाविद्यालय करीब 350 प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए तैयार है। आज सभागार में छात्रों के बीच प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

# शिक्षा सेवक तालीमी मरकज कर्मियों का मानदेय लंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड में कार्यरत शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मियों का चार माह से मानदेय लंबित रहने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। कर्मियों के अनुसार जून, जुलाई, अगस्त 2026 का मानदेय अब तक नहीं मिला है। लगातार तीन माह से भुगतान नहीं होने के कारण कर्मियों और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय होती जा रही है। चौथा महीना सितंबर 2026 भी खत्म होने पर है। शिक्षा सेवकों का कहना है कि वे शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न दायित्वों का नियमित रूप से निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद समय पर मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण घर-परिवार के खर्च, बच्चों की पढ़ाई तथा अन्य जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने में परेशानी हो रही है। शिक्षा सेवक तालीमी मरकज संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार रजक ने सरकार से जल्द से जल्द लंबित मानदेय का भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सेवक विभाग के विभिन्न कार्यों और जिम्मेदारियों का नियमित रूप से निर्वहन करते हैं। इसके बावजूद महीनों तक मानदेय लंबित रहना कर्मियों के लिए गंभीर आर्थिक परेशानी का कारण बन रहा है।संघ अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया तो शिक्षा सेवक तालीमी मरकज कर्मी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। आवश्यकता पड़ने पर आमरण अनशन सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार को संवेदनशीलता के साथ पहल करते हुए समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

# भोजपुर के 434 आवासीय उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची अनुदान राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भोजपुर।** बिहार में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने एवं आवासीय उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना-2026 का शुभारंभ मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी द्वारा ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रूफटॉप सोलर के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ घरेलू बिजली खर्च में कमी लाने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने अधिक से अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का आह्वान किया। इसी क्रम में भोजपुर जिले से उच्च शिक्षा एवं विधि विभाग के मंत्री विधायक संजय सिंह 'टाइगर, अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर भोजपुर जिले के लाभुकों को सम्मानित किया गया तथा प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 434 आवासीय उपभोक्ताओं के खातों में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 09 लाभुकों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही जिले में सर्वाधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाले सोलर वेंडरों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के तहत पात्र आवासीय उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से अधिकतम 98 हजार तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है। पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सोलर शिविर, जागरूकता अभियान एवं ऋण मेले आयोजित कर योजना को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर विद्युत विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार अभियान बसेरा के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों से आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोजपुर जिले की सभी पंचायतों में शिविर लगाकर अभियान बसेरा से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विकास मित्रों द्वारा भी सुयोग्य परिवारों के घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा ने कहा कि अभियान बसेरा का उद्देश्य पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि अभियान बसेरा के तहत आवेदन जमा करने के लिए किसी को भी जिले से बाहर या किसी अन्य स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवार अपने संबंधित पंचायत में आयोजित शिविर के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं। साथ ही, विकास मित्रों द्वारा घर-घर जाकर भी सुयोग्य परिवारों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

# एकादशी व्रत को कर्मा-धर्मा के रूप मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** प्रखंड के हसपुरा बाजार अहियापुर सहित सुदूरवर्ती गांव-गांव में एकादशी व्रत कर्मा-धर्मा के रूप में कुवांरी लड़कियों सहित सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर त्योहार मनाया। बाजार में चौक चौराहे पर झुर, बेलंदा, करमी साग, मकई, खीरा तथा अनरसा खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। गुरुवार को देर शाम महिलाएं झुर की पूजा-अर्चना की। ओमप्रकाश पांडेय ने कहा इसे पद्मा एकादशी व्रत भी कहा जाता है। जिसमें प्रसाद स्वरूप खीरा, मकई, अनरसा, मिष्टान्न झुर देव पर रखकर पूजा किया जाता है। ओमप्रकाश पाण्डेय ने कर्मा-धर्मा पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा भाई के प्रेम हेतु महिलाएं कर्मा व्रत करती हैं। पूजा अर्चना के उपरांत सुबह में करमी की साग, बेलंदा के साग, दही खाकर व्रत को समाप्त करती हैं। बताया जाता है कि महिलाएं पूजा के समय इस व्रत को अपने भाई के नाम झुर पकड़ कर माथे चढ़ाती है और जीवन भर सीधा रहने का शंकल्प लेती है। अनिता देवी, अंजली देवी,रुपाली, जुली, संजना, सुनीता, खुशबू, साधना सहित सैकड़ों महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा में खुलेआम नकल का आरोप

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मोख्तियारपुर में 21 सितंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा चल रही है। इसी बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई जिसमें एक छात्र सामने मोबाइल रखकर देखकर उत्तर लिखता नजर आ रहा है। वायरल तस्वीर की पुष्टि नहीं हुई है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लुसी कुमारी से संपर्क का प्रयास किया गया तो पहली बार फोन रिसीव नहीं हुआ, दूसरी बार किसी पुरुष ने यह कहकर फोन काट दिया कि यह गलत नंबर है, जबकि इसी नंबर पर पहले बात हो चुकी थी। वहीं विद्यालय के एक शिक्षक ने बताया कि तस्वीर इसी विद्यालय की है और प्लस टू की परीक्षा की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तस्वीर शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है।

# रोटरी पटना मिडटाउन ने दानापुर रेल मंडल को दीं 10 व्हीलचेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिडटाउन ने जरूरतमंद रेल यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर रेल मंडल को 10 व्हीलचेयर प्रदान कीं। होटल मौर्या में आयोजित क्लब की आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट के दौरान सीएमडी अभिनव सिद्धार्थ ने व्हीलचेयर का उद्घाटन किया। उन्होंने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना भी की। इसी कार्यक्रम में क्लब की ओर से रोटरी फाउंडेशन के लिए ?4 लाख का चेक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो0 अनु नारंग को सौंपा गया। क्लब सचिव रो0 प्रमेश कुमार ने बताया कि व्हीलचेयर से बुजुर्ग, दिव्यांग और चलने में असमर्थ यात्रियों को स्टेशन परिसर में आवागमन करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में क्लब द्वारा वर्ष 2026-27 में अब तक किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रो0 डॉ. रंजना कुमार, असिस्टेंट गवर्नर रो0 चिंतन जैन सहित क्लब के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## ईंट-भट्ठे, प्राइवेट स्कूल और मोबाइल टावरों से होगी टैक्स वसूली

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि गरीबों पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा लेकिन गांवों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों से पंचायतों को टैक्स जरूर वसूलना चाहिए। इनमें ईंट-भट्ठे, निजी स्कूल और मोबाइल टावर शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन गतिविधियों से मिलने वाले राजस्व का इस्तेमाल गांवों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने में किया जा सकता है। उन्होंने पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांवों में चल रहे ईंट-भट्ठों, निजी स्कूलों और दूसरी व्यावसायिक गतिविधियों से पंचायतों को राजस्व मिलना चाहिए। मोबाइल टावरों से भी पंचायतों को टैक्स वसूलने की बात कही। इससे पंचायतों के पास अपनी आय का स्रोत मजबूत होगा। सरकार का जोर गरीबों पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना पंचायतों की आमदनी बढ़ाने पर है।कहा कि व्यावसायिक गतिविधियों से मिलने वाले राजस्व को गांवों के विकास में लगाया जा सकता है।

# जमुई छेड़खानी केस का मुख्य आरोपित नंदन यादव एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** बिहार के जमुई में लड़की के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार के वायरल वीडियो मामले में बिहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले के मुख्य आरोपी नंदन यादव का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी है। उसे घायल अवस्था में जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। कुछ नाबालिग आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुख्य आरोपी नंदन जमुई-लखीसराय बॉर्डर के पास पहाड़ी इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर हमला करने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई, जो उसके पैर में लगी। पुलिस ने उसे दबोच लिया। नंदन इस कांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। उसी ने लड़की के साथ छेड़खानी की थी और उसके साथियों ने वीडियो बनाया था। घटना 19 सितंबर की शाम करीब 6:30 बजे के बीच जमुई-लखीसराय मुख्य मार्ग से करीब 3 किलोमीटर अंदर पहाड़ी इलाके में हुई थी। लड़की अपने परिचित के साथ स्कूटी से घूमने गई थी, तभी 7-8 युवकों ने उन्हें रोककर छेड़खानी की और वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे बिहार में हड़कंप मच गया था। विपक्ष ने सरकार को घेरा था। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आदेश दिया था। इससे पहले एडीजी लॉ एंड ऑर्डर केएस अनुपम ने बताया था कि मामले में अब तक तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। दो आरोपियों की उम्र 17 से 18 साल के बीच है। जमुई थाने में बीएनएसएस की धारा 128, 74, 75 और पॉक्सो ऐक्ट की धारा 8 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है, जिसकी निगरानी जमुई एसडीपीओ कर रहे हैं। एडीजी ने बताया था कि वीडियो वायरल करने वालों पर भी कार्रवाई हो रही है।

# 30 दिनों में होगा छात्रों की समस्याओं का समाधान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में मंगलवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं संस्थागत समस्याओं का प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए विद्यार्थियों से सुझाव प्राप्त करना रहा। गौरतलब है कि विद्यार्थियों की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी समाधान तथा सात निश्चय-3 के अधीन सबका सम्मान, जीवन आसान के लक्ष्य को दृष्टिपथ में रखते हुए प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक, छात्रावास एवं संस्थागत समस्याओं तथा सुझावों को उचित स्तर पर रखने का अवसर प्राप्त होगा। प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर निर्धारित प्रक्रिया एवं 30 दिनों के समय-सीमा के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल एवं शिविर के माध्यम से समय पर कक्षाओं का संचालन नहीं होने, प्राध्यापकों एवं शिक्षकों की अनुपस्थिति, परीक्षा के समय पर संचालन, परीक्षाफल के समय पर प्रकाशन, अनधिकृत फीस अथवा शुल्क की वसूली, कक्षाओं में बिजली एवं बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशाला, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई सहित विभिन्न समस्याओं को दर्ज कराया जा सकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने, समझने और उनके समाधान के साथ-साथ उनके सुझावों को प्रशासन तक पहुंचाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार की मंशा है कि विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं एवं सुझावों को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने के लिए एक सशक्त एवं सुगम माध्यम उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को जिला प्रशासन के पदाधिकारी विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनसे सीधे संवाद कर रहे हैं ताकि उनकी वास्तविक समस्याओं को समझा जा सके। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शिनी, सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र भी उपस्थित थे।

## छात्रों को मिले अतिरिक्त कक्ष की सुविधा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मंगलवार को +2 उच्च विद्यालय, चिल्की अंबा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा विद्यालय के संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त वर्ग कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित मानकों के अनुरूप रखते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि विद्यार्थियों को अतिरिक्त कक्ष की सुविधा शीघ्र उपलब्ध हो सके।

# फर्जी आइपीएस बनकर ठगने व डराने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एक बार फिर औरंगाबाद में फर्जी आइपीएस बनकर ठगने व डराने वाले शातिर अपराधी को नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधी की पहचान गया जिले के टेकारी थाना अंतर्गत अकरढ़िवरिया गांव निवासी विकास कुमार (24) के रूप में की गई है। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के जसोईया मोड़ के पास एक व्यक्ति नशे की हालत में अपने आप को प्रशिक्षु आइपीएस बताकर आमजनों को भयभीत कर रहा है। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के क्रम में पकड़े गए युवक ने अपना नाम एवं पता बताया। इसके बाद पुलिस द्वारा पकड़ाए युवक के गृह जिला के संबंधित थाना (टेकारी, गयाजी) के थानाध्यक्ष से संपर्क कर सत्यापन कराया गया। सत्यापन में स्पष्ट हुआ कि यह युवक कोई आइपीएस अधिकारी नहीं बल्कि शातिर जालसाज है और यह पूर्व में भी अपने-आप को पटना एसएसपी राजीव कुमार मिश्रा बताकर ट्रेन को बम से उड़ा देने की सूचना जहानाबाद रेल थाना को दिया था। इस संबंध में इसके विरूद्ध जहानाबाद रेल थाना काण्ड संख्या-56/23 दर्ज किया गया था तथा गयाजी के मुफस्सिल थानान्तर्गत एक व्यक्ति को अपने-आप को डीएसपी का धौंस दिखाकर उनसे पैसे की फर्जीवाड़ा किया था। इस संबंध में भी गयाजी मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या-664/26 दर्ज है। इसके बाद नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। प्राप्त सूचना अनुसार गिरफ्तार युवक ने अपने आपको प्रशिक्षु आईपीएस बताते हुए जेल अधीक्षक सासाराम के मोबाइल पर फोन कर धमकाया था। इसके अलावा उसके द्वारा अपने आपको रोहतास एसपी बताते हुए मोहनीया थानाध्यक्ष को कॉल कर अपने लिए स्कार्ट की मांग की थी।

# विद्युत करंट से छात्रा की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** करमा-धरमा पर्व की तैयारियों के बीच विद्युत करंट से एक छात्रा की मौत हो गई। मामला गोह थाना क्षेत्र के रामपुर से महदीपुर जाने वाली मुख्य सड़क की है। मृतका की पहचान बंदेया थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी जय यादव की 14 वर्षीय पुत्री रूबी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रूबी रामपुर स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती थी। वह मंगलवार को महदीपुर में कोचिंग क्लास करने गई थी। पढ़ाई के बाद वह वापस रामपुर लौट रही थी। इसी क्रम में रास्ते में शौच के लिए सड़क किनारे गई, जहां वह हाई वोल्टेज विघुत तार की चपेट में आकर हादसे की शिकार हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं आसपास मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि रूबी आज करमा-धरमा पूजा को लेकर काफी खुश थी। घर में पूजा की तैयारियां चल रही थीं लेकिन अचानक हुई इस घटना से त्योहार की खुशी मातम में बदल गया। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को मिले अभियान बसेरा का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, घेउरा में आयोजित अभियान बसेरा कैंप का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कैंप में प्राप्त हो रहे आवेदनों, आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता तथा अभियान बसेरा के तहत की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि अभियान बसेरा के तहत सभी पंचायत सरकार भवनों में आयोजित किए जा रहे कैंपों में आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिन नागरिकों को ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाई हो रही है उनसे ऑफलाइन आवेदन भी प्राप्त किया जाए तथा उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि पात्र व्यक्ति इस अवसर का लाभ उठा सकें। कैंप में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार सत्यापन एवं निष्पादन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभुकों को अभियान के अंतर्गत निर्धारित लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान बसेरा का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचकर उन्हें आवासीय सुविधा से संबंधित आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। पंचायत सरकार भवनों में आयोजित कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को अपने ही पंचायत स्तर पर आवेदन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की सुविधा मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि अभियान बसेरा के तहत राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बिहार भूमि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करे। साथ ही आयोजित किए जा रहे कैंपों में अपने संबंधित पंचायत सरकार भवन में पहुंचकर ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर कैंप में उपस्थित कर्मियों से आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

## विशेष अभियान के तहत 29 लोग भेजे गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 29 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। 317.50 लीटर देसी शराब, 12 लीटर विदेशी, एक कार, एक ट्रैक्टर एवं 85 सीएसटी बालू जब्त किया गया है।

# 15 साल बाद तीन अभियुक्त दोषी करार, मारपीट व हत्या प्रयास का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने मुफस्सिल थाना में दर्ज एक मामले में निर्णय पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि फ़ेसर थाना क्षेत्र के परसी गांव निवासी अभियुक्त मारछु यादव को भादंवि धारा -307 में और अभियुक्त प्रमोद यादव तथा सुरेश यादव को भादंवि धारा-341, 325 में दोषी करार दिया गया है। सभी को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है। सज़ा की बिंदु पर सुनवाई की 30 सितंबर को की जायेगी। अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई थी। अधिवक्ता ने बताया कि बासेखाप ढिबरा गांव निवासी प्राथमिकी सूचक कामता प्रसाद सिंह ने फ़ेसर थाना में 28 नवंबर 2011 को अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 26 नवंबर 2011 को शाम सात बजे ट्रैक्टर चालक चतरा गांव निवासी सत्यनारायण यादव ने फोन कर बताया कि अभियुक्तों ने मेरा ट्रैक्टर रोक रखा है। जब उक्त स्थल पर परिजनों के साथ पहुंचे तो मुझे, मेरे भाई और मेरे पुत्र सुनील कुमार को लाठी और रॉड से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। आसपास के गांव वालों के जुटने पर अभियुक्त भाग निकले। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया जहां से मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर किया गया।

# जमुई की घटना के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जमुई में छात्राओं के साथ हुई कथित दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में मंगलवार को औरंगाबाद में कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया गया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता समाहरणालय से चलकर रमेश चौक पहुंचे और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह ने कहा कि छात्राओं के साथ ऐसी हैवानियत करने वालों को कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से इस्तीफ़े की मांग की। उन्होंने कहा कि जमुई की हैवानियत बिहार में ध्वस्त लॉ एंड ऑर्डर की गवाही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में कानून-व्यवस्था को लेकर दिये गये बयान के आलोक में अब उन्हें अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बिहार को शर्मशार करने वाली घटना है। देश और दुनिया में बिहार का सिर नीचा हुआ है। जहां रोज हम महिलाओं के सशक्तीकरण की बात करते हैं वहां आज महिलाओं के साथ, युवतियों के साथ, लड़कियों के साथ रोज छेड़खानी हो रही है। रेप हो रहा है। सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। उन्होंने जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग छिटपुट घटना बता रहे हैं। क्या उनके घर में महिलाओं के साथ ऐसी घटना होगी तो वह उसे छिटपुट बताएंगे। इस मौके महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गायत्री देवी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव, सदर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मृत्युजंय कुमार सिंह, शैलू दूबे, इरफान अंसारी, संजीव सिंह, नागेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, भीम सिंह, धर्मेंद्र पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वडनगर से वाराणसी जाने वाले यात्रियों की विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में प्रस्तावित 'वडनगर से वाराणसी' कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम के प्रस्तावित रूट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तावित यात्रा मार्ग का जायजा लेते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मार्ग में यातायात व्यवस्था, आवागमन की सुगमता, संवेदनशील स्थलों तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि 'वडनगर से वाराणसी' यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यात्रा निर्बाध एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। यातायात के सुचारू संचालन के साथ-साथ विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने रूट के महत्वपूर्ण स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित यातायात एवं विधि-व्यवस्था संबंधी समस्याओं का पूर्वानुमान लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह सहित संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना के तहत 195 लाभार्थी लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 25 हजार लाभार्थियों को अतिरिक्त राज्य वित्तीय सहायता के हस्तांतरण एवं मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा लाभार्थियों को अतिरिक्त राज्य वित्तीय सहायता के हस्तांतरण के साथ-साथ मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। औरंगाबाद जिले में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 195 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। कार्यक्रम के उपरांत जिला स्तर पर उपस्थित लाभार्थियों को अनुदान का प्रमाण-पत्र प्रदान कर योजना के लाभ से आच्छादित किया गया। इस अवसर पर औरंगाबाद जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कुटुंबा विधायक ललन राम एवं रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह सहित संबंधित पदाधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा पात्र नागरिकों से अपील की गई कि वे पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एवं मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाएं तथा अपने घरों पर रूफटॉप सोलर स्थापित कर स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा को अपनाने की दिशा में सहभागी बनें।

# अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति रहें जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित राम लखन सिंह यादव कॉलेज के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम गौरव सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी समस्याओं को उचित माध्यम से दर्ज कराने तथा उपलब्ध ऑनलाइन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। एसडीपीओ आदित्य कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर (डॉ.) विजय रजक ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना कॉलेज की प्राथमिकता है।

# शहर में आज चलेगा सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जाम की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर मंगलवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण तथा जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर एवं यातायात थानाध्यक्ष सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान बताया गया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर का औचक निरीक्षण किया गया है। वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक में अतिक्रमण हटाने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में 23 सितंबर को रमेश चौक, नगर थाना मोड़, पुरानी जीटी रोड, महाराणा प्रताप चौक एवं ब्लॉक मोड़ तक सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

# पिपरा पंचायत के मुखिया को मिला 'श्रेष्ठ मुखिया ऑफ द ईयर-2026' सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रयासों के लिए पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह को 'श्रेष्ठ मुखिया ऑफ द ईयर-2026' सम्मान से सम्मानित किया गया। पटना के होटल ताज में आयोजित ग्राम संसद कार्यक्रम के दौरान उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. सीपी ठाकुर एवं विधान पार्षद संजय मयूख की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह तथा ग्राम संसद की नेशनल ब्रांड एंबेसडर किरण प्रभाकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पिपरा पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और क्षेत्र में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए विजय कुमार सिंह को यह सम्मान दिया गया। सम्मान मिलने पर पंचायत क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल है। विजय कुमार सिंह ने सम्मान के लिए आयोजकों एवं पंचायतवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पिपरा पंचायत की जनता और क्षेत्र के विकास में सहयोग करने वाले सभी लोगों का है। उन्होंने कहा कि आगे भी पंचायत के विकास, जनसुविधाओं और ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह सम्मान पिपरा पंचायत के लिए गौरव का विषय है और इससे क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर नई ऊर्ज़ा और उत्साह का संचार होगा।

# साइबर सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साइबर मंगलवार के अवसर पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज परिसर में साइबर डीएसपी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों, डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साइबर डीएसपी ने विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, अलग-अलग डिजिटल खातों के लिए अलग पासवर्ड रखने तथा अपने मोबाइल एवं सोशल मीडिया खातों की सुरक्षा सेटिंग्स को मजबूत रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वयं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करें। मनोरंजन पाठक द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति सजग एवं सतर्क रहना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी, बैंक खाता संबंधी विवरण अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर निजी तस्वीरें एवं संवेदनशील सामग्री साझा करने से बचें। भ्रामक संदेश, फर्जी कॉल, अनजान लिंक, त्वरित कमाई के झूठे दावे, ऑनलाइन निवेश एवं गेमिंग के नाम पर दिए जाने वाले आकर्षक प्रलोभनों से सतर्क रहें। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनके प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध साइबर गतिविधि का सामना होने पर घबराने के बजाय तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। साथ ही पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साइबर अपराध की घटना के बाद जितनी जल्दी शिकायत दर्ज की जाती है, ठगी गई राशि को रोकने अथवा वापस प्राप्त करने की संभावना उतनी ही बढ़ जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

